Seventeenth Series, Vol. XVI No.7

Tuesday, February 08, 2022
Magha 19, 1943 (Saka)

# LOK SABHA DEBATES

**(Original Version)**

**Eighth Session**
**(Seventeenth Lok Sabha)**

*(Vol. XVI contains Nos.1 to 10 )*

**LOK SABHA SECRETARIAT**
**NEW DELHI**

## ***EDITORIAL BOARD***

Utpal Kumar Singh

**Secretary-General**

**Lok Sabha**

Suman Arora

**Joint Secretary**

Mahavir Singh

**Director**

Narad Prasad Kimothi

Sunita Arora

**Joint Director**

Sunita Thapliyal

**Editor**



**© 2022 Lok Sabha Secretariat**

None of the material may be copied, reproduced, distributed, republished, downloaded, displayed, posted or transmitted in any form or by any means, including but not limited to, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of Lok Sabha Secretariat. However, the material can be displayed, copied, distributed and downloaded for personal, non-commercial use only, provided the material is not modified and all copyright and other proprietary notices contained in the material are retained.

# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. XVI, Eighth Session, 2022/1943 (Saka)**
**No. 07, Tuesday, February 08, 2022/Magha 19,1943 (Saka)**


| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 81 to 87 | 11-39 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 88 to 100 | 40-189 |
| Unstarred Question Nos. 921 to 1150 | 190-837 |


*The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**FELICITATION BY THE SPEAKER** 838

Congratulation to Under–19 Indian Cricket
Team for winning ICC under 19 Cricket World Cup

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 840-867

**COMMITTEE ON SUBORDINATE LEGISLATION**

15th to 18th Reports 868-869

**STANDING COMMITTEE ON RAILWAYS**

10th Report 869

**STANDING COMMITTEE ON RURAL DEVELOPMENT AND PANCHAYATI RAJ**

20th Reports 870

**STANDING COMMITTEE ON INDUSTRY**

313th to 314th Reports 870

**STATEMENTS BY MINISTERS** 871-872

(i) Status of implementation of the recommendations contained in the 13th Report of the Standing Committee on Rural Development and Panchayati Raj on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Department of Rural Development, Ministry of Rural Development

**Shri Faggansingh Kulaste** 871

(ii) Status of implementation of the recommendations contained in the 27th Report of the Standing Committee on Agriculture, Animal Husbandry and Food Processing on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Department of Fisheries, Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying

**Dr. L. Murugan** 872

**MOTIONS FOR ELECTION TO COMMITTEES** 873-879

(i) Committee on Estimates 873

(ii) Committee on Public Accounts 874-875

(iii) Committee on Public Undertakings 876

(iv) Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes 878

**MATTERS UNDER RULE 377** 883-908

(i) Regarding implementation of Har Ghar Nal Scheme in Chhattisgarh
**Shri Sunil Kumar Soni** 883

(ii) Regarding development of Ambala in Haryana
**Shri Rattan Lal Kataria** 884

(iii) Regarding restoring services of Trains
**Shri Bidyut Baran Mahato** 885

(iv) Need to remove the condition of BPL category for granting pension to old age people and widows
**Shri Ganesh Singh** 886

(v) Regarding restoration of water channels feeding agriculture lands in Pataliputra Parliamentary Constituency, Bihar
**Shri Ram Kripal Yadav** 887

(vi) Need to set up a Medical College and Hospital in Sheohar district, Bihar
**Shrimati Rama Devi** 888

(vii) Regarding smooth and unhindered implementation of development works in villages by Panchayati Raj Institutions

**Shri Subhash Chandra Baheria** 889

(viii) Need to expand the warehousing facilities for storage of paddy and wheat in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar

**Shri Sushil Kumar Singh** 890

(ix) Regarding alleged irregularities in disbursement of ration under PM Garib Kalyan Anna Yojana in Chhattisgarh

**Shri Chunnilal Sahu** 891

(x) Regarding progress of railway projects in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat

**Shri Naranbhai Kachhadiya** 892

(xi) Need to start operation of Coach Factory in Latur, Maharashtra

**Shri Sudhakar Tukaram Shrangare** 893

(xii) Regarding setting up of a Kendriya Vidyalaya in Nandubar District

**Dr. Heena Vijaykumar Gavit** 894

(xiii) Regarding construction of National Highways in Himachal Pradesh

**Shri Suresh Kashyap** 895

(xiv) Need to provide better railway connectivity to Jalore Parliamentary Constituency, Rajasthan

**Shri Devaji Patel** 896

(xv) Regarding reopening of mills operating under NTC

**Shri K. Muraleedharan** 897

(xvi) Regarding drop out in higher education

**Kumari Ramya Haridas** 898

(xvii) Regarding age and attempt relaxation for UPSC aspirants

**Shri Sridhar Kotagiri** 899

(xviii) Regarding privatization of LIC

**Prof. Sougata Ray** 900

(xix) Regarding approval to the proposal for rejuvenation of Pabna and Ulhas rivers in Maharashtra

**Shri Shrirang Appa Barne** 901

(xx) Regarding development of passenger facilities at Thawe railway junction in Gopalganj district, Bihar

**Dr. Alok Kumar Suman** 902

(xxi) Regarding construction of bridges on River Rapti in Uttar Pradesh

**Shri Ramshiromani Verma** 903

(xxii) Regarding lack of Immigration and Plant quarantine facilities at Kollam Port

**Shri N.K. Premachandran** 904

(xxiii) Regarding alleged flouting of environment norms by a company engaged in production of iron and steel products

**Shri Hanuman Beniwal** 905

(xxiv) Need to waive import duty on medicines for rare genetic diseases

**Shri Vishnu Datt Sharma** 906-907

(xxv) Regarding toilet facilities for women bankers

**Shri S. Venkatesan** 908

**UNION BUDGET – 2022-2023- GENERAL DISCUSSION** 909-1151

Shri Dhairyasheel Sambhajirao Mane 909-915

Shri Lavu Srikrishna Devarayalu 916-924

Shrimati Aparupa Poddar 925-927

Shri V. K. Sreekandan 928-934

Shri S.R. Parthiban 935-938

Shri Sudhakar Tukaram Shrangare 939-947

Shrimati Sharda Anil Patel 948-951

Shri P.R. Natarajan 952-954

Shri Dinesh Chandra Yadav 955-959

Shri Bhartruhari Mahtab 960-969

| | |
|---|---|
| Shri Vishnu Dayal Ram | 970-978 |
| Shri Ramshiromani Verma | 979-982 |
| Dr. G. Ranjith Reddy | 983-989 |
| Shri Sunil Dattatray Tatkare | 990-993 |
| Shri Gajanan Kirtikar | 994-997 |
| Shrimati Gitaben V. Rathva | 998-1001 |
| Shri B.B. Patil | 1002-1010 |
| Dr. K. Jayakumar | 1011-1016 |
| Shri Jayant Sinha | 1017-1026 |
| Dr. Shrikant Eknath Shinde | 1027-1029 |
| Dr. M. P. Abdussamad Samadani | 1030-1034 |
| Adv. A. M. Ariff | 1035-1039 |
| Dr. Amol Ramsing Kolhe | 1040-1045 |
| Shri Syed Imtiaz Jaleel | 1046-1050 |
| Shri K. Muraleedharan | 1051-1053 |
| Shri N.K. Premachandran | 1054-1060 |
| Shrimati Riti Pathak | 1061-1064 |
| Shri Sushil Kumar Singh | 1065-1074 |
| Shri Kalyan Banerjee | 1075-1082 |
| Shri Arvind Sawant | 1083-1091 |
| Shri Kesineni Srinivas | 1093-1097 |
| Shri Ganesh Singh | 1098-1101 |
| Shri Dulal Chandra Goswami | 1102-1105 |

| | |
|---|---|
| Shri Shyam Singh Yadav | 1106-1109 |
| Shri D.K. Suresh | 1110-1113 |
| Shrimati Navneet Ravi Rana | 1114-1118 |
| Shri Thomas Chazhikadan | 1119-1123 |
| Shri P. Ravindhranath | 1124-1127 |
| Shri Jagdambika Pal | 1128-1138 |
| Kunwar Danish Ali | 1139-1144 |
| Shri Mansukhbhai Dhanjibhai Vasava | 1145-1148 |
| Shri Anto Antony | 1149-1151 |

**[*]ANNEXURE – I**

| | |
|---|---|
| Member-wise Index to Starred Questions | 1043 |
| Member-wise Index to Unstarred Questions | 1044-1050 |

***ANNEXURE – II**

| | |
|---|---|
| Ministry-wise Index to Starred Questions | 1051 |
| Ministry-wise Index to Unstarred Questions | 1052 |

[*] Available in Master copy of Debate, placed in Library.

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shri Utpal Kumar Singh

# LOK SABHA DEBATES

---

---

LOK SABHA

----------

Tuesday, February 08, 2022/Magha 19,1943 (Saka)

The Lok Sabha met at Sixteen of the Clock.

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

**माननीय अध्यक्ष:** अब प्रश्न काल, प्रश्न संख्या 81,

श्री संजीव कुमार शिंगरी – उपस्थित नहीं।

श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी।

**(Q. 81)**

**SHRI MAGUNTA SREENIVASULU REDDY** : Sir, after the COVID-19 pandemic throughout the world, the demand for electric vehicles has gone up. People are not interested in using public transport. So, the Government is also encouraging electric vehicle manufacturers by giving them a lot of facilities. The consumers are also getting benefited out of it. Actually, the total number of sanctioned charging stations are 4973 as per the hon. Minister's Answer. In his reply, the hon. Minister has stated that out of these 4973 sanctioned charging stations, only 475 charging stations have been installed which is merely 10 per cent of the sanctioned charging stations. So, there is very much of anxiety among the users regarding the charging infrastructure, especially in the rural areas. Now, people are buying left, right and centre two-wheeler and four-wheeler electric vehicles. If the charging stations are not installed properly, it will create a very big problem for the consumers.

Through you, I would request the hon. Minister to inform us about the steps that the Government of India is taking to accelerate the installation of charging stations.

**श्री कृष्ण पाल**: माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सम्माननीय सदस्य और सम्मानित सदन को अवगत कराना चाहता हूँ कि पहली बात तो यह है कि यह अवधारणा ही गलत है कि सरकार ही चार्जिंग स्टेशंस लगाएगी । दुनिया के देशों में, जैसे यूरोप और अमेरिका में, जहाँ इलैक्ट्रिक गाड़ियाँ पॉपुलर हैं, वहाँ पर इन गाड़ियों को बनाने वाली कम्पनियाँ ही चार्जिंग स्टेशंस भी लगाती हैं। लेकिन फिर भी, आदरणीय मोदी जी की सरकार में हमारा विभाग इसके लिए योजना लाया। इसके लिए 10 हजार करोड़ रुपए की फेम-2 योजना लायी गई, जिसमें से एक हजार करोड़ रुपए चार्जिंग स्टेशंस को सब्सिडी देने के लिए अलग से मंजूर किए गए हैं।

माननीय सदस्य ने बिल्कुल ठीक कहा, लेकिन चार्जिंग स्टेशंस लगाने में सबसे बड़ी समस्या जमीन की है। जमीन की समस्या का समाधान करने के लिए भारत की जो पेट्रोलियम कम्पनियाँ हैं, उनसे हमारी बातचीत हुई है और बातचीत जारी है, पूरे देश में उनके 22 हजार आउटलेट्स हैं और अब तक इस तरह के 1536 सब-स्टेशंस अलग से लग चुके हैं। उनसे बातचीत जारी है और इससे इस समस्या का समाधान हो जाएगा। जैसे-जैसे गाड़ियों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे सरकार पूरी तरह से तैयार है, ऑयल कम्पनियों से बातचीत कर ली गई है और तेजी से उसका सर्वे चल रहा है। आने वाले समय में यह समस्या नहीं रहेगी।

**श्री विनायक भाउराव राऊत :** माननीय अध्यक्ष महोदय, इलैक्ट्रिकल व्हीकल्स की आज जरूरत है। मैं केन्द्र सरकार की सराहना करूँगा कि एक अच्छी जरूरत को पूरा करने का वह प्रयास कर रही है।

मैं आपके माध्यम से यह पूछना चाहता हूँ कि काफी संख्या में चार्जिंग स्टेशंस लगाने का काम चल रहा है, लेकिन पूरे देश में जिस कम्पनी के माध्यम से इलैक्ट्रिकल व्हीकल्स तैयार करने की कोशिश की जा रही है, सबसे ज्यादा इलैक्ट्रिकल व्हीकल्स टेस्ला कम्पनी द्वारा बनाए जाते हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** आप जो पूछ रहे हैं, इसी का प्रश्न आगे है।

**श्री विनायक भाउराव राऊत :** तो क्या मैं बाद में पूछूँ?

**माननीय अध्यक्ष :** आप अभी पूछ लीजिए।

**श्री विनायक भाउराव राऊत :** ठीक है, धन्यवाद।

टेस्ला कम्पनी ने भारत के कई राज्यों में मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट बनाने की तैयार की है, इसलिए उसने टैक्सेशन में कुछ सहूलियतें मांगी हैं। क्या केन्द्र सरकार टेस्ला जैसी कम्पनी के सहयोग से भारत में काफी संख्या में इलैक्ट्रिकल व्हीकल्स बनाने की कोशिश कर रही है और उसकी जो मांग है, उसके लिए केन्द्र सरकार का रवैया क्या है?

**श्री कृष्ण पाल :** माननीय अध्यक्ष महोदय, यह सवाल इस सवाल से संबंधित नहीं है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप पीएलआई स्कीम के बारे में बता दो न।

**श्री कृष्ण पाल :** लेकिन माननीय सुरेश जी का वह सवाल लगा हुआ है। यदि आप कहें, तो मैं उनको सवाल का जवाब दे दूँ।

**माननीय अध्यक्ष :** आप जवाब दे दें।

**श्री कृष्ण पाल :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो बात की है, मैं सम्मानित सदस्य को उसके बारे में अवगत कराना चाहता हूँ कि उन्होंने टेस्ला कम्पनी की बात की। इसके लिए हमारी सरकार फेम-2, पीएलआई-ऑटो, पीएलआई एसीसी एडवांस टेक्नोलॉजी स्कीम्स लेकर आई है। चाहे देसी कम्पनी हो या विदेशी कम्पनी हो, सभी को उसमें अप्लाई करने का अधिकार है। लेकिन इन्होंने जिस कम्पनी का जिक्र किया है, उस कम्पनी ने आज तक हमारी इन स्कीम्स में अप्लाई नहीं किया है। मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि मोदी जी की सरकार में यह नहीं हो सकता कि रोजगार चीन को मिले और मार्केट भारत की हो। मोदी सरकार की नीति है कि अगर मार्केट भारत की है, तो रोजगार भी भारत के लोगों को ही मिलेगा। इसलिए वे आएं, यहाँ पर यूनिट्स स्थापित करें।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न संख्या 82,

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे।

**(Q. 82)**

**श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी, दोनों को शुक्रिया अदा करती हूँ कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना को एक नई गति दी और इस बजट के माध्यम से 80 लाख परिवारों को नए घर देने का प्रावधान किया है।

वर्ष 2018 में सरकार ने आदेश दिया कि सभी गांवों में ग्राम सभा के माध्यम से वंचित परिवारों की एक सूची बनाई जाए, जिसे महाराष्ट्र में डयादी कहते हैं, उसके बाद एजेंसियों के माध्यम से लाभार्थियों की सूची जारी की गई।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहती हूँ कि पात्र लाभार्थियों की जो सूची बनाई गई है, वह किस आधार पर बनाई गई है? उसके निकष क्या थे और क्या इन एजेंसियों को निकष तय करके सरकार ने दिए थे? मैं यह जानना चाहती हूँ।

**श्री फग्गन सिंह कुलस्ते** : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या ने बहुत ही अच्छा प्रश्न किया है कि सर्वे का मापदण्ड क्या है।

हमने जो सर्वे कराया है और जो मापदण्ड हैं, एसईसीसी द्वारा जो वर्ष 2011 का डाटा सर्वे हुआ है, उस आधार पर एक रूम वाले, दो रूम वाले और कच्चे घर को मिलाकर यानी कुल मिलाकर 4.3 करोड़ परिवार चिह्नित हुए। 4.3 करोड़ परिवारों को चिह्नित करने के बाद राज्यों को भौतिक सत्यापन के लिए सूची भेजी गई। भौतिक सत्यापन के बाद जो आंकड़े निकलकर आए हैं, वे 2 करोड़ 95 लाख हैं। इसी आधार पर इन 2 करोड़ 95 लाख परिवारों को हम आवास देने की व्यवस्था कर रहे हैं। सभी राज्यों के लिए अलग-अलग एलोकेशंस हैं, उसे हमने किया है।

**श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे :** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने अभी जो जवाब दिया, मैं उसके बारे में दूसरा सवाल पूछना चाहती हूं। माननीय मंत्री जी ने बताया कि हर राज्य में सर्वे के अनुसार आबादी का डिक्लेरेशन हुआ है। लेकिन ऐसे कई परिवार हैं, जिनको इस योजना

की जरूरत है। इस सूची में उन परिवारों के नाम नहीं आए हैं। क्या सरकार इन वंचित परिवारों को घर देने के लिए कुछ प्रावधान करने वाली है?

**ग्रामीण विकास मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री गिरिराज सिंह) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्या को बताना चाहूंगा, जैसा कि माननीय मंत्री जी ने भी बताया है, 4.3 करोड़ घरों का आंकड़ा सोशियो इकोनॉमिक कॉस्ट सेंसेस से आया। जब राज्यों को इसे दिया गया, तो उन्होंने 2.95 करोड़ दिया, लेकिन जब इसे फिर उनके पास भेजा गया, तो उन्होंने पात्र-अपात्र करके 2 करोड़ 15 लाख का आंकड़ा हमें दिया।

अत: जो 2.95 करोड़ का आंकड़ा पहले दिया था, भारत सरकार ने कैबिनेट में यह लक्ष्य निर्धारित कर दिया। बाद में जब फिर राज्यों को भेजा, तो राज्यों ने उसमें से 80 लाख रिजेक्ट कर दिए कि ये लोग अपात्र हैं या इन्हें घर मिल गए हैं। ये 80 लाख घर आवास प्लस के रूप में आएं और पूरे देश में एक कमेटी बनी। राज्यों के साथ मिलकर उसका पैरामीटर फिक्स किया गया और उसी पैरामीटर के आधार पर यह आबंटन हुआ।

**DR. M.K. VISHNU PRASAD :** Thank you, hon. Speaker, Sir.

The Awas Yojana has been there since Indira Gandhi's period. Earlier, it was known as Indira Awas Yojana.

I really appreciate the Government's efforts in providing houses to everyone. But there are two loopholes. The money paid by the Government will not be through the beneficiary's account but it can go through any account.

The second loophole is this. Under the Indira Awas Yojana, the houses that were built 20 years back have been whitewashed and photographed without the geo-positioning system.

So, these two loopholes are there in the system. Is the Government aware of these loopholes? I would also like to know whether the Government has taken any step to rectify these loopholes and to eradicate these problems so that the deserving beneficiaries will get houses. Will the Government reconsider its plan in allotting the houses to the beneficiaries?

**श्री गिरिराज सिंह** : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य का सम्मान करता हूं, लेकिन उन्होंने जो कहा, मैं उसके बारे में सदन के सामने कहना चाहता हूं। वर्ष 1985 से वर्ष 2015 तक, 30 वर्षों की लंबी अवधि में 4.09 करोड़ आवास के लक्ष्य में मात्र 3 करोड़ 26 लाख आवास पूर्ण हुए। 74 लाख इंदिरा आवास माननीय मोदी जी के नेतृत्व के हमने पूर्ण किए। केवल 3 करोड़ 26 लाख आवास 30 वर्षों में बने, वहीं मोदी जी के कार्यकाल में आज की तारीख में हमने 2 करोड़ 74 लाख आवास बना दिए हैं। अब अकाउंट में पैसे जाते हैं। पहले लीपापोती होती थी, अब लीपापोती का जमाना चला गया है।

**SHRI BHARTRUHARI MAHTAB:** Hon. Speaker, Sir, at the outset, I would like to thank the hon. Minister. The hon. Members from our State have met him in the last two-three months and tried to explain our problems. Last December, the hon. Chief Minister of Odisha, Shri Naveen Patnaik had written a letter to the hon. Prime Minister expressing his gratitude for sanctioning 8.17 lakh Pradhan Mantri Awas Yojana houses.

The crux of the problem -- which the hon. Minister has just now mentioned -- is that certain number of families identified under a scheme in the year 2011 were found wanting subsequently and the respective State Governments have also confirmed it. But the problem is that there are left-out

houses. The basic question which Madam had asked was related to the left-out houses.

In our State, our problem is that, at least, in sixteen districts of Odisha, like KBK districts and other backward districts, one cannot enter through the electronic media. That is why, that number has not come. So, repeated requests have been made to the Government in this regard and a question has been raised whether the Government is going to allow the window to open -- as it has allowed Karnataka to open a window -- so that they can enter through the electronic media. This a genuine problem.

I would like to know whether the Government is going to allow that window to open so that the left-out beneficiaries will be included in the PMAY scheme.

**श्री गिरिराज सिंह** : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य इस सदन के बहुत गंभीर और वरिष्ठ सदस्य हैं। ये हमारे पास आए थे और लम्बी वार्ता करके सारी स्थिति बताई। आज सदन में यह विषय आया है, इसलिए मैं आपसे अनुमति मांगता हूं कि मैं डिटेल में लिखकर बता दूं।

**माननीय अध्यक्ष** : नहीं। आपसे सप्लीमेंट्री सवाल करने वाले 22 सदस्य हैं। आप इस प्रश्न का उत्तर दे दीजिए। यदि सभी सदस्य प्रश्न पूछेंगे तो प्रश्न काल का सारा समय इसी विषय में निकल जाएगा।

**श्री गिरिराज सिंह :** अध्यक्ष जी, मैं आपसे इतना जरूर कहना चाहता हूं कि 31.03.2018 को प्रारम्भिक समय सीमा के साथ अतिरिक्त छूटे हुए परिवारों की पहचान के लिए आवास प्लस सर्वे किया गया। जो परिवार सोशियो इकोनॉमिक कास्ट सेंसस 2011 में शामिल नहीं थे, इसकी समय-सीमा को चार बार बढ़ाया गया। मैं ओडिशा के संबंध में कह रहा हूं।

**माननीय अध्यक्ष** : मंत्री जी, आप आधे घंटे की चर्चा लिख दें। मैं 11 तारीख को इसकी चर्चा का समय रखूंगा। आप शार्ट में उत्तर दे दीजिए।

**श्री गिरिराज सिंह** : अध्यक्ष जी, जैसा आपका आदेश । 30.06.2018, 30.09.2018, 31.11.2018 और अंत में 07.03.2019 से चार बार समय बढ़ाया गया। एक वर्ष का समय देने के बाद भी ओडिशा राज्य ने उक्त सर्वे में उचित रूप से भाग नहीं लिया। आवास प्लस के अभी भी इनके पास 8.17 आवास अलॉटेड हैं, जिन्हें इन्होंने अलॉट नहीं किया है।

**माननीय अध्यक्ष** : जिन माननीय सदस्यों का नाम इस विषय पर लिस्ट में दिया गया है, उन्हें मैं 11 तारीख को बोलने का मौका दूंगा।

**माननीय अध्यक्ष** : श्री विजय बघेल – उपस्थित नहीं।

श्री अरुण साव - उपस्थित नहीं।

प्रो. सौगत राय

**(Q. 83)**

**प्रो. सौगत राय :** अध्यक्ष जी, मैं इस विषय पर बोलना नहीं चाहता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** आप बिना काम के बहुत बोलते हो, लेकिन जब प्रश्न होता है, तो बोलते नहीं हैं।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं आपको जब बोलने का मौका देता हूं, आप बोलते नहीं हैं। जब बोलने का मौका नहीं देता हूं, तो बीच में डिस्टर्बेंस करते हो।

श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ।

**SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH :** Thank you Sir for giving me this opportunity.

Hon. Minister has given an elaborate reply. I would like to ask the hon. Minister, a Supplementary Question.

Sir, the administrative and financial control of multi-State cooperative societies is with the Central registrar, with the law making it clear that no State Government official can wield any control on them. There are no officers or offices at the State level, and most of the work is being carried out either online or through correspondence, due to which the grievance redressal mechanism has become very poor.

While the system for State-registered societies includes checks and balances at multiple layers to ensure transparency in the process, these layers do not exist in the case of multi-state societies. Instead, the board of directors control all finances and administration. Has the Minister taken any step to review the system and strengthen these societies?

**श्री बी. एल. वर्मा** : अध्यक्ष जी, मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज विषय केंद्र सरकार से संबंधित है। इसमें राज्यों से अनुरोध किया है कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या होती है, उसके लिए वे सुझाव दे सकते हैं। इसके लिए चूंकि मंत्रालय का गठन किया गया है, इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज की जितनी भी समस्याएं आती हैं, उनके लिए हम काम करते हैं और जो भी शिकायतें आती हैं, उनका निवारण भी हम करते हैं।

**श्री देवजी पटेल**: धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। राजस्थान सहित पूरे भारत में आदर्श को-ऑपरेटिव ने कई लोगों का पैसा जमा करके उनको वापस नहीं दिया। आदर्श को-ऑपरेटिव के सारे डायरेक्टर्स वगैरह जेल में हैं, लेकिन एक समस्या यह उत्पन्न हो गई है कि उसकी जो सम्पत्ति थी, उस सारी संपत्ति को अलग-अलग डिपार्टमेंट्स ने फ्रीज कर दिया। लिक्विडेटर्स नियुक्त किये गए हैं, लेकिन लिक्विडेटर्स कोई काम नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि उनके पास कोई प्रॉपर्टी नहीं है। मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि क्या सभी विभागों को बिठाकर तथा मंत्री समूह बनाकर आदर्श को-ऑपरेटिव द्वारा सताए हुए जो लोग हैं, उन लोगों को राहत देने के लिए कोई विषय चलाया जाएगा?

**श्री बी. एल. वर्मा**: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बहुत ही गंभीर और अच्छा प्रश्न किया है।

**माननीय अध्यक्ष**: ऐसी कई मल्टी स्टेट्स को-ऑपरेटिव सोसायटीज हैं, जो लोगों का पैसा लेकर उनको वापस नहीं कर रही हैं। इस हेतु विशेष रूप से संज्ञान लेकर जमाकर्ताओं को उनका पैसा कैसे वापस मिल सकता है, इस पर आवश्यक कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

**श्री बी.एल.वर्मा**: महोदय, इसमें चार सोसायटीज हैं, जिनमें सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी, सहारयन यूनिवर्सल मल्टी पर्पज सोसायटी, स्टार्स मल्टी पर्पज को-ऑपरेटिव और हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटीज हैं। इन चारों में हमारे सीआरसीएस ने छः बार

सुनवाई की है और छः बार सुनवाई करके उनको हिदायत देने का काम किया था तथा आवश्यक निर्णय भी लिए थे।

**श्री देवजी पटेल** : महोदय, आपने आदर्श सोसायटी के बारे में नहीं बताया।

**श्री बी.एल.वर्मा**: महोदय, मैं आदर्श सोसायटी के बारे में भी बता रहा हूं। वह भी इसी में है।

**माननीय अध्यक्ष**: जी, आपने सभी के बारे में बता दिया है।

**श्री बी.एल.वर्मा**: महोदय, हमने इन सोसायटियों के प्रति छः व्यक्तिगत सुनवाई कीं और उसके बाद जमाकर्ताओं को हमने देय राशि के भुगतान की बात कही थी । इसके साथ ही साथ, चारों सोसायटीज को मिलाकर इसमें हमारे लगभग 9.88 करोड़ मेंबर्स हैं, जिनका कुल 86 हजार 673 करोड़ रुपया आया है। एम्बी वैली लिमिटेड में 62 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि लगाई गई है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हमने उस समय नई जमा राशि को लेने से प्रतिबंधित किया था। इसके साथ ही दिनांक 18.08.2020 को गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय एसएफआईओ से कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत एम्बी वैली लिमिटेड और सहारा समूह के अन्य उद्यमों के मामलों की जांच करने का अनुरोध किया गया था । इसमें इन समितियों ने अपने सदस्यों, निवेशकों से प्राप्त……

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय मंत्री जी, आपने चारों के बारे में एक जनरल बात बोल दी है। बस ठीक है।

**श्री बी.एल.वर्मा**: महोदय, इसमें हमारी तीन सोसायटियों के लिए दिल्ली हाई कोर्ट ने स्टे दिया हुआ है ओर तेलंगाना ने भी इसके लिए दिया हुआ है। उसके लिए भी हम अपील में गए हैं ताकि हम उनसे कैसे स्टे वैकेट कराएं, जिससे हम जमाकर्ताओं को पैसा दे सकें।

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न संख्या 84, श्री मलूक नागर।

**(Q. 84)**

**श्री मलूक नागर** : सर, मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि फ्रिक्वेंसीज, जिनसे दूरदर्शन और आकाशवाणी चलते हैं, उन फ्रिक्वेंसीज को उन गांव-देहातों में, जो काफी अंदर तक हैं, जिस कारण वहां टीवी, रेडियो नहीं चल पाते हैं, वहां तक फ्रिक्वेंसीज पहुंचाने के लिए सरकार क्या कर रही है**?**

वर्ष-2014 से दिसम्बर, 2021 तक बताया गया है कि 2,379 करोड़ रुपये इस हेतु लगाए गए हैं, वह कितना एलोकेट हुआ था और उसमें से कितना लगाया गया है**?** इसके अलावा दूसरा, आजकल स्मार्ट फोन पर सभी लोग कोई भी लाइव टेलीविजन शो देख सकते हैं, तो क्या सरकार की कोई ऐसी योजना है, जो हमारे दूरदर्शन और रेडियो को स्मार्टफोन पर दिखा सकें, ताकि जिसके माध्यम से गांव-देहातों तथा गरीब जगहों, जहां किसी भी कीमत पर रेडियो ओर टीवी की फ्रीक्वेंसीज जाने में दिक्कत है, वहां यह सुविधा मिले**?**

**DR. L. MURUGAN :** Hon. Speaker, Sir, I want to convey through you to the hon. Member that Prasar Bharati is a public broadcaster. We are concerned about our broadcast network in hard areas. We have our telecasting network from Kashmir to Kanyakumari and to Lakshadweep. Programmes of Akashvani and All India Radio are also being broadcast in those areas. Even in border areas like Arunachal Pradesh to Thor desert we have our telecasting network.

Also, we are telecasting important programmes of the nation like the Independence Day Programme and the Republic Day Parade. … (*Interruptions*) I am coming to the point. These are telecast throughout the nation. The coverage of Doordarshan channels and All India Radio is 100 per cent. The respected Member asked about allocation of funds. We have two schemes.… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष** : ठीक है, माननीय मंत्री जी ने उत्तर बता दिया है। दूरदर्शन को भी आप देख सकते हैं।

… (व्यवधान)

**DR. L. MURUGAN:** We have Broadcasting Infrastructure and Network Development Scheme. As regards this Scheme, the vision of our hon. Prime Minister is modernisation of Doordarshan and All India Radio and digitalisation also.… (*Interruptions*) I am coming to your point. You have asked about upgradation of technology. The hon. Member's expectation is regarding mobile phones. We have NewsonAIR in Akash Vani. In this NewsonAIR, we can hear news about the whole country anywhere in the world. The coverage is not only in our country but also anywhere in the world.

We are also having our programmes in YouTube. Doordarshan Kendras are having programmes on YouTube. We have NewsonAIR in YouTube. We have programmes on Twitter and Facebook.… (*Interruptions*)

**श्री मलूक नागर :** सर, बिल्कुल सीधी-सी बात है कि टेलीफोन पर आप दिखाएंगे या नहीं और जो फ्रिक्वेंसी जिन गांवों-देहातों तक जा रही है, वहां आप करेंगे या नहीं?

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी, हां या ना?

**DR. L. MURUGAN:** Sir, we have already upgraded our programmes. Already, NewsonAIR is there. It is there on the YouTube also. We can watch it on YouTube from anywhere.

**माननीय अध्यक्ष :** तो आप यह बोलिए कि हां, हम दिखाएंगे।

**DR. L. MURUGAN:** Sir, the Member can even open his mobile now itself and watch the NewsonAIR. We have the facility and have implemented it already.

**श्री अरविंद सावंत :** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । उनका सवाल अलग था, लेकिन मंत्री जी ने जवाब अलग दिया । यह केवल न्यूज की बात नहीं है । जैसे सारे कॉमर्शियल चैनल्स आते हैं, उसी तरह से यह आएगा या नहीं? आपने अपग्रेडेशन की बात कही । आप मुंबई में आइए, मैं पिछले 7 वर्षों से अपग्रेडेशन देख रहा हूं । अपने स्टूडियो अभी भी अपग्रेड नहीं हुए हैं और वहां पर जो कर्मचारी काम करते हैं, खासतौर पर चैनल पर जो सीरीज दिखाते हैं, उसमें काम करने वाले कलाकारों को आज भी न्याय नहीं मिला है । आदरणीय स्मृति इरानी जी जब मंत्री थीं, तभी से इस विषय को लेकर हम खड़े हैं । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि क्या आपको जानकारी है कि आजकल वे हिंदी या किसी भी लोकल लैंग्वेज में नहीं बताते हैं । वे डब करके बताते हैं । कोई दूसरा सीरियल हो, तो वे मराठी में डब करके बताएंगे ताकि कलाकार ही नहीं आएं । कलाकार को भी प्रोत्साहन देने की जब बात आती है, तो हम अपेक्षा करते हैं । वहां के कलाकारों की समस्या पर भी ध्यान दीजिए और जल्दी से जल्दी कॉमर्शियलाइजेशन करिए, ताकि आपको पैसा भी मिले और लोग ज्यादा से ज्यादा देखें । इस हेतु कुछ कदम उठाइए । केवल मॉर्डनाइजेशन की बात ही नहीं है, बल्कि कॉमर्शियलाइजेशन की भी बात है । ये दोनों आप करेंगे, ऐसी अपेक्षा करता हूं । कृपया इस बारे में आप सदन को बताएं, धन्यवाद ।

**DR. L. MURUGAN:** Sir, hon. Member has asked a very good question. We have not only upgraded the technology but upgraded the content also. We have upgraded it not only in national channels but also in regional channels. The hon. Member has asked about telecasting the serials in private channels. We are also going to telecast the serials. For example, we are revamping the regional channels. Upgradation of DD Sahyadri is also going on in local Marathi language.

**SHRI DAYANIDHI MARAN** : Sir, I would like to ask the hon. Minister a very clear question. You have been explaining that you are expanding the programmes and content in regional languages.

There have been serious voices raised from Southern part of India, especially regional kendras where the employees are being sent home or are being replaced by employees of North India. The regional employees are not being given place. This is happening everywhere. Are you closing down the regional All India Radio centres and making it centralised? Are you laying off employees?

The Hon. Minister is so passionate about All India Radio. Even now, we are 20 years backward. Digital FM has come throughout the world. Are you taking any concrete steps to bring in digital FM? In digital FM, one carrier has four FM stations.

The Prime Minister is very fond of radio and *maan ki baat* comes on radio. So, you should make more efforts to ensure that a lot of modernisation takes place in this department.

**DR. L. MURUGAN:** Respected Speaker, Sir, hon. Members has experience in this field because he is having his own channel.

Hon. Member has asked a very good question. He has asked three questions. I will give answer one by one. Firstly, we are not closing any of the stations. We are only doing upgradation. Member knows that when cell phone was introduced, we were having big size phones. After some time, small size phones were introduced. Now, we are having digital smart phones. We need

not watch the TV or listen the radio necessarily. Everything is there in our mobile. We are doing only upgradation. We are not closing any of the stations.

The second concern was about the Southern States. Sir, I am from Tamil Nadu. But I am a Member from Madhya Pradesh. We are not neglecting any regional channels or any regional languages, particularly the Member's State. I can tell him in Tamil also. DD Podhigai channel in Tamil is there. {*I want to tell member that for the first time DD Podhigai is being telecast through HD platform.}

I have to convey to the Member that for the first time we have introduced HD in regional channel.

Hon. Member has asked about digital FM. It is a good suggestion. Hon. Member can come at any time to my office. I will discuss this with him.

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न संख्या 85, डॉ. थोल तिरूमावलवन ।

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

**(Q. 85)**

**DR. THOL THIRUMAAVALAVAN :** Sir, I would like to express my sincere thanks to our hon. Minister of Rural Development for his reply to my questions. I need further clarification from our hon. Minister.

The number of workers registered under MGNREGA Scheme is 15.3 crore, and 300.02 crore working days were created last year.

This means that a person is given work for about 20 days only. The purpose of this law is to provide 100 days of work. But not even one per cent in the scheme could get a job for 100 days because the financial allocation for this scheme is very low. There is a cut of Rs. 25,000 crore in this year's budget over the last year's revised estimate, which tantamounts to scrapping the plan.

This scheme was created as a special project that no other country in the world has.

**HON. SPEAKER:** Hon. Member, please sit down. Let the hon. Minister reply.

**DR. THOL THIRUMAAVALAVAN** : The hon. Minister should clarify whether this Government has decided to abandon this project as it was created by the UPA Government.

According to the revised budget estimates, Rs. 98,000 crores were allocated for MNREGA project last year. But the MNREGA site says that the total expenditure of the project is Rs. 92,000 crores of which Rs. 80,000 have been released by the Union Government. Why is this discrepancy there in the figure?

**HON. SPEAKER:** Hon. Member, please be brief.

**DR. THOL THIRUMAAVALAVAN** : When will the balance due for the financial year be released to the State of Tamil Nadu?... (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : मंत्री जी, यहां पर कोई जवाब देने वाला मंत्री है**?**

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : आप बोलिए। मैं माननीय मंत्री जी बोल रहा हूं।

**ग्रामीण विकास मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री गिरिराज सिंह)**: अध्यक्ष महोदय, मैं क्या करूँ, वह पहले बैठ तो जाएं।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : वह नहीं बैठेंगे। आप जवाब दें। मैंने आपको मौका दिया है।

… (व्यवधान)

**श्री गिरिराज सिंह** : अध्यक्ष महोदय, अगर आप मनरेगा को देखेंगे तो वर्ष 2014 में केवल 33 हजार करोड़ रुपये का ही बजट था। उस समय **1** हजार 660 करोड़ श्रम दिवस हुए थे और अभी 2 हजार 98 करोड़ श्रम दिवस हुए हैं। रिलीज की गई केन्द्रीय निधि 2 लाख 13 हजार 320 करोड़ रुपये थी। यह वर्ष 2014 के पहले की सरकार में था, जो इन्होंने आरोप लगाया है। अभी हमने 4 लाख 99 हजार 921 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इनके 153 लाख कार्य पूर्ण हुए थे और अभी हमने 529 लाख कार्य को पूरा किया है।

अध्यक्ष महोदय, मैं इनके सामने रखना चाहता हूं कि मनरेगा एक मांग आधारित स्कीम है, यह पूरा सदन जानता है। राज्यों का आवंटन निश्चित नहीं किया जाता है। वर्ष 2020-21 में बीई मात्र 61 हजार 500 करोड़ रुपये था, लेकिन धन की आवश्यकता के अनुसार रिवाइज्ड ऐस्टिमेट एक लाख 11 हजार 500 करोड़ रुपये हुआ। उसी तरह से वर्तमान वर्ष 2021-22 में 73 हजार करोड़ रुपये था, डिमांड के अनुसार अभी तक हम 98 हजार करोड़ पर खड़े हैं। आगे भी डिमांड

जितनी होगी, भारत सरकार उसे पूरा करेगी। इसलिए कटौती नहीं है। हम 33 हजार करोड़ रुपये से 1 लाख 12 हजार करोड़ रुपये तक गए हैं।

**DR. THOL THIRUMAAVALAVAN**: Sir, regarding Tamil Nadu, 1.33 crore people are registered under this scheme. Among them, 93 lakhs are active workers. With funds allocated by the Union Government, the Government of Tamil Nadu can provide work for about 30 days only.

Therefore, the hon. Minister should inform the House whether additional funds will be allocated to Tamil Nadu.

**श्री गिरिराज सिंह** : महोदय, मैंने अभी आवंटन के बारे में बताया है। इस फाइनेंशियल ईयर में हमने तमिलनाडु को 7 हजार 609 करोड़ रुपये दिए हैं।… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : सबसे ज्यादा तमिलनाडु को दिया है।

**श्री गिरिराज सिंह :** वही तो मैं कह रहा हूं। 1 फरवरी तक तमिलनाडु का एक नया पैसा बाकी नहीं है। मैं आपके समक्ष कह रहा हूं कि अगर आगे भी तमिलनाडु या किसी राज्य को जरूरत पड़ेगी तो मैं देता रहूंगा।

**माननीय अध्यक्ष** : डॉ. मोहम्मद जावेद।

**डॉ. मोहम्मद जावेद:** सर, माननीय मंत्री जी भी बिहार से आते हैं, वे जानते हैं और इत्तेफाक से बिहार में भी उन्हीं की सरकार है। हम सब जानते हैं कि अभी जो नीति आयोग की रिपोर्ट आयी थी, उसमें यह दर्शाया गया था कि बिहार में 52 पर्सेंट लोग गरीब हैं। यही नहीं सीमांचल में लगभग 65 पर्सेंट लोग गरीब हैं। सर, आप भी जानते हैं, आपके इलाके में भी और हिंदुस्तान के अलग-अलग कोनों में बिहार के लोग मज़दूरी कर रहे हैं। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपका प्रश्न क्या है?

… (व्यवधान)

**डॉ. मोहम्मद जावेद** : सर, अगर आबादी देखी जाए तो हिंदुस्तान में बिहार की आबादी दस पर्सेंट है। लेकिन मनरेगा में फंड का देखा जाए, जहां पर 1,10,000 करोड़ रुपये पिछले साल दिया गया था, वहां पर बिहार को सिर्फ 6,600 करोड़ रुपये दिए गए हैं। मतलब कि हमारी पॉप्युलेशन की तुलना में भी नहीं दिया गया, उसका आधा ही दिया गया है। वहीं पर अगर हम इसमें सबसे अव्वल राज्य आंध्र प्रदेश का देखें तो पॉप्युलेशन के आधार पर दुगुना दिया गया है। आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से मुझे यह जानकारी लेनी है कि क्या केंद्र में आपकी मौजूदा मोदी सरकार और बिहार में मौजूदा बीजेपी की सरकार बिहार के लोगों को और गरीब बनाना चाहती है? अगर नहीं बनाना चाहती है तो क्या हमारी पॉप्युलेशन के आधार पर हमें मनरेगा के तहत एम्पलॉयमेंट देंगे? … (व्यवधान)

**श्री गिरिराज सिंह** : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य सम्मानित हैं। मैं कुछ और ज्यादा नहीं कहूंगा। इनकी यूपीए सरकार में बिहार को केवल नौ करोड़ रुपये लेबर बजट एलोकेट हुआ था। आज बिहार में वर्ष 2021 में यह बजट 23 करोड़ रुपये है। बिहार की सरकार प्रगतिशील सरकार है। आगे जो भी जरूरत पड़ेगी भारत सरकार वहां वह करने को तैयार है।

**श्री दुष्यंत सिंह**: स्पीकर साहब, मंत्री जी ने यह कहा है कि कोई भी सरकार जो भी राशि मांगेगी, हम उस पर विचार करेंगे। राजस्थान में दो पखवाड़े के पैसे बचे हुए हैं। क्या मंत्री जी दो पखवाड़े के पैसे, जिस राज्य से माननीय स्पीकर साहब आते हैं, उस राजस्थान के लिए भी सेंटर से जो पैसा आना है, क्या वह देंगे? … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : हम देश के हैं, अब केवल राजस्थान के नहीं हैं।

… (व्यवधान)

**श्री गिरिराज सिंह** : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य अनुभवी हैं और इस सदन में सीनियर हैं, हमसे तो सीनियर हैं। मैंने सारी स्थिति सामने रखी है। बजट देने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन एक वित्तीय अनुशासन है और एक वित्तीय प्रक्रिया है। उस प्रक्रिया के तहत राजस्थान सरकार का

अगर कोई बजट मेरे पास बाकी हो और वित्तीय प्रक्रिया में भी सही हो, तब ये हमारे सामने प्रश्न उठाएं। ... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्यगण, आप सब ब्रीफ में प्रश्न पूछिए। आप सब भूमिका बांधने लगते हैं।

... (व्यवधान)

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : Thank you, Speaker, Sir. I have a specific question to ask from the hon. Minister. An amount of Rs. 3358 crore is pending as arrears on the part of the Central Government to pay to the State of Kerala. You have earmarked the allocation for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, and others in the last financial year. The interesting fact to be noted is that the Scheduled Castes people are not getting the wages in the State of Kerala. What is the reason by which the allocation of fund for the Scheduled Caste workers is not being provided? I would like to a specific answer from the hon. Minister. I do appreciate that he is a performing Minister. He is responding to the hon. Members for which we are thankful. I would like to have a specific answer as far as Kerala is concerned.

**श्री गिरिराज सिंह** : अध्यक्ष जी, माननीय प्रेमचन्द्रन जी ने मजदूरों की मजदूरी का सरलीकरण का विषय उठाया है। मैं इस सदन में कहना चाहता हूँ कि एस.सी. और एस.टी. दोनों को वर्गीकृत करने की प्रक्रिया को पहले से सरल किया जाएगा। उनको चिन्हित करने की जो स्थिति है, वह रहेगी, लेकिन किसी मजदूर का पैसा बकाया नहीं रहेगा, वह सरलीकरण के तहत आएगा।

आपने केरल के बारे में कहा है तो केरल में अगर कुछ भी प्रक्रियाधीन रहेगी, वित्तीय अनुशासन में रहेगा, खासकर, मैटेरियल में कई चीजें होती हैं, जिन्हें मैं यहां छेड़ना नहीं चाहता हूं। लोग 'लोकपाल' नहीं रखते, जो थर्ड पार्टी सर्वे का पैसा होता है, उस पैसे को री-इम्बर्स नहीं करते,

उसकी चर्चा नहीं करते हैं, लेकिन यह चर्चा जरूर करते हैं। मैं माननीय सांसदों से निवेदन करूंगा कि यह आपका पैसा है।… (व्यवधान)

बालू साहब, मैं तमिलनाडु की बात अभी नहीं कर रहा हूं, लेकिन मैं पूरा हिसाब-किताब लेकर आया था कि तमिलनाडु हो या केरल हो, मेरा पक्ष और विपक्ष, सबसे निवेदन है। आज हमने उसमें एक एप्प दिया है। उस एप्प की भी सरकार मॉनिटरिंग करे, जिला प्रशासन विजिट करे। ये सारी कमियां हैं। हम सब मिलकर इसे पूरा करें।

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न संख्या 86, श्री डी. के. सुरेश।

**(Q. 86)**

**SHRI D.K. SURESH :** Sir, in his reply, the hon. Minister has explained about the Central schemes for farmers. Farmers are the backbone of our country and the economy. At the same time, the living conditions of our farmers are very pathetic. For the farmers, there is no retirement policy. There is no pension and no commission for farmers. Farmers work hard till the end of their lives. About 60 per cent of the population in our country depend upon agriculture. There is no stable market and also no stable price for the crops. As regards the MSP, which has been given by the Government, it is only for 23 crops, on various conditions.

So, my question is, whether the Government is ready to consider framing a retirement policy and announce a pension scheme for the farmers.

**श्री कैलाश चौधरी** : माननीय अध्यक्ष जी, जैसा कि माननीय सदस्य ने पूछा है, उसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आने वाले कल के लिए विज़न है कि किसानों की आय बढ़े। इस दृष्टि से महत्वपूर्ण बात, जैसे कि उत्पादकता बढ़े, उत्पादन भी बढ़े, किसानों को संरक्षण मिले और इसके साथ-साथ लागत में भी कमी आए, किसानों को नई टेक्नोलॉजी से भी जोड़ा जाए, रिस्क कवर करना, इंफ्रास्ट्रक्चर गांवों तक पहुंचे, इसके साथ-साथ बजट को भी बढ़ाना इसमें शामिल है। जैसा कि मूल प्रश्न में बजट की भी बात की गई है तो वर्ष 2013 में कुल मिलाकर 27,000 करोड़ रुपये का जो बजट था, वह अब बढ़कर 1,32,000 करोड़ रुपये हो चुका है।

**माननीय अध्यक्ष :** इन्होंने बजट बढ़ाने के लिए नहीं कहा है।

… (व्यवधान)

**SHRI D.K. SURESH**: Sir, I am talking about pension for farmers. … (*Interruptions*)

**श्री कैलाश चौधरी** : माननीय अध्यक्ष जी, मैं उसके ऊपर आ रहा हूं। इसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि जैसी योजना है, उसके अन्दर किसानों को एक उम्र पूरी होने के बाद, जैसे 60 साल की उम्र का कहा गया है, उसके बाद पेंशन योजना के तहत किसानों के लिए योजना चालू की गई है। इस योजना के साथ जो भी किसान जुड़ता है, आने वाले समय में उसकी रेशियो के अनुसार, उनकी उम्र के अनुसार, वैसे किसानों को जिनकी उम्र 60 साल से अधिक हो चुकी है, तीन हजार रुपये पेंशन के रूप में देने का प्रावधान किया गया है।

**HON. SPEAKER:** Hon. Member, do you want to ask the supplementary question?

**SHRI D.K. SURESH**: No, Sir.

**HON. SPEAKER:** Now, Shri T.R. Baalu*ji.*

**SHRI T. R. BAALU**: Hon. Speaker Sir, I fully appreciate our agriculture community and also the people who are toiling in their fields day and night, who contribute 20 per cent to the GDP and 50 per cent to the workforce in India. Beyond, this, the animal husbandry, forestry and fisheries contribute 15 per cent to the GDP. The positive side is, during the global recession, India withstood the problem because of agriculture. Knowing all these problems very well, our hon. Chief Minister, Shri M.K. Stalin has brought a separate agriculture budget in Tamil Nadu which is a forerunner for the entire India. … (*Interruptions*)

I want to know this from the hon. Minister because there is evidence that the Government of Tamil Nadu is doing it hassle free or without any problem as far as the agriculturists are concerned. You see, because here in India, if you take holistically, almost one-and-a-half lakh farmers went on strike for more than one year. So, it is evident that the problem is there. So, to avoid all these problems and to avoid the inherent problems in the core sector, why do you not bring in a separate Agriculture Budget for India as a nation?

**माननीय अध्यक्ष:** तोमर साहब को जवाब देने दीजिए। कृषि राज्य का विषय है। यदि वह इसके लिए बजट लाते हैं तो अच्छी बात है।

**कृषि और किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**: माननीय अध्यक्ष महोदय, बालू साहब ने जो कहा, वह स्वाभाविक रूप से सबको अच्छी लगने वाली बात है। लेकिन, हम सब जानते हैं कि बजट एक हो या दो हो, बजट की दिशा होनी चाहिए, बजट में पर्याप्त प्रावधान होना चाहिए और जो प्रावधान है, उनको क्रियान्वित करने का ज़ज्बा होना चाहिए।

आमतौर पर पहले के दौर में, अगर हम देखें तो रेल बजट अलग आता था और भारत सरकार का शेष बजट अलग आता था। हमने रिफॉर्म किया, उससे समय बचा और डिस्कशन का समय भी बचा। आज एक बजट आता है और उसमें रेलवे के प्रावधान भी रहते हैं। मैं समझता हूँ कि अगर हम विश्लेषण करके देखें तो विगत 60 वर्षों और इन सात वर्षों में रेलवे की योजनाओं के क्रियान्वयन में हमें जमीन-आसमान का अंतर दिखाई देगा। ठीक इसी प्रकार से हम बजट अलग करने की बात कह सकते हैं। लेकिन जब बजट अलग हो तो उसमें जो कुल बजट में राशि है, उसके अतिरिक्त अगर राशि का प्रावधान हो तो अलग बजट करने की जरुरत है, नहीं तो कुल मिलाकर जो बजट है, उसी को काट कर तथा कृषि बजट अलग करके नाम रख दिया, उससे न तो देश का फायदा होने वाला है और न ही किसानों को फायदा होने वाला है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बालू साहब और सदन से यह प्रार्थना करना चाहता हूँ कि मोदी सरकार कृषक और किसानी, इन दोनों और उनके हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूँ कि अलग बजट न भी आए तो भी किसानी में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

**SHRI T. R. BAALU:** India stands at 104 in the Global Hunger Index out of 116 countries. That is why, I am requesting my friends to bring out a separate budget.

**श्री श्याम सिंह यादव**: अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में खेतों में जो आवारा पशु हैं, ऐसे बहुत पशु घुमते रहते हैं और फसलों का बहुत नुकसान कर रहे हैं। गाँव के लोग उन आवारा पशुओं को दो नाम लेकर पुकारते हैं। अगर हम यहाँ दो नाम बता देंगे तो आप बहुत हल्ला मचाएंगे। मैं उसको नहीं बताता हूँ।... (व्यवधान) वह बताना मुनासिब नहीं है, लेकिन आप समझ सकते हैं कि वे दो नाम क्या लेते हैं?... (व्यवधान) इसे छोड़िए। वे दो नाम लेते हैं, आप पता कर लीजिएगा। वहाँ फसलों की बहुत क्षति हो रही है। इससे आपकी बहुत किरकिरी भी हो रही है। इससे आगे आने वाले चुनाव में आपका बहुत नुकसान भी होने जा रहा है। मैं आपसे पूछना चाहता हूँ कि किसानों की फसलों को क्षति से बचाने के लिए कोई इंतजाम क्या चुनाव के पहले करेंगे या चुनाव जीतने के बाद करेंगे?

**श्री कैलाश चौधरी:** माननीय अध्यक्ष जी, इन्होंने आवारा पशु की बात की है। पशु आवारा नहीं होते हैं। जैसा कि इन्होंने गाय की बात की है, गाय हमारी पूजनीय है। उसको हमें निश्चित रूप से घर पर बाँध कर रखना चाहिए। इसके अलावा, यदि कोई अन्य पशु हैं तो उसको भी हम निश्चित रूप से बाँध कर रखें। अगर राज्य सरकार की तरफ से इसके ऊपर किसी योजना के तहत या भारत सरकार की किसी अन्य योजना के तहत कोई प्रस्ताव आता है तो उसके तहत हम जरूर कुछ कर सकते हैं।

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न संख्या 87, श्री कोडिकुन्नील सुरेश।

**(Q. 87)**

**SHRI KODIKUNNIL SURESH**: Hon. Speaker, Sir, the decision to promote non-traditional source of energy, especially in the electric vehicle segment, indicates a policy shift in line with the Government's decision to meet its commitment in reduction of emissions.

However, in a recent controversy, the global electric vehicle manufacturer Tesla, when it expressed its interest to enter the Indian market, was discouraged by the Government which sent a wrong message to companies that wish to enter the Indian market. In this scenario, through you, I would like to ask from the hon. Minister whether the Government would invite Tesla to enter the Indian market. What are the steps undertaken by the Government to promote mass production of electric vehicles in the country?

**श्री कृष्ण पाल**: माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सम्मानित सदस्य और सम्मानित सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि हमारे मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए तीन स्कीम्स लागू की हैं। पहली स्कीम फेम -2 है, जो डिस्ट्रीब्यूशन साइड में 10 हजार करोड़ रुपये की है। दूसरी स्कीम पीएलआई ऑटो है, जो सप्लाई साइड में 25 हजार 938 करोड़ रुपये की है। तीसरी स्कीम पीएलआई एसीसी भी सप्लाई साइड में 18 हजार 100 करोड़ रुपये की है। ये तीनों स्कीम्स बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन बढ़ाने के लिए बनाई गई हैं।

सम्मानित सदस्य ने कंपनी का नाम लेकर सवाल किया है। हमारे विभाग ने अभी गोवा के अंदर एक राउंड टेबल वार्ता की, जिसमें मैं खुद भी वहां पर उपस्थित था। वहां पर अनेक कंपनियां आईं, जैसे SIAM आई, ACME आई और प्रमुख उद्योगों के प्रतिनिधि भी वहां पर थे। सब ने एक स्वर में कहा कि सरकार को जो करना था, वह उसने कर दिया, अब करने की बारी उद्योगों की है।

महोदय, सुरेश जी सदन के बहुत ही सम्मानित और वरिष्ठ सदस्य हैं। मैं उनके ध्यान में लाना चाहता हूं कि 115 कंपनीज़ ने आज तक इन स्कीम्स में अप्लाई किया है। इन कंपनीज़ में 50 विदेशी हैं और 65 भारत की हैं। लेकिन जिस कंपनी का माननीय सदस्य नाम ले रहे हैं, उन्होंने हमारी नीति के अनुसार अब तक इस स्कीम में अप्लाई नहीं किया है। उक्त कंपनी चाहती है कि मजदूर चीन का हो और बाजार भारत का हो। आदरणीय मोदी जी की सरकार में यह नहीं चलने वाला है। हमारी सरकार की तो यह नीति है, कि  अगर भारत के बाजार का उपयोग करना है तो रोजगार के अवसर भी भारतीयों को देने होंगे। मैं माननीय सदस्य से यह पूछना चाहता हूं कि क्या वे भारत के पैसे को चीन को दिलाना चाहते हैं? मैंने कह दिया है कि उक्त कंपनी ने हमारे भारत की नीति के अनुसार अप्लाई नहीं किया है। उसके लिए भारत के दरवाजे खुले हुए हैं। वह आए, नीति के अनुसार अप्लाई करे, यहां कंपनी लगाए, हमारे लोगों को रोजगार दे और हमारे राजस्व को बढ़ाए। इसके लिए उसके दरवाजे खुले हुए हैं, वह आए।

**SHRI KODIKUNNIL SURESH:** Sir, I also want know whether the Government has analysed the potential competition from China in electric vehicle manufacturing that is set to become the largest manufacturer by 2030 as per reports. Has the Indian Government set up a detailed plan of action to increase production of electric vehicles in India and to counter China's aggressive push to become the electric vehicles global market leader by 2030? If so, the details thereof.

I would also like to know whether the electric vehicle manufacturing is included in the concept of one trillion-dollar economic policy by the Government?

**श्री कृष्ण पाल**: माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने बहुत अच्छा सवाल किया है। जैसा मैंने पहले उनको अवगत कराया कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ाने के लिए तीन स्कीम्स हैं, मैं दोबारा उनको दोहराना नहीं चाहता हूं, उनके बारे में मैंने बता दिया है। उन तीन स्कीम्स के तहत भारत में सभी कंपनीज़ के लिए दरवाजे खुले हुए हैं।

**17.00 hrs**

इसका फायदा क्या होगा? उन्नत टेक्नोलॉजी भारत में आएगी, कल-पुर्जे भी यहां बनेंगे, गाड़ियां भी यहां बनेंगी तो यहां के लोगों को रोजगार भी मिलेगा। अभी भारत के जो उद्योग हैं, माननीय सुरेश जी, जो अभी दुनिया के बाजारों से मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं, इन स्कीमों के माध्यम से जब कंपनियां यहां आएंगी, हमारे यहां नौजवानों को रोजगार मिलेगा, जब वह टेक्नोलॉजी आएगी तो यहां जो उपभोक्ता हैं, जो कनज्यूमर्स हैं उनको वाहन भी सस्ता मिलेगा, इससे लागत कम आएगी। इसके साथ हम एक्सपोर्ट भी कर सकेंगे, ये दोनों चीजें होंगी, रोजगार भी मिलेगा, राजस्व भी मिलेगा, हम एक्सपोर्ट भी करेंगे। मोदी जी का जो सपना फाइव ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का है, इस स्कीम के माध्यम से निश्चित तौर पर साकार भी होगा और यह स्कीम भारत के ऑटोमोटिव बाजार में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए बहुत कारगर सिद्ध होगी।

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न काल समाप्त।

---

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर)**: मेरे संसदीय क्षेत्र का शिवहर जिला बिहार का सबसे गरीब जिला है जहाँ प्रति व्यक्ति आय बिहार के अन्य जिलों की तुलना में काफी कम है। यह स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टिकोण से भी काफी पिछड़ा हुआ इलाका है। यहां कोई भी सरकारी अथवा निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थापित नहीं है। साथ ही यहाँ कोई भी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल की सुविधा नहीं है। यहाँ के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए 60 किलोमीटर दूर मुजफ्फरपुर स्थित श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल अथवा 100 किलोमीटर दूर दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल जाना पड़ता है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी सराहनीय सुधार किये जा रहे है तथा देश के पिछड़े जिलों में प्राथमिकता के आधार पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। शिवहर जिले में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना होने से शिवहर जिले सहित इसके आस-पास के सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले के कई प्रखंड के लोगों को भी काफी ज्यादा लाभ मिलेगा।

अतः सरकार से अनुरोध होगा कि जनहित में मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर जिला में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना कराई जाये।

## (vii)Regarding smooth and unhindered implementation of development works in villages by Panchayati Raj Institutions

**श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा):** भारत सरकार का ग्राम पंचायतो को सशक्त करने का अभियान लगातार चल रहा है इसी से ग्राम स्वराज की कल्पना साकार होगी। ग्राम पंचायतो को सीधा उनके खातो में विकास के काम के लिए पैसा स्थानान्तरित करने का अभिनव प्रयोग सरकार ने किया है। मैं उसके लिए सरकार का धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूँ इससे गांव की आवश्यकता के अनुरूप विकास के काम प्रारंभ हुये हैं । परन्तु मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा राजस्थान में ग्राम पंचायतो में सचिव / ग्राम विकास अधिकारी की कमी के चलते आम आदमी के काम तथा विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। मैं इस ओर पंचायतराज मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र की अनेक पंचायतो में ग्राम सचिवों / ग्राम विकास अधिकारियों की कमी के कारण सभी कार्य ठप्प है। दिशा की बैठक में भी ऐसे कई मामले आये है परन्तु उनका निस्तारण नही हुआ। भारत सरकार राज्य सरकारो एवं जिला प्रशासन को सीधे निर्देशित करे कि ग्राम पंचायतो में सरकार की योजनाएं एवं आम आदमी के रोजमर्रा के काम निर्बाध गति एवं निष्पक्ष रूप से संचालित हो इससे ग्रामीणजन ग्राम स्वराज की कल्पना को साकार होने दें।

## (viii)Need to expand the warehousing facilities for storage of paddy and wheat in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar

**श्री सुशील कुमार सिंह** (**औरंगाबाद**): मेरे संसदीय क्षेत्र बिहार के औरंगाबाद और गया जिले के किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीद में दिक्कत आ रही है। इसका सबसे बड़ा कारण गोदाम की कमी का होना है। औरंगाबाद जिले में इस वर्ष 9 लाख मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ जिसमें ढाई लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है लेकिन भंडारण की क्षमता मात्र 35 हजार टन की है। एक तो लक्ष्य ही कम है और दूसरा भंडारण क्षमता कम होने के कारण लक्ष्य के अनुरूप खरीद भी नहीं हो पाती है।

किसानों का अधिकतम धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद हो इसके लिए मैं भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि केन्द्रीय भंडारण आयोग (CWC) के द्वारा वहाँ धान और गेहूं के उत्पादन के अनुसार भंडारण क्षमता में वृद्धि किया जाए। भंडारण क्षमता में वृद्धि हेतु यह आवश्यक होगा कि FCI द्वारा किराए के दरों में वृद्धि की जाए जिससे निजी गोदामों के निर्माण को प्रोत्साहन मिल सके इससे गया और औरंगाबाद दोनों जिलों में भंडारण क्षमता का विस्तार संभव हो सकेगा।

## (ix) Regarding alleged irregularities in disbursement of ration under PM Garib Kalyan Anna Yojana in Chhattisgarh

**श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द):** वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए अनाज सरकार की घोषणानुसार प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो चावल दिया जाना निश्चित किया गया । लेकिन राज्य सरकार, छतीसगढ़ ने ऐसे राशन कार्डधारी जिनके परिवार में एक, दो और तीन सदस्य तक सीमित हैं, उनको यह अतिरिक्त चावल प्रतिव्यक्ति के हिसाब से नहीं दिया गया। राशनकार्ड धारी हितग्राही को एक कार्ड पर सिर्फ पाँच किलो ही चावल वितरण हुआ। बाकी चावल आपको बाद मे दिया जाएगा ऐसा कहकर वितरक ने वापस कर दिया जो आज पर्यंत तक नहीं मिला। केंद्र सरकार द्वारा आवंटित अतिरिक्त चावल भी हितग्राहियों के लिए पहुंचा लेकिन अभी तक वह चावल नहीं दिया गया। इस कथित अनियमितता की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा देने की मांगों को लेकर 7-8 अक्टूबर 2021 को राज्य की राशन दुकानों पर हितग्राहियों ने धरणा प्रदर्शन भी किया फिर भी उस पर कोई उचित सुनवाई नहीं हुई। उन गरीब हितग्राहियों को इस संकट की घड़ी मे छला जाना बहुत ही गंभीर एवं चिंता का विषय है।

अत: सरकार से मेरी गुजारिश है कि उपरोक्त विषय को संज्ञान में लेकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की कथित अनियमितता को केन्द्रीय जांच दल द्वारा अतिशीघ्र उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की आवश्यकता है।

## (x) Regarding progress of railway projects in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat

**श्री नारणभाई काछड़िया** (**अमरेली**): मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली (गुजरात) की तीन महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं के सन्दर्भ में आपको अवगत करवाना चाहता हूँ, प्रथम -खिजडिया–अमरेली–धारी–विसावदर जिसकी लम्बाई 91.27 km एवं अनुमानित लागत 547.52 करोड रु. है I दूसरा -विसावदर-जूनागढ़ जिसकी लम्बाई 42.28 km एवं अनुमानित लागत 253.68 करोड रु है और तीसरा -विसावदर-तालाला-वेरावल जिसकी लम्बाई 71.95 km एवं अनुमानित लगत 460.23 करोड रु.है I इन तीनों परियोजनाओं को केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2015-16 में मीटरगेज रेलवे लाइन से ब्रोडगेज में परिवर्तित करने हेतु स्वीकृत किया गया था I स्वीकृति मिलने के बाद रेलवे विभाग की ओर से इस कार्य के संबंध में 'फाइनल लोकेशन सर्वे' पूर्ण कर उसकी रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेज दी गयी थी, इसके बाद रेलवे बोर्ड ने पत्र नं. 2015/W-I/Gen./PEP/2016, दिनांक 08-05-2019 के द्वारा वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस के लिए चीफ वाइल्डलाइफ वोर्डन, गुजरात राज्य को प्रस्ताव भेज दिया था, जिसमे अबतक उक्त परियोजनाओं के कार्यों में कोई प्रगति नहीं हुई है | यह मेरे संसदीय क्षेत्र का ज्वलंतशील मुद्दा है और अमरेली जिले का मुख्य मथक होने के कारण ब्रॉडगेज सुविधा होना अतिआवश्यक है क्योंकि यह अमरेली जिले का वर्षों पुरानी मांग है |

अतः मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है की उक्त तीनों परियोजनाओं को बजट में शामिल कर पर्याप्त कोष का आवंटन किया जाये ताकि परियोजनाएं फिर से शुरू हो सके I

## (xi) Need to start operation of Coach Factory in Latur, Maharashtra

**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर):** दशकों के सूखे से बरबाद हुई लातूर की अर्थव्यवस्था को सुधारने तथा यहां रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने हेतु कुछ साल पहले सरकार ने यहां लातूर कोच फैक्ट्री की स्थापना का निर्णय लिया तथा इस पर तेजी से कार्यवाही करते हुए लातूर कोच फैक्ट्री का निर्माण कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूरा हो गया है। चिन्ता का विषय यह है कि निर्माण कार्य पूरा किए जाने के लगभग दो सालों के बाद भी इस फैक्ट्री में कोच निर्माण कार्य चालू नहीं हुआ है। लातूर के स्थानीय लोगों व नवयुवकों को इस कोच फैक्ट्री से भारी आशाएं हैं। यही नहीं इसको जरूरी उपकरणों की आपूति करने हेतु यहां बड़ी संख्या में अनुषांगिक वर्कशाप भी लगने की उम्मीद थी जिससे यहां बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कोच निर्माण कार्य शुरू होने में विलम्ब के कारण यहां लातूर के लोगों में काफी निराशा व्याप्त होती जा रही है। मुझे ज्ञात हुआ है कि सरकार इस फैक्ट्री में कोच निर्माण कार्य शुरू करने हेतु कोई कंपनी गठित करने पर विचार कर रही है परन्तु इस विषय में असाधारण देरी के कारण यहां के निवासियों में असंतोष की स्थिति व्याप्त हो गई है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि लातूर कोच फैक्ट्री में कोच निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू करने हेतु तत्काल कदम उठाए जाएं तथा समयबद्ध ढंग से इस फैक्ट्री में परिचालन आरंभ किया जाए ताकि यहां स्थानीय लोगों को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल सकें तथा परिणामस्वरूप लातूर की अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके।

**(xii) Regarding setting up of a Kendriya Vidyalaya in Nandubar District**

**DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR):** The Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) is a system of Central Government schools in India that are authorized by the Ministry of Education, Government of India. They cater to the educational needs of the wards of transferable Central Government officials. At present, Maharashtra has a total number of 59 Kendriya Vidyalayas in 20 districts but there is no functional Kendriya Vidyalaya in Nandurbar district which was sanctioned and approved in 2019. Due to delay in approvals and construction of the school, the future of the children of Nandurbar is being affected as a result of which they are missing out on better opportunities for education. Nandurbar being a predominantly tribal area with low human development index has also been identified as an aspirational district and requires a lot of development in health and education sector. Hence, I request the Government to expedite the construction of the Kendriya Vidyalaya in Nandurbar which is already pending for more than 2 years to fulfill the Fundamental Right to Education guaranteed under the constitution and implement the announcement made by the Finance Minister in Budget Speech 2021 to qualitatively strengthen more than 15,000 schools across the country to include all components of the National Education Policy, 2020.

## (xiii) Regarding construction of National Highways in Himachal Pradesh

**श्री सुरेश कश्यप (शिमला):** हिमाचल प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गो से सम्बंधित कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किये जाएँ ।

## (xiv) Need to provide better railway connectivity to Jalore Parliamentary Constituency, Rajasthan

**श्री देवजी पटेल (जालौर)**: जालोर सिरोही मे निम्नलिखित ट्रेनो का ठहराव तथा विस्तार करने के संदर्भ में।

(1) मेहसाणा-आबूरोड मेमू ट्रेन (09437/09438) का आबूरोड से फालना तक विस्तार किया जाए।

(2) उतर पश्चिम रेलवे स्थित पिंडवाडा रेलवे स्टेशन पर अहमदाबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस (19223-24) और अहमदाबाद वाराणसी एक्सप्रेस (19408-09) का ठहराव दिया जाए।

(3) ट्रेन संख्या 22483/84 जोधपुर -गांधीधाम ट्रैन का मोदरान स्टेशन पर ठहराव दिया जाए

(4) बाडमेर-यशवंतपुर एसी एक्सप्रेस 14805/14806 ट्रेन को सप्ताह मे सातो दिन (प्रतिदिन) चलाने एवं स्लीपर कोच जोडा जाए।

(5) आश्रम एक्सप्रेस (12915/12916) और हरिद्वार मेल(19105/19106) का ठहराव स्वरूपगज स्टेशन पर किया जाए।

(6) गॉधीधाम से दिल्ली वाया जालोर ( समदडी- भीलडी ) नई ट्रेन प्रारंभ की जाए।

(7) जालोर जिला का दक्षिण भारत के प्रमुख शहरो से रेल संपर्क निम्न रूप से से जोडा जाए ।

क) बेंगलोरु से जोधपुर वाया समदडी भीलडी ।

ख) हैदराबाद से जोधपुर वाया समदडी भीलडी ।

ग) कोयम्बटुर से जोधपुर वाया समदडी भीलडी।

घ) चेन्नइ से जोधपुर वाया समदडी भीलडी।

(8) सिरोही जिला केन्द्र को रेलवे नेटवर्क से जोडा जाए।

(9) अहमदाबाद-गोरखपुर 19409/19410 ट्रेन को प्रतिदिन (दैनिक) चलाया जाए ।

## (xv) Regarding reopening of mills operating under NTC

**SHRI K. MURALEEDHARAN (VADAKARA**): I would like to raise a matter regarding the 23 Mills operating under the National textile Corporation in various states including Mahe - Cannanore Spinning and Weaving Mills,and four Spinning Mills in Kerala (CSW Mills Kannur, Kerala Lakshmi Mills & amp; Alagappa Textiles, both are in Trichur and Vijayamohini Mills in Thiruvananthapuram) have been closed for more than 20 months. Around 10000 permanent workers in the mills have been paid a nominal sum of 35% in this period. At the same time, the casual workers in these mills have lost their jobs. Office bearers of Trade Unions of NTC Unit Mills in the States of Kerala, Tamil Nadu, Andhra Pradesh and Karnataka are demanding that all the mills under the closed NTC be reopened. I therefore request the Textile Minister to intervene in this matter at the earliest and do the needful regarding reopening the Mills and sanction necessary allocation for NTC Mills.

## (xvi) Regarding drop out in higher education

**KUMARI RAMYA HARIDAS (ALATHUR):** Dropout in higher education among scheduled communities especially among tribes is a major problem. There are several hostels and residential facilities for such students in pre-matric level. But in higher education, there are no such facilities including in technical education. So dropout among children from remote areas especially in my constituency Parambikulam is quite common. And they are compelled to give up their studies due to lack of residential facility in higher education institutions. Hence, it is a favour to such students if the Central Government establishes residential technical educational institution or regional study centre with residential facilities for scheduled communities under central universities in Parambikulam or Nenmara, a remote area in my constituency.

## (xvii) Regarding age and attempt relaxation for UPSC aspirants

**SHRI KOTAGIRI SRIDHAR (ELURU):** The COVID 19 Pandemic threw millions in to uncertainty and brought severe Socio economic and Psychological stress across the world. This is true for the student community at large and the Indian civil services examination aspirants in particular. From serving as frontline workers to having lost their loved ones, the stress inflicted by the pandemic compromised the UPSC aspirants' preparation. Many of them could not even reappear in the exam due to bar on number of attempts and/or age imposed by UPSC. So I put forward twin proposals which even the Hon'ble Supreme Court of India was sympathetic to:

1. to provide two extra attempts to those whose attempts were exhausted in the year 2020/2021
2. To provide a two year age relaxation to those who were age barred in 2020/2021

**(xviii) Regarding privatization of LIC**

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** The Life Insurance Corporation of India (LIC) is deeply rooted in the lives of Indian people. DIPAM is giving final touches to the procedure for finalising bids for the ultimate privatisation of the LIC. The bids are slated to open on July 14. Until 1956, private capital had absolute control over the country's insurance sector. The LIC was created in 1956 as a result of an initiative by the country's first prime minister, Jawaharlal Nehru. Two hundred and forty-five foreign and domestic insurance companies were nationalised on September 1, 1956 with an initial investment of Rs 5-crore. Gradually, the LIC became a force to reckon with not only in the insurance sector but also in the Indian economy at large. It supported the vital sectors like housing, irrigation, power generation, water supply, beverage, roads and bridges, ports and railways. The LIC's imprint is visible in the growth trajectory of all these sectors. The LIC derives its strength from the confidence of the country's common people. It provides a sense of assurance to the lower and middle classes. I urge upon the government to stop the process of privatization of LIC in the interest of the nation.

## (xix) Regarding approval to the proposal for rejuvenation of Pabna and Ulhas rivers in Maharashtra

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य नदी संरक्षण परियोजना महाराष्ट्र की 21 नदियों के पुनर्वास और कायाकल्प हेतु प्रस्ताव भेजा है। करीबन 3810 करोड़ रूपए की मांग इस प्रस्तावों के तहत केंद्र से की गई है। इसमें से मेरे चुनाव क्षेत्र में पिंपरी चिंचवड म्युनिसिपल कारपोरेशन क्षेत्र में पवना नदी का ३४३ करोड़ ६६ लाख रूपये का प्रस्ताव और कर्जत नगर पालिका क्षेत्र में उल्हास नदी का ३७ करोड़ 53 लाख रूपये का प्रस्ताव भेजा है|

केंद्र सरकार द्वारा इस मंत्रालय को नदी पुनर्वास और कायाकल्प योजना के तहत ज्यादा धनराशि नहीं दी जाती है | इसके साथ ही साथ नदी पुनर्वास और कायाकल्प योजना के तहत पूना महानगर पालिका ने पिंपरी चिंचवड महानगर पालिका के बाद अपना प्रस्ताव भेजा था जबकि केंद्र के द्वारा पूना महानगर पालिका के द्वारा भेजा गया प्रस्ताव को अनुमति प्रदान की गई, जबकि पिंपरी चिंचवड महानगर पालिका का प्रस्ताव आज भी केंद्र के पास मंजूरी हेतु लंबित पड़ा है|

मेरी सरकार से मांग है कि पिंपरी चिंचवड महानगर पालिका में सबसे ज्यादा कारखाने हैं और केंद्र सरकार को इससे सबसे अधिक आमदनी भी प्राप्त होती है अतः मेरे क्षेत्र की पवना और उल्हास नदी सुधार के प्रस्ताव को मंजूर करने की मांग करता हूँ|

## (xx) Regarding development of passenger facilities at Thawe railway junction in Gopalganj district, Bihar

**डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज)**: मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अविकसित थावे जंक्शन, जिला गोपालगंज, बिहार की ओर दिलाना चाह रहा हूँ जिसका कि कई सालों से एनईआर (NER) के द्वारा विकास नहीं किया गया है।

थावे जंक्शन (जिला गोपालगंज) एक बहुत ही महत्वपूर्ण जंक्शन है क्योंकि यहां पर मां दुर्गा का भव्य मंदिर है तथा देश के हर कोने से लोग बसों से यात्रा कर यहां दर्शनार्थ आते हैं क्योंकि कोई भी सुपर फास्ट ट्रेन थावे जंक्शन से नहीं गुजरती है । थावे जंक्शन (NER) अविकसित है तथा यहां यात्री सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे यात्री बसों से आना-जाना पसंद करते हैं जिससे रेलवे के राजस्व अधिक मात्रा में प्राप्त नहीं होती है। थावे जंक्शन एनईआर (NER) के द्वारा विकास हेतु प्राथमिकता में शामिल प्रतीत नहीं होता है और थावे जंक्शन के अग्रभाव में सुधार, महिलाओं के लिए प्रतीक्षालय, अमानती समानघर, निर्धारित पार्किंग, बेहतर संकेतक एवं पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था आदि की अत्यंत जरूरत है।

अत: माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि थावे जंक्शन, जिला गोपालगंज, बिहार के अग्रभाव में सुधार, महिलाओं के लिए प्रतीक्षालय, अमानती समानघर, निर्धारित पार्किंग, बेहतर संकेतक एवं पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराया जाए ताकि रेलवे के राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ यात्रियों को बेहतर सुविधा मिले।

## (xxi) Regarding construction of bridges on River Rapti in Uttar Pradesh

**श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती):** हमारे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती एक अति पिछड़ा हुआ क्षेत्र है जो विश्व प्रसिद्ध प्राचीन बौद्ध स्थल है। यहाँ जहां देश दुनिया से लाखों बौद्ध अनुयायी और पर्यटन प्रतिवर्ष घूमने आते हैं । यहां श्रावस्ती जिला के अंतर्गत गिलौला सिसवारा संपर्क मार्ग जो भिंगा जिला मुख्यालय को जोड़ता है राप्ती नदी सिसवारा (भरथापुर) घाट पर पक्का पुल की आवश्यकता है जो लगभग 100 गांव को जिला मुख्यालय से जोड़ता है । और दूसरा राप्ती नदी पर मथुरा घाट पुल जो बलरामपुर और श्रावस्ती को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य पुल है, जिससे होकर दोनों जिलों के लगभग 250 से अधिक गांवों के लोगों के आने जाने के लिए यह मुख्य मार्ग है, लेकिन पक्का पुल ना होने की वजह से कटरा कस्बे से मथुरा कस्बे की दूरी लगभग 30 किमी पड़ जाती हैं। सरकार से मांग है कि जनहित को देखते हुए राप्ती नदी सिसवारा ( भरथापुर ) घाट पर पक्का पुल व राप्ती नदी पर मथुरा घाट पुल जो बलरामपुर और श्रावस्ती को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य पुल है, इन दोनों पुलों को पक्का पुल का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए ।

## (xxii) Regarding lack of Immigration and Plant quarantine facilities at Kollam Port

**SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** The lack of Immigration and Plant Quarantine facilities are the main hindrances in the Kollam Port. Hundreds of foreign ships want to visit Kollam Port for cargo import, passenger service, maintenance options, and crew changes. The international shipping channel passes very close to Kollam Port and is one of the safest ports for ships to anchor even during rough weather. Kollam Port is one of the oldest ports in the Indian subcontinent and it's development is most important. If properly facilitated and operated, it can bring a lot of business, logistics and job opportunities. But the development of Kollam Port has been neglected. There is immense loss of business which adversely affects commercial, and industrial potential due to lack of immigration and plant quarantine facility. Hence, I urge upon the Government to ensure the development of Kollam Port by providing immigration and plant quarantine facilities.

## (xxiii) Regarding alleged flouting of environment norms by a company engaged in production of iron and steel products

**श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर):** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के उपचार पुर में स्टील और लौह उत्पाद बनाने वाली एक निजी कंपनी द्वारा किए जा रहे खनन नियमों की अवहेलना, ली गई पर्यावरण अनापत्ति से जुड़ी शर्तों की अवहेलना आदि के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए यह अवगत करवाना चाहता हूँ कि उक्त कंपनी द्वारा निकाली जा रही धातु का भौतिक सत्यापन और आवंटित जमीन जिस कार्य के लिए ही आवंटित हुई उसके उपयोग की वर्तमान स्थिति, अनाधिकृत व नियम विरुद्ध उपयोग में ली जा रही जमीन का भौतिक सत्यापन व माइनिंग नियमों के विरुद्ध टेलिंग डेम का निर्माण करने आदि की केन्द्र द्वारा टीम भेजकर जांच करवाना अत्यंत आवश्यक है। उक्त कंपनी ने जो डम्पिंग यार्ड बनाया उससे तालाब खराब हो गया व कंपनी की गतिविधियों से तालाब का जलप्रवाह भी रुक गया जो न केवल पर्यावरण अनापत्ति हासिल करने के मापदंडों की अवहेलना है बल्कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित जगपाल सिंह बनाम पंजाब सरकार व राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा अब्दुल रहमान बनाम राजस्थान सरकार में पारित निर्णयों की भी अवहेलना है। साथ ही कंपनी द्वारा की गई ब्लास्टिंग में हजारों घरों में दरारे आई और हमेशा आस-पास के क्षेत्र में जान-माल की हानि की आशंका बनी रहती है इसलिए भीलवाड़ा जिले में उक्त कंपनी को खनन सहित अन्य गतिविधियों हेतु जिस शर्तो पर पर्यावरण अनापत्ति दी हुई है उसकी एक-एक बिंदु की जांच केन्द्र की टीम भेजकर जांच करवाने व खनन गतिविधियों में माइनिंग नियमों की अवहेलना की जांच करवाने तथा उक्त कंपनी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की आवश्यकता है ताकि एक नजीर पेश हो सके कि केन्द्र ने पर्यावरण, प्रकृति, भू-जल प्राकृतिक जल स्रोतों आदि से खिलवाड़ करने वाले उद्योगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की है।

**(xxiv) Need to waive import duty on medicines for rare genetic diseases**

**श्री विष्णु दत्त शर्मा (खजुराहो):** कुछ समय पूर्व यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देशन में सरकार ने Spinal Mascular Atrophy का इलाज़ करने वाले 16 करोड़ के जीन थैरेपी इंजेक्शन पर लगने वाले कर व शुल्क में छूट की अपील स्वीकार करते हुए करीब 6.5 करोड़ रुपये की राहत दी थी, अन्यथा इस इंजेक्शन की कीमत भारत में 22 करोड़ रुपये पड़ती है ,और इससे उस पांच माह की बच्ची का इलाज़ सँभव हो पाया, इंजेक्शन नहीं लगने पर वह बच्ची बमुश्किल 13 महीने और जिंदा रहती। मैं सरकार का ध्यान इस और दिलाना चाहता हूँ कि इस बच्ची की ही तरह देश में 3 लाख से अधिक ऐसे बच्चे हैं जो spinal mascular atrophy जैसे भयंकर रोग से ग्रसित हैं इस रोग में बच्चे की मांसपेशियां कमजोर हो जाती है, सांस लेने में तकलीफ होती है,बच्चा बिना किसी मदद के सिर तक नहीं हिला पाता और कुछ भी निगलने में,भोजन चबाने तक में दिक्कत होने लगती है। चलने-फिरने में असमर्थ हो जाता है,मां का दूध पीते वक्त दम घुटने लगता है। बच्चा अधिक से अधिक 3 साल तक जी सकता है इसी तरह एक और रोग है mascular dystrophy इस रोग के लक्षण व परिणाम भी इतने ही भयावह हैं, और पीड़ित बच्चा केवल 18 वर्ष की आयु तक ही जीवित रह पाता है, और इसके उपचार का ख़र्च भी 2 से 3 करोड़ रुपये प्रति वर्ष और जो केवल अमेरिका, जर्मनी जैसे देशों में ही उपलब्ध है ।

यह अत्यंत चिंता का विषय है कि इन रोगों के उपचार के लिए शोध,अनुसंधान, व संसाधनों के स्तर पर जो भी आज तक किया गया है, वो बहुत कम और अपर्याप्त है, और इन निःसहाय,निर्दोष, अबोध बच्चों को लगभग इनके हाल पर ही छोड़ दिया गया है।और इनके मजबूर माँ बाप बच्चों की बीमारी के इलाज के लिए दर-दर की ठोकरें खाते हैं,लेकिन पल–पल अपने बच्चों को मरते हुए देखने के सिवा इन बेबस माता-पिता के पास कोई चारा नहीं होता। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि इन बच्चों के इलाज व देखभाल लिए समुचित व्यवस्था करे, देश में ही इन बीमारियों के उपचार पर शोध, अनुसंधान,विकास, और प्रौद्योगिकी पर एवम दवाईयों के

स्वदेशी व सस्ते उत्पादन के लिए भरपूर प्रयास किया जाना चाहिए और साथ ही इस प्रकार के सभी दुर्लभ अनुवांशिक रोगों (Rare Genetic Disease) के उपचार में उपयोगी दवाइयों के आयात को निजी उपयोग हेतु सभी प्रकार के ड्यूटी, टैक्स अथवा आयात व्यावधान से मुक्त कर देना चाहिए । साथ ही इन रोगों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत लाया जाना चाहिए।

**(xxv)Regarding toilet facilities for women bankers**

**SHRI S. VENKATESAN (MADURAI):** I have been informed by the Bank Employees Federation of India (BEFI) that many branches and offices of Public sector banks and other banks do not have separate toilets for women. This has been confirmed by the information collected through RTI Act and other sources. It is a shocking issue affecting the dignity of the women.

The necessity for providing the separate toilets for women need not be explained. Our sisters deserve honourable, decent and comfortable working atmosphere in work places and it is their right also. Apart from Women employees, Women customers and other women connected with office also require such facility.

I request you to instruct all the Banks - Public Sector, Private Sector, Foreign sector, Cooperative sector, DFIs, Payment and Small Finance Banks - to provide separate toilets for women in all the branches and offices in Madurai and also throughout the country.

---

**माननीय अध्यक्ष** : अब केन्द्रीय बजट पर सामान्य चर्चा होगी।

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे जी।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : शून्य काल कल होगा।

… (व्यवधान)

**17.17 hrs.**

## UNION BUDGET – 2022-2023-GENERAL DISCUSSION...Contd.

**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे** (**हातकणंगले**) **:** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे केन्द्रीय बजट पर चर्चा करने की अनुमति प्रदान की, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदय, मैं महाराष्ट्र के हातकणंगले लोक सभा संसदीय क्षेत्र से आता हूं । आज देश आज़ादी की **75**वीं वर्षगांठ मना रहा है, मैं उसके लिए देश के सभी बहनों और भाइयों का अभिनंदन करता हूं। जब से ये देश बना है, तब से देश ने कुछ पाया है और कुछ खोया भी है। मैं निश्चित रूप से कहना चाहूंगा कि उसमें बहुत सारी सरकारों का योगदान रहा है, बहुत से राज्यों का योगदान रहा है। समूचे राष्ट्र को बनाने में इन सभी के योगदानों की वजह से जो आज का भारत है, निश्चित रूप से यह राष्ट्र (भारत) दुनिया के पटल पर आगे बढ़ रहा है । हम लोग एक बहुत ही कठिन परिस्थिति से गुजर रहे हैं, जहां कोरोना की महामारी की वजह से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था व्यथित हो गई थी। इस कठिन परिस्थिति से उबरने के लिए निश्चित रूप से इस देश को एक अच्छे बजट की जरूरत थी।

मैं सम्माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को कुछ चीजों के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। जो 'पीएम गति शक्ति' इन्फ्रास्ट्रक्चर मास्टर प्लान बनाया गया है, निश्चित रूप से देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को आगे ले जाने और हर सेक्टर को आगे बढ़ाने में उसका बहुत बड़ा योगदान रहेगा।

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्य, आप प्लीज एक मिनट के लिए बैठ जाइए।

माननीय सदस्यगण, माननीय वक्ता अच्छा बोल रहे हैं। प्लीज आप लोग बैठ जाइए। आप लोग सदन में आपस में चर्चा मत कीजिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्य, जब भी कोई माननीय सदस्य बोल रहा हो, तो उसे क्रॉस नहीं करना चाहिए।

… (व्यवधान)

**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे :** अध्यक्ष महोदय, जो चीजें अच्छी हैं, उनका समर्थन करना और जो चाहिए उसकी मांग करना, यह हमारी जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए मैं निश्चित रूप से यह कहना चाहूंगा कि 'पीएम गति शक्ति' एक बहुत अच्छा मास्टर प्लान है, जिससे राष्ट्र को आगे बढ़ाने में बहुत बड़ी मदद मिलेगी। मैं इस सदन के माध्यम से इसके लिए माननीय वित्त मंत्री जी का अभिनंदन करना चाहूंगा। दूसरी तरफ, हमें इसमें जो कमियां नजर आई हैं, उनको भी आपके मद्देनजर रखना मेरी जिम्मेदारी बनती है।

**17.20 hrs** (Shri N.K. Premachandran *in the Chair*)

मैं निश्चित रूप से कहूंगा कि कोरोना की वजह से राष्ट्र का ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया का अर्थचक्र बिगड़ गया है और इस स्थिति से उभरने के लिए आप जो काम कर रहे हैं, उसमें सबका समर्थन होना बहुत जरूरी है। निश्चित रूप से इस बजट में कुछ खामियां हैं, जिनकी मैं बात कर रहा था। बजट पढ़ने के बाद मैं यह कहना चाहूंगा कि 'ऐसी स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिलती नहीं, सिर्फ संकट ही संकट है, सरकार हर बार यही कहती है कि इस साल का बड़ा अच्छा बजट है'।

बजट अच्छा है या बुरा उसके मंसूबे क्या हैं, यह उस पर निर्भर करता है। हमें सरकार की नीयत पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन नीतियों पर जरूर है। जो नीतियां बनाई जा रही हैं, उसके बारे में निश्चित रूप से हर भारतीय को संदेह है और इस वजह से हम आपके सामने कुछ चीजें रखना चाहेंगे। पूरे बजट में जी-20 के जो 20 देश हैं, उन 20 देशों में हम सबसे निचले स्तर पर आ गए हैं। कुछ चीजें कोरोना की वजह से बिगड़ गईं, लेकिन काफी देशों ने डायरेक्ट कैश ट्रांसफर की पॉलिसी अपनाई और उसके माध्यम से उन्होंने अपने देश की इकोनॉमी को बढ़ाने का काम किया। हमारे देश ने भी उसके लिए एक अलग से फार्मूला बनाया, जिसके माध्यम से देश के लोगों को

डायरेक्ट मनी ट्रांसफर नहीं की गई, लेकिन अन्य अनेक माध्यमों से लोगों के पास पैसा भेजने का प्रावधान किया गया।

बजट में 20 लाख करोड़ रुपये की जो घोषणा की गई, उसकी क्या स्थिति है और क्या उसका फायदा एमएसएमईज़ को हुआ? क्या नए स्टार्टअप्स को हुआ? हम नए रोज़गार बढ़ाने की बात कर रहे थे। देश में दो करोड़ नए रोज़गार बनने वाले थे, लेकिन मैं परिस्थिति का अनुभव लेकर यह कहना चाहूंगा कि बेराज़गारी का हाल इस देश में ऐसा है कि आप दो करोड़ नौकरियां तो छोड़िए, इस देश में तीन करोड़ नौकरियां चली गईं। इस देश में ऐसी परिस्थिति बनी हुई है कि तीन करोड़ लोग बेरोजगार हो गए।

अगर आपको अच्छा चित्र बनाना है तो निश्चित रूप से इस बजट में उसके लिए कोई तो स्ट्रॉन्ग प्रोविजन होना जरूरी था। घोषणाएं बहुत अच्छी हैं, लेकिन उनका जो इंप्लीमेंटेशन होना चाहिए, उस इंप्लीमेंटेशन में यहां पर बहुत सारी खामियां दिखाई दी हैं। निश्चित रूप से यहां पर अच्छे-अच्छे काम चल रहे थे। आप कृषि उद्योग को देखिए। कोरोना काल में इस देश को अगर किसी ने बचा कर रखा है तो इस देश के किसानों ने, गरीब आदमी ने बचा कर रखा है और इसके साथ ही आरोग्य विभाग का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

सभापति महोदय, मैं वित्त मंत्री जी से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि जो किसान हमेशा से एमएसपी तय करने की मांग करते रहे हैं, उसका बजट में कहीं भी उल्लेख नहीं है। मैं आपसे यह मांग करना चाहूंगा कि किसानों के एमएसपी के लिए बजट में प्रावधान किया जाए। आधुनिकता किसानों से जरूर जुड़नी चाहिए। आप ड्रोन से खेती के लिए प्रपोज कर रहे हैं, लेकिन अगर आप फर्टिलाइजर्स की कीमते देखें तो वे आसमान छू रही हैं।

आप एक जगह तो ड्रोन से खेती की बात कर रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ महाराष्ट्र या अन्य राज्यों के किसानों में फर्टिलाइजर्स की बढ़ती कीमतों को लेकर एक बहुत बड़ा असंतोष है। इस सेक्टर में आप देखेंगे तो देश में 20 परसेंट लॉसेस रजिस्टर्ड हुए हैं। बहुत सारे युवा जो एग्रीकल्चर सेक्टर में आना चाहते हैं, उनके लिए इस बजट में किसी तरह का इनिशिएटिव नहीं दिखता है।

किसानों की आय दोगुनी करने की ख्वाहिश निश्चित रूप से सरकार की थी, लेकिन अगर आप आज की स्थिति में देखें तो बजट में उसका कोई रिफ्लेक्शन नहीं दिखता है, जिसके माध्यम से किसानों को हर सेक्टर में आगे जाने का मौका मिल पाए।

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि अगर नीतियां अच्छी बनें तो निश्चित रूप से काम भी कारगर तरीके से होता है। टैक्स भुगतान करने वाले जो टैक्सपेयर्स हैं, उनको टैक्स में कुछ बेनिफिट मिलेगा, ऐसा उनका मानना था। बुरी अवस्था में भी इस देश की इकोनॉमी को सुधारने में टैक्सपेयर्स ने बहुत अच्छा काम किया है, लेकिन उनको इस बजट में किसी तरह की सहूलियत नहीं मिली है। एक अकेले महाराष्ट्र राज्य में एक करोड़ लोग टैक्सपेयर के रूप में अपना योगदान देते हैं, लेकिन उनके लिए हम लोग इसमें कुछ भी प्रोविजन नहीं कर पाए। देश के बहुत सारे जो टैक्सपेयर्स हैं, उनकी यह मांग है कि उनके लिए कुछ इंक्लूजन किया जाए, उनको टैक्स में कुछ बेनिफिट दिया जाए।

निश्चित रूप से मैं आपके सामने एक और बात रखना चाहूंगा कि हमारे देश में टैक्सटाइल सेक्टर बहुत बड़ा रोजगार देने वाला सेक्टर है। टैक्सटाइल पॉलिसी बनाते वक्त देश में घोषणा हुई थी कि टैक्सटाइल के लिए नए हब्स बना दिए जाएंगे। 7 मेगा टैक्सटाइल्स पार्क्स की घोषणा की गई। महाराष्ट्र एक ऐसा राज्य है, जहां से देश में एक बहुत बड़ा टैक्सटाइल का हिस्सा आता रहता है। लेकिन पिछले बजट में एक भी टेक्सटाइल पार्क महाराष्ट्र को एलॉट नहीं हुआ है। मैं केन्द्र शासन से मांग करना चाहता हूं कि आप यह योजना महाराष्ट्र में भी लागू कीजिए। उसके माध्यम से हजारों युवाओं को फायदा होगा। 12 हजार करोड़ रुपये का लॉस टेक्सटाइल्स इंडस्ट्री में आया है। एमएसएमई सेक्टर में देखें तो आज 99 प्रतिशत एमएसएमईज क्लोज हुई हैं। निश्चित रूप से यहां कोरोना का जो 20 लाख करोड़ रुपये का पैकेज आया था, अगर आप उसमें से रिवाइवल रेट देखें तो बहुत सारी इंडस्ट्रीज, जैसे हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री, की हालत खराब है। आज होटल्स की अवस्था बहुत बुरी हो गई है। देश भर में बहुत सारे होटल्स बन्द हो गए हैं, उनको फिर से रिवाइव करने के लिए कोई भी प्रावधान हमारे इस बजट में नहीं दिखता है। जो इतनी सारी चीजें देश में घट

रही हैं, उनका एक कारण यह महामारी भी है और मैं समझता हूं कि बजट पर उसका विपरीत परिणाम पड़ा है, लेकिन जो बजट जमा हुआ है, उसमें राज्य जो योगदान देते हैं, हर राज्य का योगदान ध्यान में रखते हुए, उनकी लोक संख्या और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, निश्चित रूप से इस बजट में उनके लिए अच्छा काम होना जरूरी था। महंगाई अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। आज देश के चुनिंदा लोगों के पास सम्पत्ति जमा हो रही है। Fifty-seven per cent of the total wealth in India lies with two per cent of the people living in India.

अगर यह सिचुएशन सही है तो निश्चित रूप से आम जनता, जिसके माध्यम से इतना बड़ा रेवेन्यू जेनरेट होता है और इनडायरेक्ट टैक्सेस में बढ़ोत्तरी हुई, उसे बहुत बड़ा नुकसान होने वाला है। एनआरईजीएस योजना, जिसके माध्यम से हम लोग ग्रामीण इलाकों के विकास में योगदान दे पा रहे थे, उसमें कटौती की गई है। हेल्थ के बारे में कटौती की गई है। आज कोरोना महामारी की वजह से दो चीजें प्रमुखता से उजागर हुई हैं – एक, इस देश के किसान, जिन्होंने इस काल में अपना काम किया, लोगों का पेट भरने और इस देश को चलाने का काम किया। दूसरी तरफ, हेल्थ इंडस्ट्री ने, इस देश के आरोग्य विभाग ने, हर स्टेट के आरोग्य विभाग ने अच्छा काम किया और निश्चित रूप से उसका फल हम यहां देख रहे हैं। मैं सरकार से यह मांग करना चाहूंगा कि आज कोरोना के बाद भी अगर हमारी आंखें नहीं खुलीं, अगर आप प्री-कोरोना और पोस्ट-कोरोना हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर देखें तो निश्चित रूप से हमें इसमें बदलाव करने की जरूरत है। अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अच्छी निधि उपलब्ध होना भी बहुत जरूरी है।

महंगाई की मार के संबंध में अगर पांच वर्षों का रेशियो देखा जाए कि किन चीजों के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है तो वर्ष 2017 में जो सरसों का तेल 70 रुपये का था, वह 200 रुपये पहुंच गया, रिफाइण्ड तेल 75 रुपये से बढ़कर 145 रुपये पहुंच गया। जो मसूर की दाल 60 रुपये की थी, वह 140 रुपये की हो गई, उड़द दाल 88 रुपये से बढ़कर 190 रुपये, चना दाल 90 रुपये से बढ़कर 185 रुपये, चाय 100 रुपये से बढ़कर 200 रुपये पहुंच गई। जो एलपीजी सिलिंडर 419 रुपये का

था, वह 1,000 रुपये के पार चला गया, पेट्रोल 70 रुपये 100 रुपये तक और डीजल 60 रुपये से बढ़कर 90 रुपये तक चला गया। जो इनफ्लेशन रेट बढ़ रहा है, निश्चित रूप से उसका भुगतान आम आदमी को करना पड़ रहा है। इनडायरेक्ट टैक्सेस के माध्यम से हम आम जनता से पैसा वसूल कर रहे हैं, लेकिन उसकी तरफ हमारी जो जिम्मेदारी है, उसे देने में क्या हम कहीं कम पड़ रहे हैं, इस पर केन्द्र शासन को विचार करना जरूरी है।

मैं आपसे महाराष्ट्र के बारे में अनुरोध करना चाहूंगा। मैं महाराष्ट्र से आता हूं। महाराष्ट्र हमेशा ही देश को आगे बढ़ाने में एक सक्षम राज्य रहा है। टोटल टैक्सेशन सिस्टम में महाराष्ट्र के एक करोड़ से भी ज्यादा टैक्सपेयर्स हैं। केन्द्र शासन की जो दो लाख 20 हजार करोड़ रुपये सीजीएसटी जमा होती है, उसमें 48 हजार करोड़ रुपये अकेले महाराष्ट्र राज्य की पूंजी देश के राजस्व में जमा होती है। दूसरी तरफ, उसमें से महाराष्ट्र को जो रिटर्न मिलना था, सिर्फ 5500 करोड़ का रिटर्न मिला है, महाराष्ट्र की मांग है कि सीजीएसटी के 25 हजार करोड़ रुपये आज भी केन्द्र शासन के पास प्रलम्बित हैं। निश्चित रूप से वह जायज मांग महाराष्ट्र आज भी मांगने की कोशिश कर रहा है।...**(**व्यवधान**)**

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude now.

**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे**: सर, चक्रवात की सिचुएशन आई थी महाराष्ट्र में। देश भर में चक्रवात की परिस्थिति निर्मित हुई, मेरे जिले में बाढ़ की परिस्थिति निर्मित हुई, सारे राज्य और देश ऐसी परिस्थितियों से प्रभावित हुआ, लेकिन केन्द्र के माध्यम से राज्यों को मदद करते वक्त राजकीय भेदभाव नहीं होना चाहिए। उसमें आप देखेंगे कि महाराष्ट्र ने जो मांग की थी, उसकी 20 प्रतिशत रकम भी महाराष्ट्र को नहीं मिली। गुजरात को उसी टाइम हजार करोड़ रुपये दिए गए, लेकिन महाराष्ट्र की जो मांग थी, जो न्यायिक मांग है, देश के किसानों और वहां के पीड़ित लोगों को देने का काम ये नहीं कर पाए। मैं निश्चित रूप से यह कहना चाहूंगा कि महाराष्ट्र एक स्वाभिमानी राज्य है। अच्छे काम के लिए और इस देश की बढ़ोतरी के लिए काम करता रहेगा। हमारे मुख्य मंत्री जी ने हमेशा महाराष्ट्र के भले के लिए तथा राज्य और केन्द्र एक साथ काम करें,

इसके लिए हमेशा पहल की है। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि अगर हम लोग अच्छी चीजें बढ़ाना चाहते हैं तो उसमें आपके समर्थन की बहुत जरूरत है। केन्द्र सरकार आपके माध्यम से निधि में कोई दूजाभाव नहीं करेगी, महाराष्ट्र को जो पैसा मिलना चाहिए, वह निश्चित रूप से मिलता रहेगा।

**माननीय सभापति** : प्लीज, आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे** : अगर दबाने की कोशिश की जाए तो मैं बोलूंगा कि महाराष्ट्र की जो न्यायिक मांग है, उसको पूरा करने में केन्द्र सरकार समर्थन करे। हमारी जो मांग है, वह देश को आगे बढ़ाने वाली है, राष्ट्र को आगे बढ़ाने वाली है, उसमें आपका समर्थन बना रहे।

**HON. CHAIRPERSON:** Those hon. Members who would like to lay their written speeches on the Table of the House have the privilege to do so.

**SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU (NARASARAOPET):** Mr. Chairman, Sir, let me start by expressing solidarity with our fellow hon. Member Asaduddin Owaisi ji. We condemn the attack that was made on him. We condemn not only this but all attacks on any Member of this House, every citizen of the country who has a secular and independent voice and we believe that such voice needs to be safeguarded.

Coming to the Union Budget, I would say that it is a little disappointing for the State of Andhra Pradesh because none of the promises made under the Andhra Pradesh Reorganisation Act, 2014 has been mentioned in the Budget. But, before I express my grievances regarding that, let me talk about some positives of the Budget.

The first positive is that even though this is an election year and there is every temptation to come up with a populist budget, the Finance Minister desisted from doing that. The second positive is the acceptance of digital currency and tech economy. It is a way of saying that India is ushering in Industry 4.0. The third positive is, green economy. There is a clear and present danger, which we all are seeing, of climate change that is taking place across the globe. A major economy like India issuing bonds for green infra, PLI scheme for manufacturing solar panels, planned transition into carbon neutral economy are moves in the right direction.

Positive No.4 is, this is very important for my Constituency, high allocation for cotton procurement. CCI has been doing great work for the last few years with respect to procurement of cotton. This is music to the ears of all cotton-growing farmers across the country.

Positive No.5 is the 19 per cent increase in the budget for education. We have seen in the last two years how the most vulnerable group, the children, have suffered because of the learning losses they suffered. We have seen a digital divide among children over the last two years across the country. Hopefully, this increase of 19 per cent in allocation for education will try to and bridge some part of it.

Positive No.6 is the reduction of duty on shrimp-related aqua culture inputs. In our State which exports almost Rs.30,000 crore worth of marine products every year, this will boost our farmers; and this will boost the marine exporters of not only Andhra Pradesh but all the coastal States of India. Positive No.7 is the cut in the tax rate for cooperative societies which are the bedrock of the rural economy. Hopefully, this will strengthen them.

Coming to the concerns about the Budget, the first concern is that the fertilizer subsidy has been decreased. We have seen in the last one year how rates of every fertiliser other than urea have gone up. So, decreasing fertiliser subsidy this time is a cause for concern. The second concern is that there is no increase in allocation for agricultural research. The Prime Minister has been talking about doubling the farmers' income and also of crop diversification and

all these things. Without actually increasing the budget allocation for agricultural research, how is it going to happen? That is a matter of concern.

Food subsidy has been reduced by almost 28 per cent. There is no mention in the Budget of PM Garib Kalyan Anna Yojana which has done amazing work in the last two years during the pandemic. So, I believe that it is going to be discontinued soon. That is a major cause of concern. Allocation for MNREGA has been reduced by 25 per cent.

In the last one year, only 52 days of work has been generated for the 100 days that has been asked. That is an average that has happened. Rural development budget has been cut by 11 per cent. Regarding health care budget, even after pandemic times, we have seen the gaps that are there in the rural health care systems. After seeing all that, even then, we are not able to give three per cent of the GDP with respect to the health care budget. MSME is getting extended emergency credit guarantee till March, 2023. You might say, yes, we are extending this scheme. What is the problem with that? But this is only half cup full.

The other problem is this. There is a major issue with regard to cash flow. Even in the last one-and-a-half years, there are almost 66 lakh MSMEs which have been closed down because of the cash flow issues. So, this needs to be looked into. I raised these concerns because there is a safety net that has been created in this country so that poor people do not suffer. By reducing the fertilizer subsidy, food subsidy, allocation for rural development, MGNREGA and all these things, one the one side, we are not able to keep

them safe with this safety net, and on the other side, as MSMEs are closing down, we are not able to generate enough employment in the MSME sector. So, there is a two-pronged problem in the country. On the one side, there is unemployment and on the other side there is this one. But the Budget is saying that we will face these two problems with one answer, that is, by making sure that capital expenditure is increased and with increase in capital expenditure, growth will happen and employment will be generated. But if you look at capital expenditure figures as well, Rs.7.5 lakh crore has been allocated for capital expenditure. Out of that, Rs.80,000 crore has been allocated for loans to NHAI and BSNL. Another one lakh crore rupees have been given as interest-free long-term loans for the States. If you take out this Rs.1.8 lakh crore from Rs.7.5 lakh crore, it is only three per cent increase compared to last year's capital expenditure that has been proposed.

Having capital expenditure on the books is one thing, but spending it is a completely different thing. Coming from Andhra Pradesh, we have a completely different experience post-bifurcation. It is because the number of promises that have been made in the Andhra Pradesh Reorganisation Act involves capital expenditure which has not been happening for the last eight years or so. Starting with Polavaram, it has been conceived with Rs.15,000 crore as a Project. But after cost escalation and everything, it has gone up to almost Rs.55,000 crore. Till now, only Rs.13,000 crore has been spent on this. … (*Interruptions*) From the Central Government, only Rs.11,000 crore has been reimbursed. Still, there is an amount Rs.2,100 crore that has to be

reimbursed from the Central Government. This is a capital expenditure. This Project is supposed to irrigate almost three lakh acres of land. It is supposed to give drinking water to almost 500 habitations in that area.

Coming to the Railways, in this year's Budget, almost Rs.7,000 crore has been allocated to the State of Andhra Pradesh for various projects of the State of Andhra Pradesh. But going by the past experience, what we have seen in Andhra Pradesh, this amount of Rs.7,000 crore will be there in the books, on the papers, but it will not be spent. It is mainly because a revenue deficit State like Andhra Pradesh cannot fund this. You are asking the States to fund 50 per cent from our side for this and the Centre will fund 50 per cent from their side for land acquisition and all such other costs. But a revenue deficit State like Andhra Pradesh is not in a position to do it. Even the Telugu Desam Party has also written in 2018 raising the same matter saying that whatever you are asking from the State, the share should be decreased so that Rs.7,000 crore or whatever amount is allocated to Andhra Pradesh can be spent in Andhra Pradesh. I hope the Minister will take that into consideration because NHAI and the Ministry of Road Transport and Highways are doing the same thing. When they are acquiring the land, they are coming out with a creative solution. So, the State would not feel that burden. I hope, the Railway Minister will take that into consideration.

Also, regarding the other promises that have been made with regard to the Andhra Pradesh Reorganisation Act, the South Coast Railway Zone has been announced; its operation has been pending. Construction of Oil and

Petrochemical Complex at Kakinada is still pending due to lack of Viability Gap Funding from the Central Government side. The Ramayapatnam port, which has been an alternate port for Dugarajapatnam, which was promised earlier, there is no progress with that. Regarding establishment of an integrated steel plant in Kadapa District, there is slow progress with that. On top of that, to rub salt in the wound, Vizag Steel Plant which was there, which we got after a lot of agitation, the Central Government is planning to privatise it. We have already expressed our dissatisfaction over that. Please try to make it viable through other means.

A number of educational institutions, like IIT, IIM, IIIT, NIT, Central Petroleum University, Central Agricultural University, Central Tribal University, have been sanctioned. We have given land also to that effect, and the State has done all that it could, but most of these campuses are still running from rented buildings. There has been no progress in this regard.

Sir, on Vizag-Chennai Industrial Corridor, which is supposed to boost the economy on the eastern side, only Rs.1340 crore has been spent in the last eight years. This comes under the head ‘capital expenditure’ that was supposed to be spent by the Central Government. Though the Central Government is promising it in this Budget, but this has been the experience of the State of Andhra Pradesh for the last eight years.

Compounding the problem of unscientific bifurcation of the State, AP has received 54 per cent of the population of the State and 45 per cent of its revenue. The revenue deficit, that was calculated during bifurcation, was Rs.23,000 crore, and only Rs.4,000 crore has been received till now.

A Special Package was announced for the backward districts of AP under which only Rs.428 per person was allocated, whereas Bundelkhand under the same Special Package got almost Rs.4,115 per person. This is almost ten times more than what has been allocated for Andhra Pradesh. There are pending dues to the tune of Rs.6,284 crore for APGENCO from Telangana. It has not been settled. AP has a net borrowing limit of Rs.42, 472 crore, but it has been reduced by Rs.6,000 crore because the previous TDP Government has overborrowed it. The Government is punishing us for the misdeeds of the previous Government. These are the problems that we are facing. I am not the first person who is raising it. A number of other Members of Parliament from Andhra Pradesh have raised it numerous times. I am not the first person who is raising it. This is the injustice that has been done to Andhra Pradesh. The House is witness to this injustice.

Last week I was listening to Rahul Gandhi ji speaking about the bouquet of flowers. He had mentioned a number of States but could not take the name of Andhra Pradesh. Maybe, he also knows about the injustice that has been done to Andhra Pradesh. I would request that whatever injustice has been done to Andhra Pradesh be rectified. If the Government wishes us to believe in the Budget - which is promising CapEx - and that it will help Andhra Pradesh

grow, please prove it by fulfilling the promises, approving Rs. 55,000 crore as the escalated cost of Polavaram as soon as possible, releasing the pending amount of Rs.2,200 crore, and extending the GST compensation for another five years. The Government is giving Rs.1 lakh crore interest-free loan to all the States.

**HON. CHAIRPERSON:** Please try to conclude.

**AN HON. MEMBER:** Our Party has got a lot of time.

**HON. CHAIRPERSON:** Your Party has given names of four speakers.

**SHRI LAVU SRIKRISHNA DEVARAYALU :** I think, there are only two or three speakers to speak from our Party.

The interest-free loan to the tune of Rs.1 lakh crore is being given to all the States, but we know the amount of cess that has been collected in the last three years on fuel itself. It has been close to almost Rs.10 lakh crore. Even if we go by the calculation of GST, we should be getting more than Rs.1 lakh crore which has been promised.

In the Budget there has been a mention of Godavari-Krishna-Cauvery river interlinking project. Whatever work has already been done, we should be compensated for that. Please get this project off the ground. All of us are ready for this project to be sanctioned at least in this year.

Finally, Sir, this has been a promise that has been made in this House by the previous Prime Minister, Manmohan Singh ji, as also the promise made by the present Prime Minister during his campaign in 2014 in Tirupati itself. This is the rightful demand of our people, and it is about granting a Special

Category Status. This is a promise that had been made during the unscientific bifurcation of our State. We have been asking continuously about it but nothing has been done. The longer this situation continues, and if we are denied this right, the more people will lose faith in the promises of this Government. The strength of the present Government is that it is connected to the people on the ground. I would request that it should stand by its commitments and ethos.

We must combat the growing sense of alienation among the people of Andhra and handhold them at this crucial stage of their development.

The State of Andhra Pradesh wants to prosper and progress. We want all the States to prosper and progress because we believe inherently that if all the States prosper and progress, then only the so-called *Amrit Kaal* will arrive. Thank you very much.

*__SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAGH)__: I would like to place my views on this General Budget for the year 2022-23. On behalf of my party, Trinamool Congress, I have to make an honest confession that considering the economic crisis that is slowly spreading its wings across various sectors of the economy, this budget was a chance to address the slowdown through bold measures and tackle the issue of rising unemployment, but this budget was all about "Mungeri Lal ke Haseen Sapne".

The Budget has failed to live up to the expectations of the farmers, middle class and youth. The Government has just used fancy words & on the other hand the allocations for various sectors present a grim picture of their commitment towards Sabka Saath, Sabka Vikas. BJP had promised to double farmers' income by 2022 but there was no mention of it. The agricultural sector was in deep crisis owing to drought and floods. Farmers expected the implementation of the M.S. Swaminathan Committee Report on agriculture, but the budget has ignored it.

Much was expected from the Union Budget 2022 which has come at a time when the Indian economy is facing an economic turmoil due to the coronavirus pandemic and battling widespread unemployment and inflation. High hopes were pinned on this year's budget as the country saw young people protesting for Railway jobs, farmers protesting for the government to address their loss of incomes, micro-sector producers as they faced closures

---

* Speech was laid on the Table.

and PSU workers as they fear loss of jobs due to privatisation. It was expected that the Union Budget would give some relief to these sections by promoting employment in these sectors.

Finance minister Nirmala Sitharaman in her speech promised to take care of all these issues, however, the budget numbers suggest that the promises are unlikely to be kept. Allocations have to justify the pronouncements.

At Rs 39.45 lakh crore, the budget expenditure is 15.3% of the projected GDP of Rs 258 lakh crore. For the current year, the revised expenditure of Rs 37.7 lakh crore is 16.2% of the estimated GDP of Rs 232.15 lakh crore. In other words, the expenditures will be proportionately less than what they currently are slated to be.

Further, the allocation to MGNREGA is cut back to Rs 73,000 crore from the revised estimate of Rs 98,000 crore this year. It needed to be stepped up substantially given the increasing demand for work due to high rates of rural job loss due to the COVID-19 pandemic. Further, the allocation in labour intensive sectors such as rural development and agriculture and allied activities show little rise or an actual decline when adjusted for inflation. Thus, this investment pattern will not lead to the boost required in employment generation.

This year's budget speech announced a plethora of schemes but has landed itself in a variety of contradictions. On the one hand, it talked of privatisation while on the other, it promised more investment in the public

sector. Similarly, it also spoke of encouraging growth of cities and mega cities and a massive increase in urbanisation while talking of protecting the environment. Everyone knows that cities are guzzlers of energy and resources. One has to have a policy of creating smaller cities and not mega cities. How that is to be achieved requires planning, which is not in evidence.

The budget has not addressed growing unemployment and inequality. No Wealth Tax introduced to bridge the gap between the rich and the poor. Pandemic has made life difficult for commoners but providing any relief is not on the government's agenda. The rich stands to gain more,

In brief, the budget lacks coherence, does not take care of the current problems faced by the people and does not seem to be credible even though it promises something to everyone.

*__SHRI V.K. SREEKANDAN (PALAKKAD):__ I am thankful for allowing me to express my views in the general discussion on the union budget for 2022-2023.

First of all, I would like to express that the budget presented by our honourable Finance Minister was very disappointing and greatly smashed the hope of the people of the country. Now I come up with some of the issues that need to be addressed.

It has been a demand of the people of Kerala to set up an AIIMS in the State as this State does not appear in the list of 22 AIIMS the government has initiated. I urge that an AIIMS be sanctioned for the State of Kerala and Palakkad is the most ideal place for the same to be set up there, as it is centrally located in the State. Land has been acquired which is lying unused and is in the custody of the Central government. Apart from that, an institution is also willing to offer its giant campus of more than 500 acres with requisite infrastructure for the proposed AIIMS. The proposed AIIMS at Palakkad, can also put an end to the continued infant child mortality in Attappadi which is a tribal area due to lack of medical care there. This will also benefit people of various districts in the neighbouring State of Tamil Nadu too. Therefore, setting up an AIIMS at Palakkad will benefit people of two States. Therefore, it is requested that AIIMS be set up at Palakkad at the earliest.

---

* Speech was laid on the Table.

Palakkad, which is my Parliamentary Constituency, is a centrally placed district in the State of Kerala and adjoining to the State of Tamil Nadu. Airports for the people of Palakkad are at Nedumbassery, Karipur and Coimbatore having a road distance of 113 kms., 101 km. and 69 kms respectively. Palakkad is the second largest industrial district in Kerala, having all types of industries, including both central and State governments' public sector undertakings. The only IIT in the State of Kerala is at Palakkad. Palakkad is also the divisional headquarter of Southern Railway. The work on the Industrial Corridor between Coimbatore and Kochi via Palakkad is in progress. Palakkad is the gateway for reaching all materials to the State of Kerala from many parts of the country. More-over, many thousands of people from this district and its neighbouring district are settled in many parts of the globe, earning precious foreign exchange for the country. The proposed Coimbatore-Kochi Industrial Corridor is expecting huge foreign investment. Hence, it is necessary and essential to have an airport at Palakkad to make travel to/from Palakkad easier. Therefore, I urge that Palakkad may also be included in the airport expansion plan of the government.

Regarding an agrarian issue, I would like to say that almost 40 per cent of rice of Kerala is met by the district of Palakkad as this district has more than 65,000 hectares of agricultural land cultivating mainly rice. Thus, this is known as the rice bowl of Kerala. 80 percent of cultivators are small holding farmers and there are more than three lakh people who depend upon this farming activity in Palakkad. However, due to floods, many thousand hectares of

agricultural land have been damaged and become uncultivable. Therefore, the cultivation has come down drastically. The farmers who took loans were not able to repay it. The agricultural labourers have become jobless, creating social imbalances there. Therefore, I urge upon the Government to provide a special agricultural package for the farmers of Palakkad district urgently.

The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme continued to be a lifeline for the rural folks and this great scheme remained as the only source for the survival during COVID-19 pandemic. It is very surprising and astonishing to note that the government has reduced the budget allocation to Rs.73,000 crore which is 25.51 per cent less than the revised estimate for the current financial year. This has been done when the demand for the work. The rural folks have been demanding to increase the number of days from the current 100 days to 200 days in a year and enhancement in wages considering skyrocketing inflation. But to my utter surprise nothing has been found in the budget, and therefore, urge upon the government to increase the number of work days to 200 and increase the wages under MGNREGA.

Kerala is one of the States which is having rainfall for more than 8 months in a year in the country and therefore, the need for umbrellas in the State is higher than any other States. They cannot think of a life without an umbrella. Therefore, the increase on import duty by 20 per cent on umbrellas and withdrawal of exemption to parts of umbrellas are really injustice towards the people of Kerala. Therefore, I urge upon the government to withdraw the same.

The abandoned move of disinvestment in BEML in 2016 due to stiff opposition by the employees and the State Government of Kerala, again resurfaced now. The employees were on strike for more than a year against privatisation. This is a profit-making Company and it has orders worth more than Rs.10,000 crore won through global tenders. BEML has been manufacturing heavy military vehicles, rail and metro coaches and mining and construction vehicles. It is the only Indian Company engaged in the manufacturing of metro rail coaches in the country. A Unit of BEML at Kanjikode in my parliamentary constituency has already delivered 1500 heavy military trucks, 300 railway coaches and 500 metro bogies and is expected to produce 500 metro bogies this year. This Unit functions on 375 acres of eased land given by the Kerala government. It employs 350 permanent employees and 150 contract workers. The employees and their associations are agitating against the move of the said privatisation of BEML when it is in the spree of production and profit. Therefore, I urge upon the government not to privatise BEML in the interest of its employees and our nation.

One of the most affected segments due to Covdi-19 was LIC agents numbering over 13 lakh, as they were not able to collect premiums which affected their commission. They have been demanding to enhance the insurance coverage to Rs.50 lakh, revision of changes made by LIC on premium payment, enhancing advance relief to Rs.1.0 lakh from Rs.50,000/-, setting up of a welfare fund for LIC agents, pension for them, reducing interest on policy loan, reducing interest on the loans/advances to LIC agents,

relaxation in club entry and continuation eligibility norms, postponement of moratorium on recoveries and GST on all types of policies affecting badly on the LIC policy holders. Therefore, I urge upon the government to look into the issues faced by LIC Agents across the country.

Nearly three million anganwadi workers, have been demanding regularisation of their services so that they are entitled to minimum wages, social security and pension among other benefits. They went on nationwide strike recently highlighting their demands and even made representation to the government. But nothing has been found in the budget for them. Therefore, it is urged that a national policy be made for these workers so that they get uniform benefits and remuneration across the country. The fact is that even after putting in a number of years as anganwadi worker they get a meagre amount as pension for the remaining part of their life. Therefore, I urge upon the government to consider their demands.

Another thing which I would like to mention over here pertaining to the proposed increase of Goods and Services Tax (GST) on the textile sector from the present 5% to 12% from 1.1.2022, which has been deferred for the time being, will adversely affect the textile business not only in Kerala, but in the entire nation. This sector has not come up till now from the pandemic Covid-19 impact and this sector is seeing a sign of slow improvement, but the said decision to enhance the GST to 12% will certainly shut the doors again for the improvement of business as this sector is already undergoing a factor of high cost on clothing/textile materials. This increase of GST will not be able to stock

sufficient stock for the people involved in the textile sector by paying double the amount of tax. Textile sector is the second largest sector providing huge employment after agriculture in the country and this increase of GST on textile will push the progress of it to zero level. In Kerala alone there are more than 30,000 outlets of textile materials, employing nearly two lakh people, mostly women. This GST increase will certainly lead to loss of employment especially for the women folk and this will cause social unrest. The issue of refund on MMF raw material being used in the textile sector should be sorted out by the governments involved and on this issue the government should not make the entire sector as sick. The existing 5% tax is the maximum amount the weavers in lakhs, small scale units and they cannot be treated like corporate. All involved in the sector had made representations to withdraw the hike and the government remained firm till an intervention made by the Government of Gujarat. Sir, the government needs to listen to everybody and not Gujarat alone. Therefore, it is urged that the move to increase the GST on garment and textile be withdrawn completely.

The man and animal conflicts have been increasing day by day and many people have lost their lives on this account. The wild animals are freely moving on the roads and are even entering into human habitations, destroying homes and agricultural crops. Elephant deaths due to train hits have increased in the recent years, reason being that proper rail fencing has not been carried out. My district which has got vast forest area has been affected due to wild animals entering into human settlements and people are living with fear. The

lack of flora and fauna and drying up of water bodies in the forest together with deforestation, are the reasons forcing wild animals to enter into human habitations. Therefore, I urge upon the government to allocate more funds for creating more rail fencing and also to rejuvenate forest with natural flora and fauna and water bodies.

Finally, the budget talks about introduction of Digital and Crypto currency. I am afraid how these will be introduced in a country like India. Therefore, the government needs to think twice before going ahead with the said proposals.

With this I conclude and I strongly oppose the budget.

*SHRI S. R. PARTHIBAN (SALEM): Our Hon'ble Finance Minister Smt.Nirmala Sitaraman presented the 2022-2023 Union Budgets on 1st Feb. In that some of the disappointments which I would like to mention.

In the Economic Survey 2021-22 projected a growth rate of 8-8.5 percent which hints towards more investment in the economy. It is expected that this year's budget will help in upticking growth from the levels that were in 2019 after the country recovered from the worst recession after independence last year. It is being expected that this year's budget will give a push to large scale spending so as to increase jobs and investments in order to move towards an economy of $5 trillion by 2025. But unlikely the unemployment is all time high and the budget did not assure to make employment. As prices of everyday commodities increase, one of the main things mostly everyone will look out for is a rise in the income tax exemption which is currently at Rs 2.5 lakh. It's very much disappointing every common man.

Experts expect that in order to increase its expenditure in infrastructure, the government may increase spending on railways, roads and waterways. Increased expenditure in rural and agricultural areas is expected. MGNREGA is one of the main employment generation to the rural area people. But the allocation of the funds to this scheme is reduced when comparing to the last financial years.

---

* Speech was laid on the Table.

In order to support small business, ease of doing business along with ease of tax compliance, simplification and digitalization are expected to give small traders a moral boost. Lately, Prime Minister Narendra Modi has been stressing on startups, so startup friendly policies and tax relaxations are also expected for upcoming and existing entrepreneurs.

The fiscal deficit for this year is expected to be at 6.3 percent which is lower than the projected deficit of 6.8 percent. Tax revenues, higher nominal GDP growth and limited spending are expected to be contributing factors.

Our Tamilnadu CM Thalapathi M.K.Staline strongly contended the budget for not extending GST compensation beyond June. And he also Pointed out that Tamil Nadu's expectations for sanctioning of funds for schemes and relief for meeting losses incurred during the recent natural disasters, including floods, remained unaddressed in the Union Budget 2022-23, This budget was “hugely disappointing” to Tamil Nadu and its people.

Opposing the 'One Nation, One Registration proposal, it revealed how the Union government was “keen on snatching the rights of the States” in whichever announcement it makes. “It would be apt to call this Union budget as a budge which forgot the welfare of the people,"

Though the proposed allocation of 31 lakh-crore on the basis of “Cooperative Federalism” appeared to benefit the States, Mr. Stalin contended that the funds would be spent on Prime Minister's 'Gati Shakti' Plan and hence in the name of allocating funds for the States, the Union government would spend the funds on its own schemes. How will it help the States when various

conditions are laid for its allocation which does not help the States in receiving the funds?

It was only “consoling” to note that detailed project report for the Godavari-Pennar- Cauvery link project was ready. However, it is worrisome that even the preliminary fund allocation for the project is missing in the budget. Pointing out the absence of any fund allocation for the Defence Corridor in the State,Even in this sector, Tamil Nadu has been boycotted.

Despite the Prime Minister making assurances in various international for a on tackling climate change, the Union Budget has not made any announcement or allocated sufficient funds for States that have come forward to take the lead in this sector.

The Union Budget lacked any scheme for providing relief to people whose livelihoods have been severely affected by the COVID-19 pandemic or schemes to protect MSMEs. Union government has not taken any effort regarding the fiscal deficit of the States. The Chief Minister pointed out that States would be allowed a fiscal deficit of 4% of GSDP in 2022-23, of which 0.5% is tied to reforms in power sector.

This would be hugely critical for States like Tamil Nadu that have been offering free electricity to benefit farmers. The States should have been allowed a fiscal deficit of 5% of GSDP without any conditions. Rejecting the demands of the State governments to extend the GST compensation beyond June 30, 2022. It only showed the Union government's big brother attitude that would not help in the Union-States relations.

While there were demands for expanding the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS) to town panchayats, the reduction in the budget for the implementation of the scheme by 325,000 crore was not only an effort to stop the scheme introduced by the United Progressive Alliance (UPA) but also revealed its intention to take away money from the hands of the downtrodden.

This Union Budget was merely filled with decorative words, there was no change in the personal income tax rates and there was no scheme for families of farmers, who died protesting against the three contentious farm laws enacted by the Union government only to be repealed later.

Thanking You.

***श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर):** आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में हमारी वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने एक ऐसा दूरदर्शी बजट 2022-23 प्रस्तुत किया है जो बजट 100 साल की भयंकर आपदा के बीच, विकास का नया विश्वास लेकर आया है. मैं इस बजट का तहेदिल से समर्थन करता हूं तथा माननीय वित्त मंत्री जी के प्रति धन्यवाद् प्रकट हूं जिन्होंने ऐसा दूरदर्शी बजट पेश किया है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती देने वाला साबित होगा।

ये बजट, अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही सामान्य मानव के लिए, अनेक नए अवसर बनाएगा. सच तो यह है कि यह बजट अधिक बुनियादी ढांचा, अधिक निवेश, अधिक विकास और अधिक नौकरियों की नई संभावनाओं से भरा हुआ है. इससे ग्रीन जॉब्स का भी क्षेत्र और खुलेगा. इस बजट का एक महत्वपूर्ण पहलू है- गरीब का कल्याण। हर गरीब के पास पक्का घर हो, नल से जल आता हो, उसके पास शौचालय हो, गैस की सुविधा हो, इन सभी पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही आधुनिक इंटरनेट कनेक्टिविटी पर भी उतना ही जोर है।

यह बजट More Infrastructure, More Investment, More Growth, और More Jobs की नई संभावनाओं से भरा हुआ है। हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, नॉर्थ ईस्ट, ऐसे क्षेत्रों के लिए पहली बार देश में पर्वतमाला योजना शुरू की जा रही है। ये योजना पहाड़ों पर ट्रांसपोर्टेशन की आधुनिक व्यवस्था का निर्माण करेगी। भारत के कोटि-कोटि जनों की आस्था, मां गंगा की सफाई के साथ-साथ किसानों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस बजट में क्रेडिट गारंटी में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ ही कई अन्य योजनाओं का ऐलान किया गया है। डिफेंस के कैपिटल बजट का 68 परसेंट डोमेस्टिक इंडस्ट्री को रिजर्व करने का भी बड़ा लाभ, भारत के MSME सेक्टर को मिलेगा।

---

* Speech was laid on the Table.

किसानों के लिए भी ये बजट काफी महत्वपूर्ण एवं फायदेमंद है । बजट के प्रावधान यह सुनिश्चित करने वाले हैं की कृषि लाभप्रद हो, इसमें नये अवसर हों । नए एग्रीकल्चर स्टार्ट अप्स को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष फंड हो, या फिर फूड प्रोसेसिंग उद्योग के लिए नया पैकेज, इससे किसानों की आय बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी । एमएसपी पर किसानों से रिकॉर्ड खरीदारी की जाएगी. MSP खरीद के माध्यम से किसानों के खाते में सवा दो लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा सीधे ट्रांसफर किए जा रहे हैं । उल्लेखनीय है कि विगत किसी भी सरकार के काल में किसानों से एम एस पी पर की खरीद के पैसे उनके खातों में सीधे ट्रांसफर नहीं किए गए ।

कोरोना काल में MSME यानि हमारे छोटे उद्योगों की मदद और उनकी सुरक्षा के लिए देश ने लगातार अनेक निर्णय लिए थे । अनेक प्रकार की मदद पहुंचाई थी । इस बजट में क्रेडिट गारंटी में रिकॉर्ड वृद्धि के साथ ही कई अन्य योजनाओं का ऐलान किया गया है । डिफेंस के कैपिटल बजट का 68 परसेंट डोमेस्टिक इंडस्ट्री को रिजर्व करने का भी बड़ा लाभ, भारत के MSME सेक्टर को मिलेगा । ये आत्मनिर्भरता की तरफ बहुत बड़ा मजबूत कदम है । साढ़े 7 लाख करोड़ रुपए के पब्लिक इन्वेस्टमेंट से अर्थव्यवस्था को नई गति के साथ ही, छोटे और अन्य उदयोगों के लिए नए अवसर भी बनेंगे ।

सच कहा जाए तो यह एक ऐसा दूरदर्शी बजट है, जो भारत की अर्थव्यवस्था का स्केल बदलने वाला बजट साबित होगा । ये बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव डालेगा । लोगों को उम्मीद नहीं थी कि इस प्रकार का बजट पेश होगा, क्योंकि इससे पहले भी एक तरह से पांच मिनी बजट पेश हुए हैं । यह बहुत ही शानदार बजट है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम है । रक्षा क्षेत्र के बजट में बढ़ोतरी हुई है । यह बजट आत्मनिर्भर भारत को मजबूत बनाने का बजट है । इस बजट को सभी सेक्टरों को ध्यान में रखकर बनाया गया है,स्वास्थ्य सेक्टर में लगभग 137% की वृद्धि की गई । यह बजट 70,000 गांवों को मजबूत करेगा । 602 गांवों में डिस्ट्रिक्ट लेवल पर क्लीनिक बनेंगे वो विशेष उपलब्धि है ।

2022 में 1.5 लाख डाकघरों में से 100 प्रतिशत कोर बैंकिंग प्रणाली पर आएंगे, जो वित्तीय समावेशन और नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग एटीएम के माध्यम से खातों तक पहुंच को सक्षम करेगा और डाकघर खातों और बैंक खातों के बीच धन का ऑनलाइन हस्तांतरण भी प्रदान करेगा। यह विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक होगा, जिससे अंतःक्रियाशीलता और वित्तीय समावेशन सक्षम होगा। वर्तमान में डाकघर इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से बचत खाता सेवाएं और भुगतान बैंक सेवाएं प्रदान करते हैं।

इस बजट में टैक्स स्ट्रक्चर को लॉन्ग टर्म के आधार पर बरकरार रखने का प्रयास किया गया है। हर साल इसमें अब छेड़छाड़ की गुंजाइश नहीं होगी। बजट में इन्फ्रा एक्सपेंडिचर पर जोर दिया गया है। सरकार जिन सेक्टर्स पर ज्यादा खर्च करेगी, वहां रोजगार के अवसर उपलब्ध होने की गुंजाइश बढ़ेगी। बजट में आर्थिक और इन्फ्रा ग्रोथ पर ध्यान दिया गया है। वास्तिविकता तो यह है कि हाउसिंग फॉर ऑल, रोड, पोर्ट और अन्य इन्फ्रा सेक्टर को प्रोत्साहन देने से भारतीय अर्थव्यवस्था को ही गति मिलेगी। डिजिटल रेवोल्यूशंस से न केवल टेलिकॉम सेक्टर को, बल्कि आईटी एवं बीएफएसआई सेक्टर के साथ ही बैंकिंग सेक्टर को भी फायदा होगा। सरकार ने इस साल विनिवेश का टारगेट काफी कम रखा है। हमारी सरकार फिस्कल डेफिसिट को बैलेंस करने में सफल रही है।

सभी जानते हैं कि क्रिप्टो करेंसी को नियमन की जरूरत है। हालांकि, आरबीआई की डिजिटल करेंसी की वैल्यू को लेकर कई तरह की चर्चा है। डिजिटल करेंसी पर 30 फीसद टैक्स लगाने से सरकार को ही फायदा होगा। उसका रेवेन्यू बढ़ेगा। सरकार ने ग्रॉस वैल्यू पर टैक्स लगाकर क्रिप्टो पर नकेल कसने की कोशिश की है। इससे हवाला और अन्य मार्गो से क्रिप्टो व अन्य डिजिटल करेंसी में होने वाले अनुचित निवेश पर लगाम लगेगी। बजट में युवाओं की नौकरी के अवसर प्रदान के लिए काफी कुछ ध्यान दिया गया है । बढ़ती बेरोजगारी के बीच यह बजट युवाओं को राहत देने वाला है।

बजट में 80 लाख सस्ते घरों को देने की योजना के लिए 48,000 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया है और इसका बड़ा फायदा गांवों और सब-अर्बन इलाकों पर दिखेगा. इसके अलावा इस बजट की अवधि के दौरान शहरी इलाकों में भी अफोर्डेबल हाउसिंग को सुलभ बनाया जाएगा. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इसका फायदा जरूरतमंद लोगों को मिलेगा. ये आम लोगों का बजट है और इसमें सभी वर्गों पर ध्यान दिया गया है. पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों को इस बजट से फायदा होगा. उत्तर पूर्व के राज्यों के लिए बजट में जो प्रावधान किए गए हैं वो काफी प्रशंसनीय हैं। बजट में 60 लाख नौकरियों का प्रावधान भी रखा गया है जिससे युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के मौके पैदा होंगे. बजट किसानों की आय दोगुनी करने से लेकर आत्मनिर्भर भारत की सोच को पूरा करने वाला साबित होगा. यह बजट एक विजन पेश करता है कि इस साल और आने वाले सालों में देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार कैसी रहेगी. यह बजट विजन वाला बजट है और स्पष्ट तौर पर तरक्की को नई दिशा देने पर काम करने में मददगार साबित होगा. इस बार का बजट सरकार के विजन को दिखाता है. अगले 25 सालों के लिए जो ब्लूप्रिंट है वो देश के भविष्य को ध्यान रखकर बनाया गया है. निवेश के लिए बड़ा बजट एलोकेशन किया गया है और पहले जहां 5 लाख करोड़ रुपये कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए बजट था, इस बार उसे 7.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है. इस बार सड़कों, हाईवे, रोपवे से लेकर डिजिटल पढ़ाई तक पर जोर इस बजट में दिया गया है. देश की तरक्की के लिए ऐसा बजट बेहद सहयोगी साबित होगा.

मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि इस आम बजट से आत्मनिर्भर भारत की मुहिम रंग लाएगी और हमारा भारत देश आपके कुशल नेतृत्व में विश्व गुरू बनकर उभरेगा। यहां मैं अपने लातूर क्षेत्र की कतिपय समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्शित करना चाहता हूं। मेरा लातूर संसदीय क्षेत्र विगत कई दशकों से भयंकर सूखे का सामना कर रहा है। इसके कारण इस क्षेत्र में न केवल पेयजल संकट व्याप्त है अपितु सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं है। पानी की संकट के कारण खेती ही नहीं अपितु सभी तरह के उद्योग भी यहां से पलायन कर चुके हैं। यहां कोई भी बड़ा उद्योग नहीं है तथा यह क्षेत्र औद्योगिक रूप से पूरी तरह पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। यही

नहीं विगत दो सालों के दौरान अति वृश्टि व बाढ़ के कारण पहले से ही परेशान किसानों पर दोहरी मार पड़ी है। उनके खेतों में खड़ी हजारों हेक्टेयर की फसलें बरबाद हो गई। हजारों मवेशी बाढ़ में बह गए। सैंकड़ो मकान अति-वृष्टि के कारण धाराशायी हो गए एवं सैंकड़ो लोग असमय मृत्यु की भेंट चढ़ गए। मेरा सरकार से अनुरोध है कि लातूर को एसपायरेशनल जिलों की सूची में शामिल कर इसके समेकित विकास हेतु एक योजना बनाकर उसे शीघ्रातिशीघ्र कार्यान्वित किया जाए ताकि यहां की अर्थव्यवस्था पुनः पटरी पर लौट सके तथा रोजगार के नए अवसर पैदा हों तथा बेरोजगारी की समस्या से निजात मिल सके।

दशकों के सूखे से बरबाद हुई लातूर की अर्थव्यवस्था को सुधारने तथा यहां रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने हेतु कुछ साल पहले सरकार ने यहां लातूर कोच फैक्ट्री की स्थापना का निर्णय लिया तथा इस पर तेजी से कार्यवाही करते हुए लातूर कोच फैक्ट्री का निर्माण कार्य भी समयबद्ध ढंग से पूरा हो गया है। विन्ता का विषय यह है कि निर्माण कार्य पूरा किए जाने के लगभग दो सालों के बाद भी इस फैक्ट्री में कोच निर्माण कार्य चालू नहीं हुआ है। लातूर के स्थानीय लोगों व नवयुवकों को इस कोच फैक्ट्री से भारी आशाएं हैं। यही नहीं इसको जरूरी उपकरणों की आपूति करने हेतु यहां बड़ी संख्या में अनुषंगिक वर्कशाप भी लगने की उम्मीद थी जिससे यहां बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। कोच निर्माण कार्य शुरू होने में विलम्ब के कारण यहां लातूर के लोगों में काफी निराशा व्याप्त होती जा रही है। मुझे ज्ञात हुआ है कि सरकार इस फैक्ट्री में कोच निर्माण कार्य शुरू करने हेतु कोई कंपनी गठित करने पर विचार कर रही है परन्तु इस विषय में असाधारण देरी के कारण यहां के निवासियों में असंतोष की स्थिति व्याप्त हो गई है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि लातूर कोच फैक्ट्री में कोच निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू करने हेतु तत्काल कदम उठाए जाए तथा समयबद्ध ढंग से इस फैक्ट्री में परिचालन आरंभ किया जाए ताकि यहां स्थानीय लोगों को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल सकें तथा परिणामस्वरूप लातूर की अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके।

सरकार से मेरा यह भी अनुरोध है कि यथा संभव लातूर कोच फैक्ट्री में कच्चे माल की आपूर्ति स्थानीय स्रोतों से की जाए ताकि यहां अनुषंगिक उद्योग लगें और इस क्षेत्र का औद्योगिक विकास के साथ ही साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ें। यही नहीं मेरा सरकार यह भी अनुरोध है कि रेल कोच फैक्ट्री में की जाने वाली भर्ती में इस क्षेत्र के लोगों का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कम से कम 70 प्रतिशत कर्मचारियों/कामगारों की भरती स्थानीय युवाओं में से की जाए ताकि इस क्षेत्र के युवाओं को बेरोजगारी के संकट से मुक्ति मिल सके।

जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया, लातूर क्षेत्र विगत कई दशकों से भयंकर सूखे का सामना कर रहा है। यहां न तो पीने के लिए और न ही सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के हर घर जल हर घर नल कार्यक्रम के तहत यहां के शहरी तथा ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पर बहुत धीमी गती से कार्य हो रहा है। इस में तेजी लाकर यहां के हर नागरिक को पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत लातूर के ग्रामीण क्षेत्रों में उन्जनी बांध से पाईप द्वारा सिंचाई तथा पेयजल आपूर्ति हेतु एक योजना शीघ्रातिशीघ्र बनाकर कार्यान्वित करे ताकि यहां की आम जनता को पेयजल की समस्या से छुटकारा मिल सके तथा किसानों को अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। जलशक्ति मंत्रालय द्वारा लागू की जाने वाली जल संरक्षण व प्रबंधन योजना के तहत यहां लाटूर शहर तथा इसके ग्रामीण इलाकों में सिंचाई तथा पेयजल व्यवस्था को पुनर्जीवित किया जाए।

यहां महत्वपूर्ण मंजरी नदी है परन्तु पर्यावरणीय दुर्दशा के कारण यह पूरी तरह सूख गई है। इसके संरक्षण एवं पुनर्जीवन की आवश्यकता है ताकि यहां की सिंचाई एवं पेयजल की समस्या से छुटकारा पाया जा सके। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इसके संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु तत्काल कदम उठाए जाएं।

हालांकि लातूर जिले को कई दलहनों, विशेषकर गुणवत्तापूर्ण तुअर की दल, तिलहनों के उत्पादन के लिए देशभर में जाना जाता है तथा इससे संबंधित प्रसंस्करण उद्योग भी यहां पर हैं। परन्तु 1993 के भूकंप की तबाही तथा विगत 10 सालों के भयंकर सूखे के कारण यहां की अर्थव्यवस्था पूरी तरह ठप्प हो गई है तथा अनेक उद्योग तथा परिवार यहां से पलायन कर रहे हैं। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि यहां की अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने हेतु तत्काल कदम उठाए जाएं ताकि यहां रोजगार के अवसर पैदा हों तथा लोगों का पलायन रूक सके।

लातूर जिले में पर्यटन एवं धार्मिक दृष्टि से अनेक महत्वपूर्ण स्थल हैं जहां पूरे देशभर से लाखों लोग आते हैं परन्तु आवश्यक पर्यटक सुविधाओं के अभाव में इनकी दशा बहुत अच्छी नहीं है। मुख्य स्थल इस प्रकार हैं:

- लातूर में पंचगंगा नदी के तट पर देवी महालक्ष्मी का मंदिर है जो भारत के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है
- लाटूर शहर को छत्रपति साहू जी महाराज जी ने बसाया था
- उद्गीर का किला इतिहास एवं संस्कृति की धरोहर है । यहां सदाशिवराव भाऊ के नेतृत्व में हैदराबाद के निजाम के साथ युद्ध हुआ था
- लातूर से 20 किलोमीटर दूर औसा में एक प्राचीन किला है जो जर्जर अवस्था में है। वीरनाथ महाराज का मंदिर यहां का मुख्य आकर्षण है
- अहमदपुर तालुके में अक्कलकोट के गुरू स्वामी समर्थ महाराज की समाधि है। यहां माहुर की रेणुका देवी, महादेव, दत्ता और बालाजी मंदिर हैं
- हेमदशली, निलंगा में 800 साल पुराना प्राचीन शिव मंदिर है जो ज्यामितिय डिजाइन के लिए जाना जाता है

- खरोसा में छठी शताब्दी की गुफाएं है जो प्राचीन मूर्ति एवं प्रस्तर कला की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

- शिरूर अनंतपाल में 11वी शताब्दी में बना शिव मंदिर है जो शिवलिंग तथा महिषासुर मर्दिनी की बेहद खूबसूरत प्रतिमाओं एवं प्रस्तर कला के लिए जाना जाता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि धार्मिक व पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण उपरोक्त सभी स्थलों के ढांचागत विकास एवं वहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पर्यटन सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लातूर शहर को केन्द्र सरकार की 'अमृत' योजना के तहत लाकर यहां का ढांचागत विकास किया जाए ताकि यहां का सर्वांगीण विकास होने के साथ साथ यहां के युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर भी मुहैया हो सकें।

लातूर स्टेशन पर कोच मेंटीनेंस सुविधा नहीं है। इसी कारण विगत 75 सालों में यहां से किसी नई रेल सेवा शुरू नहीं की जा सकी है। वर्ष 2019 में सरकार ने बजट में यहां पिट लाईन बिछाने की घोषणा की थी। परन्तु दुर्भाग्यवश यहां अभी तक भी पिट लाईन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। रेल कोच फैक्ट्री तथा सी आर पी एफ का केन्द्र होने के कारण, लातूर से हाल के सालों में यात्री व माल यातायात कई गुना बढ़ गया है तथा यहां से नई रेल सेवाएं शुरू किए जाने की तत्काल आवश्यकता है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वर्ष 2022 -23 के बजट में पिट लाईन के निर्माण हेतु आवश्यक फंड प्रावधान करके चालू साल में लातूर स्टेशन पर पिट लाईन का निर्माण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

लातूर रोड से गुलबर्गा तक नई रेल लाइन बिछाने हेतु सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है । यह लाईन मेरे लाटूर क्षेत्र ही नहीं अपितु पूरे महाराष्ट्र व कर्नाटक के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि अब इस नई लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण तथा निर्माण के लिए आगे कार्यवाही की जाए तथा इसके लिए बजट में आवश्यक धनराशि का प्रावधान किया जाए।

रेलवे ने कुछ समय पहले यह भी निर्णय किया था कि कुरडुवाडी - लातूर - लातूर रोड रेलवे लाइन का दोहरीकरण तथा विद्युतीकरण किया जाए। यही नहीं इस लाइन को बोधन तक बढ़ाने का भी निर्णय हुआ था ताकि विभिन्न महत्वपूर्ण शहरों तक लाटूर का रेल संपर्क हो सके। ऐसा प्रतीत होत है किइस दिशा में अभी तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना पर भी शीघ्रातिशीघ्र कार्यान्वयन किया जाए ताकि यहां के निवासियों को रेल सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जा सके।

प्रस्तावित नई लातूर रोड - नांदेड रेल लाईन का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो चुका है तथा इस सर्वेक्षण की रिपोर्ट रेल बोर्ड के पास विचाराधीन है। मेरा सुझाव है कि इस लातूर रोड - नांदेड़ नई रेल लाईन को बढ़ाकर 100k.m. की जाय इससे वर्धा यवतमाल नांदेड ये रुट जुड़ जाएगा। यह मार्ग होने से वर्धा- यवतमाल मार्ग विटा, मराठवाडा, पश्चिम महाराष्ट्र, कोकण, कर्नाटक, केरल किनारपट्टी से जुड़ जाएगा। यही नहीं यह मार्ग होने से पश्चिम महाराष्ट्र, कोकण, कर्नाटक एवम उत्तर भारत का अंतर 175km तक कम होगा, नांदेड पूणे का अंतर | 10km, नागपुर- कोल्हापूर का अंतर 175km तथा नागपुर-पूणे का अंतर 70km तक कम होगा। वीटर से नांदेड जाने के लिए भी लातूर रोड से यह मार्ग प्रशस्त होगा। इसके अलावा, इससे नांदेड-लातूर रोड एवं लातूर इस मार्ग पर आने वाले सभी स्टेशनों के यात्रीयो की सुविधा होगी और रेल्वे के राजस्व में भी बढोतरी होगी। अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त सुझावों पर प्राथमिकता के आधार पर विचार कर प्रस्तावित नई लातूर रोड- नादेड रेल लाईन पर कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं तथा इस हेतु आवश्यक वित्तीय प्रावधान इस वर्ष 2022 के बजट में करवाने का कष्ट करें।

इन शब्दों के साथ मैं हमारी सरकार के बजट 2022-23 का पुनः समर्थन करता हूं।

*__श्रीमती शारदा अनिल पटेल (महेसाणा):__ मैं माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा पेश किए गए आम बजट का समर्थन करती हूं । सरकार ने **7** वर्ष पूर्व भारत के लोगों को एक ईमानदार, स्वच्छ और पारदर्शी सरकार देने का वचन दिया था और एक ऐसे नेतृत्व का वादा किया था जो कठिन निर्णयों को कम करने में और भारत की अर्थव्यवस्था में विश्वास को बहाल करने में सक्षम हो ।

इस बार आदरणीय वित्त मंत्री जी ने अनुमानित 39.45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है जो पिछले वर्ष के 37.70 लाख करोड़ रुपये से लगभग 4.6 प्रतिशत ज्यादा है। यह आम बजट कृषि , ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, एमएसएमई और बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों को मजबूत करने के मिशन पर फोकस करता है । हमारी सरकार गरीबों और मध्यवर्ग के लोगों का जीवनयापन बेहतर करने और व्यापार को आसान बनाने पर ध्यान दे रही है। जिसका निश्चित ही सराहना की जानी चाहिए।

यह बजट आम आदमी के लिए कई अवसर पैदा करेगा। आयकर दरों और स्लैब में कोई बदलाव नहीं । मानक कटौती भी यथावत है । यह बजट अधिक इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रोथ और संभावनाओं से भरा है। इस बजट के जरिए ग्रीन जॉब्स का नया सेक्टर खुला है। इससे देश के युवाओं का भविष्य उज्ज्वल होगा । इस बजट का हर क्षेत्र में स्वागत हुआ और लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आई है। वंदे भारत ट्रेन, डिजिटल करंसी, किसानों के लिए ड्रोन, नेशनल हेल्थ के लिए डिजिटल ईकोसिस्टम जैसी घोषणाओं से सबको फायदा होगा।

यह बजट गरीबों का कल्याण करने वाला बजट है। हर गरीब को पक्का घर मिले, हर नल में जल आए, उनके पास शौचालय हो और गैस की व्यवस्था हो। इन सभी पर विशेष ध्यान देते हुए यह बजट बनाया गया है। साथ ही आधुनिक इंटरनेट कनेक्टिविटी पर भी जोर दिया है। हिमालय के पूरे पट्टे पर भी जीवन आसान बनाने और वहां से पलायन रोकने को ध्यान में रखते हुए भी नई घोषणाएं की गई हैं। हिमाचल और जम्मू-कश्मीर जैसे क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पर्वतमाला

---

* Speech was laid on the Table.

योजना की शुरुआत की गई है। इससे पहाड़ों पर ट्रांसपोर्ट और कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इस बात के लिए मैं सरकार के दूरदर्शी सोच की प्रशंसा करती हूँ। इससे सीमा के गांवों को बड़ी ताकत मिलेगी।

बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और धान की खरीद के लिये 2.37 लाख करोड़ रुपये भुगतान करेगी। इस बजट में प्रावधान किया गया है कि गंगा की सफाई के साथ-साथ किसानों के कल्याण के लिए उत्तराखंड, यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड जैसे राज्यों में गंगा किनारे नेचुरल फार्मिंग को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इससे गंगा को कैमिकल मुक्त करने में मदद मिलेगी। इस बजट से कृषि लाभप्रद होगी और विशेष अवसर मिलेंगे। इससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। एमएसपी के जरिए किसानों के खाते में सवा दो लाख करोड़ से भी ज्यादा सीधे ट्रांसफर किए जा रहे हैं। कृषि मंत्रालय के उपरोक्त बजट में सबसे बड़ी योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम- किसान) में पिछले साल के 67,500 करोड़ रुपये को बढ़ाकर 68,000 करोड़ रुपये किया गया है। हमेशा की तरह माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों की आर्थिक हालत को सुदृढ़ करने के लिए इस बजट में भी संकल्पित है।

एमएसएमई की मदद और सुरक्षा के लिए कई फैसले लिए गए थे, इस बजट के जरिए एमएसएमई के लिए कई योजनाओं का ऐलान किया गया है। एमएसएमई की रेटिंग के लिए 6,000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम को पांच वर्षों में लागू किया जाएगा केन- बेतवा नदियों को 44,605 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जोड़ने की योजना के क्रियान्वयन को आगे बढ़ाया जाएगा। बजट में ड्रोन शक्ति का ऐलान किया गया है जिससे देश में ड्रोन इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलेगा साथ ही अब विभिन्न कामों के लिए ड्रोन्स का इस्तेमाल भी संभव हो पाएगा। भारत में पिछले कुछ सालों में ड्रोन का इस्तेमाल काफी बड़ा है। सेना से लेकर पुलिस तक अब ड्रोन का इस्तेमाल करके उन इलाकों में भी निगरानी कर रहे हैं जहां पर पहले पहुंचना मुश्किल माना जाता था। ड्रोन ना सिर्फ तंग इलाकों में आसानी से निगरानी के काम आते हैं बल्कि इनसे मुश्किल हालातों जैसे बहुत ज्यादा सर्दी या गर्म इलाकों में भी अच्छी तरह से काम लिया जा सकता से है। ड्रोन शक्ति के ऐलान के

साथ ही अब देश में ड्रोन इंडस्ट्री को काफी बढ़ावा मिलने वाला है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को 14 क्षेत्रों में मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद तीस लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव है । रेलवे छोटे किसानों और एमएसएमई के लिये नये उत्पाद विकसित करेगा । एक उत्पाद, एक रेलवे स्टेशन को लोकप्रिय बनाया जाएगा, 400 नयी वंदे भारत ट्रेनें चलायी जाएंगी। केंद्र, राज्य सरकारों के प्रयासों से रोजगार, उद्यमशीलता के अवसर बढ़ रहे हैं। तिलहन उत्पादन बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिये योजना लायी जाएगी । सड़क परिवहन मास्टरप्लान लिए पीएम गति शक्ति को 2022-23 में अंतिम रूप दिया जाएगा । 2022-23 को **"अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष"** घोषित किया गया है। हब एंड स्पोक मॉडल के आधार पर शिक्षा देने के लिए डिजिटल विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा । मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग के लिए राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन में वृद्धि के सात इंजन से संबंधित परियोजनाओं को पीएम गतिशक्ति से जोड़ा जाएगा । बाल स्वास्थ्य में सुधार के लिए दो लाख आंगनबाड़ियों को बेहतर बनाया जाएगा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2022-23 में 44,000 करोड़ रुपये से 80 लाख किफायती घर बनाए जाएंगे।पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिये नई योजना पीएम विकास पहल शुरू की जाएगी । डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंक स्थापित किए जाएंगे। ढांचागत सुधारों की बदौलत भारत भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाने लगा है । विनिर्माण, सेवा और निर्यात क्षेत्रों में विकास के पटरी पर वापस आ जाने से भारत अब 9 प्रतिशत से भी अधिक की आर्थिक विकास दर हासिल करने की दिशा में मजबूती से अग्रसर हो गया है । मैं इसके लिए बधाई देती हूँ।

कुल मिलाकर फूड से लेकर फाइबर ऑप्टिक्स तक, सड़क से लेकर शिपिंग तक, युवा से लेकर सीनियर सिटिजन तक, ग्रामीण भारत में लेकर आयुष्मान भारत, एक डिजिटल इंडिया से

लेकर स्टार्ट अप इंडिया तक, ये बजट, देश के सवा सौ करोड़ लोगों की आशा-अपेक्षाओं को मजबूत करने वाला बजट है ।

अतः इस बजट की सराहना के साथ मैं इस बजट का समर्थन करती हूं।

*[*]**SHRI P. R. NATARAJAN (COIMBATORE):** I would like to lay my speech on Table on General Discussion on the Budget 2022-23

On the whole, the Budget is disappointing People had high expectations from this Budget particularly during the corona period and ill equipped to deal with the crisis engendered by the COVID-19 pandemic. There is nothing in the Budget for the general public. The expectation that the Budget would strengthen the public sector and help generate more employment in the country has not materialized Nothing to reduce price rise

MSP was not even mentioned in the Finance Minister's speech. Budget 2022 turned out to be a bag of disasters & deceptions. The Budget has lesser allocations for MSP on paddy and wheat this year compared to previous years, The Finance Minister Proudly announced Rs. 2.37 lakh crore for this allocation but Last year, the actual spending was to the tune of 2.48 lakh crore. Allocations of all major schemes for farmers have seen a budget cut. The allocation for procurement to FCI and under decentralisation procurement scheme has been reduced by about 28 per cent at a time when farmers are struggling for a legally guaranteed MSP. Allocation of funds for fertilizer subsidy has been reduced by 25 per cent. Under PM-KISAN, 12.5 crore farmer households are supposed to be provided Rs. 6000 each which requires an allocation of Rs. 75000 crores. However, only Rs. 68000 crores have been allocated. Allocation for the crop insurance scheme has also fallen by about

[*] Speech was laid on the Table.

500 crores. So, it is clear indication that it is a Anti Farmers Union Budget and again the Government has Cheated the Farmers in this Budget.

Even the allocation of health scheme for vaccines in 2022-23 also is lower compared to the current year. It seem that The central Government has not taken any lesson from the whole pandemic crises.

In all the recent years, government has not spent even the meagre allocation for welfare of children. The revised estimates for expenditure on welfare of children is Rs. 5700 crores less than what was budgeted. Nothing has been done to help children cope with the devastating impact of closure of schools and anganwadis.

The country expected that the Union Budget would provide some relief to the unemployed youth. Now India has 200 million jobs missing but No urban employment guarantee announce, Unemployment in India is the worst in 50 yearsand people devastated by the pandemic, but they were completely disappointed by the Budget, On this Budget there is no vision reflected for creation of jobs as it was a "Zero Budget" for them.

The Frequent hike in the prices of petroleum products has also upset the household budget beyond recovery, and roll back of the excise duty would have given them some relief, Over the last two years, there has been a huge cut in LPG subsidy. Last year, allocation was cut by 60 per cent and another 60 per cent cut has been inflicted in the budget for 2022-23 but the Union Budget has only protected the interest of the rich friends of the Modi government. During the last two years of pandemic, the rich have become

richer. According to Oxfam, wealth of India's richest families reached a record high in 2021. The top ten percent people in India hold 57 per cent of the income. Yet, there is no proposal to impose tax on these super profits and use these resources to provide relief to the vast majority of suffering people,

In view of these points, the budget 2022-23 has completely failed in identifying the priorities to provide relief for the common people.

**श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे सामान्य बजट, 2022-23 पर हो रही इस चर्चा में भाग लेने की अनुमति दी, उसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, मैं सबसे पहले माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने अपने बजट भाषण की शुरूआत कोरोना महामारी से परेशान और क्षति पाए हुए आम लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए शुरू की। महामारी काल से उबरते हुए देश की अर्थव्यवस्था काफी अच्छी गति से अपनी रफ्तार पकड़े हुए है। आर्थिक विकास दर 9.2 प्रतिशत, इसका उदाहरण है। यह सब माननीय प्रधान मंत्री जी के सफल नेतृत्व में सरकार के अच्छे कार्यों का ही नतीजा है। इसके लिए भी सरकार धन्यवाद की पात्र है।

महोदय, कोरोना महामारी ने वैसे तो पूरे विश्व को झकझोर कर रख दिया है, किंतु अपने यहां तेज गति से हुए टीकाकरण के कारण ही हम कोरोना की तीसरी लहर को मजबूती से झेल गए और कम से कम नुकसान हुआ। इस महामारी से हमारे देश के ग्रामीण इलाकों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का ढांचा तैयार हो जाए, यह एक सार्थक कदम कहा जाएगा। सरकार नागरिकों को, विशेषकर गरीबों और हाशिए पर रह रहे लोगों के लिए जो भी कार्यक्रम और योजना चलाती है, उसका काफी फायदा सामने नजर आ रहा है।

अब गरीबों के खाते में सरकारी सहायता डायरैक्ट ट्रांसफर होती है। बिचौलियों की तो अब दुकान ही बंद हो गई है। 80 लाख लोगों को पक्के घरों का फायदा हुआ। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिला। किसानों को पेंशन, श्रमिकों को पेंशन और विकलांगों को पेंशन मिलने के कारण लोगों में खुशी का माहौल है। हां, वैसे हमारे किसानों की दशा अभी काफी दयनीय है। सरकार को इस पर अधिक ध्यान देकर किसानों की आय दोगुनी करनी है। युवाओं में बेरोजगारी एक समस्या है, इसे भी दूर करने की नीति स्पष्ट होनी चाहिए, नहीं तो यह एक खतरे की घंटी है।

सभापति महोदय, नीति आयोग और रघुराम राजन कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार अति पिछड़े राज्यों, विशेषकर बिहार को आगे बढ़ाने के लिए विशेष राज्य का दर्जा देना अति आवश्यक हो गया है। सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। सरकार ने 'पीएम गति शक्ति' के नए नाम के

साथ इंजनों से संबंधित परियोजनाओं की घोषणा की है। यह सार्थक कदम होगा, अगर सरकार ईमानदारी से इसे आगे बढ़ाए, नहीं तो सांसद आदर्श ग्राम योजना और स्मार्ट शहर योजना की तरह इसे भी आधा-अधूरा ही न छोड़ दिया जाए।

महोदय, हमारा मध्य वर्ग और नौकरीपेशा लोग देश की रीढ़ हैं। उन्हें हर वर्ष टैक्स में क्या लाभ मिलता है, वे इसकी प्रतीक्षा में रहते हैं और नए बजट की ओर आस लगाए रहते हैं। वित्त मंत्री जी ने इसी मध्यम वर्ग को टैक्स में कोई रियायत न देकर निराश किया है। इस पर पुन: विचार किया जाना चाहिए।

महोदय, अब मैं अपने राज्य बिहार और अपने क्षेत्र से संबंधित कुछ समस्याओं का उल्लेख करना चाहता हूं। बिहार में बाढ़ और सुखाड़ दोनों ही साथ-साथ प्रतिवर्ष चलता रहता है। सरकार को उत्तरी बिहार के करीब 16 जिलों को, बिहार के करीब 75 प्रतिशत भू-भाग को बाढ़ से निजात दिलाने के लिए लॉन्ग टर्म प्लानिंग करनी होगी। गंगा नदी के गाद को साफ करना होगा। उत्तर बिहार की सभी नदियों के बांध को बाढ़ की क्षति झेलने लायक सुदृढ़ीकरण करना होगा। इसके साथ ही नेपाल सरकार से बात करके इसका साइंटिफिक सॉल्युशन निकालना होगा। ऐसा करने से ही हम अपने यहां के लोगों के जान-माल की प्रतिवर्ष हो रही क्षति को रोक सकते हैं।

टुकड़े-टुकड़े में काम करने से सफलता नहीं मिलेगी। बिहार में एनएच और एक्सप्रेस वे की स्वीकृति मिली है, उसे गति प्रदान करके समयबद्ध योजना के तहत काम को पूरा करना चाहिए। बिहार के दर्जनों सांसद सड़क परिवहन मंत्री से मिले थे। उस इलाके की इसे लिंक लाइन कहा जाएगा, जिसके तहत बिदुपुर से दलसिंहसराय, सिमरी, बख्तियारपुर, बिहारीगंज, पूर्णिया तक भारत माला के तहत चार लेन सड़क निर्माण कराया जाए। पूर्णिया, मुजफ्फरपुर से पटना आने में 368 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है और पूर्णिया से नौगछिया, बेगुसराय, बख्तियारपुर से 340 किलोमीटर की दूरी पटना आने के लिए तय करनी पड़ती है। प्रस्तावित पथ पूर्णिया, बख्तियारपुर, दलसिंहसराय से पटना आने में 110 किलोमीटर कम दूरी तय करनी पड़ेगी। इसकी स्वीकृति देते हुए इसका निर्माण कराया जाना चाहिए। भारत माला योजना के तहत जो एनएच

बिहार से गुजरेगा, उसका समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर उसका कार्यान्वयन कराना चाहिए। एनएच-106 हमारे इलाके से गुजरता है। इसका काम छह साल पहले शुरू किया गया था, लेकिन आज तक 50-55 प्रतिशत ही काम हुआ है। पटना हाईकोर्ट के माननीय चीफ जस्टिस गए थे। उस इलाके में उन्होंने जब उस सड़क की दुर्दशा देखी, तो सो-मोटो कग्नीजेंस लेकर उस पर कार्यवाही शुरू की, लेकिन उसका कोई परिणाम नहीं मिल रहा है। एनएच-106 पर ही उदाकिशुनगंज से बिहपुर 28.9 किलोमीटर फुलौत में कोसी नदी पर 6.9 किलामीटर उच्च स्तरीय पुल एवं चार लेन पथ के निर्माण के लिए संविदा एफ्कॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई को काम अलॉट किया गया। प्रधान मंत्री जी ने इसका शिलान्यास भी किया, लेकिन एक साल से अधिक होने को चला उसके बाद भी इसका काम शुरू नहीं हो रहा है। इसी पथ पर सिंहेश्वर स्थान घनी आबादी का इलाका है और तीर्थस्थल है। यहां सरकार को फ्लाई ओवर या बाय पास हो, उसका निर्माण कराना चाहिए। एनएच-107 हमारे संसदीय क्षेत्र से गुजरता है, उसके निर्माण की गति काफी धीमी है। इसके निर्माण कार्य को पूरा करने की समय-सीमा बार-बार बढ़ाई जा रही है और अब यह काम मार्च, 2023 तक पूरा करना है। वर्ष 2022 मार्च तक मघेपुरा, सहरसा जिला मुख्यालय का काम अवश्य ही कराना चाहिए। इस इलाके में एक पथ महत्वपूर्ण है, जो एनएच-107 से सोनवर्षा राज एनएच-327ई लिटयाही 98 किलोमीटर पथ को सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करे। सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र सहरसा में बहुत पहले नेपाल की फ्रिक्वेंसी को रोकने के लिए आती थी, क्योंकि हम लोग बार्डर इलाके में हैं। इधर LPT दूरदर्शन था, नेपाल के जो कार्यक्रम होते थे, हम समाचार सुनते थे। उस समय नेपाली गाने या कार्यक्रम आते थे। सरकार ने उसकी आवश्यकता महसूस की और 20 किलोवॉट दूरदर्शन केंद्र की वहां स्थापना की, लेकिन जानकारी मिली है कि उसे शायद बंद किया जा रहा है। यह उस इलाके के लिए ठीक नहीं है। देश के लिए भी यह ठीक नहीं होगा। वहां 100 वॉट का जो एफएम रेडियो चलता है, उसे बढ़ा कर 10 किलोवॉट किया जाना चाहिए। सरकार से आग्रह है कि इस पर अवश्य ध्यान दीजिए और इस योजना को बंद नहीं होने दीजिए। मेरा संसदीय क्षेत्र मधेपुरा है।

People of Maharashtra had suffered a lot during the Tauktae Cyclone and Mahad floods and we were repeatedly requesting the central government to amend the criterion regarding the deployment of NDRF. But, the central government did not listen to us. The central government sanctioned a Rs.1000

---

* English translation of the Speech originally delivered in Marathi.

crore package for Gujarat state when it was struck by cyclone Tauktae. We are not objecting that, but, when there were greater losses in Maharashtra, we received nothing. Why this kind of step-motherly treatment was given to Maharashtra?

Hon'ble Prime Minister attended the last rituals of Lata Mangeshkar and I am really thankful to him. We have been continuously demanding for conferring the status of classical language to Marathi language and I would like to request the central government to fulfill at least this demand.

I am sorry to say that no concrete help was received in the event of Mahad Floods. We requested the central government in that regard and they promised to increase the limit of Mudra Loan up to 25 lakhs to help the traders in that area. You have been distributing crores of rupees, but you did not come forward to help those traders in Mahad region.

I personally met and requested our Hon'ble Home Minister for permanent positioning of one NDRF RRC team at Mahad but no positive response has been given in this connection.

You should know that Mahad is the place where Chhatrapati Shivaji Maharaj had established the capital of his kingdom. It is the same place where Dr Babasaheb Ambedkar had launched his movement against untouchability. We were quite hopeful about receiving some kind of relief and rehabilitation package but you disappointed us very badly. I have been diligently following up with Ministry of Sports and youth affairs for financial assistance to various institutes and sports facilities under Khelo India scheme but it is of no use. You

are being jealous to Maharashtra Government and you have been consistently trying to corner and ignore us. You have developed a feeling of hatred towards the Maha Vikas Aghadi Government.

You were making false claims regarding the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana but the reality is very harsh and not a single kilometer of road has been constructed in Maharashtra. This kind of treatment is being given to Maharashtra consistently and it is really very unfortunate.

An allocation of around Rs.15000 crore has been made for leather industry under MLFAC. We have provided prime location land for the project and I pursued it personally. But, I received no positive reply.

Madam, coastal tourism development has already been prioritized by the Ministry of Tourism through a budget allocation of 2400 crores. Maharashtra has got a coast of 720 kilometers. We keep on promising that we will convert Konkan into California. Through a coastal circuit project, Velaneshwar of Guhagar Karjat, Harihareshwar, Shivardhan, Divagar, Murud and other places should be developed for tourism.

My constituency is the place which belongs to many social reformers like Maharshi Dhondokeshav Karve, PV Kane, Dr Babasaheb Ambedkar and Vinoba Bhave. It was also a home to Sane Guruji. I have demanded for many times for construction of their memorials so that more number of tourists should visit this place.

Under Sagarmala Scheme, no work has been done in my Konkan area. At Bharadkol, Jivana, Aagardanda, Handa no jetties have been constructed even after state government's recommendation and financial support.

The Central Government has given a step-motherly treatment to our Maharashtra just because a Maha Vikas Aghadi Government has come to power. No provisions have been made for Maharashtra in last three central budget.

Lastly, I would like to request central government to get rid of the feeling of hatred and have a positive approach towards Maharashtra. Ours is the most progressive and pro development state. We are highly enthusiastic to contribute in nation building and overall development which ultimately help to realize the dream of developed India. I hope that justice will be done to Maharashtra in future.

Finally, I oppose this budget, Jai Hind, Jai Maharashtra.

*__श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम):__ मैं आम बजट पर अपने विचार रखता हूं।

इस वर्ष के बजट में भी हमेशा की तरह ही देश के विकास के लिए योजना तो बनाई गई है, किन्तु इन्हें प्रत्यक्ष में कैसे इम्प्लिमेंट करेंगे, यह एक सवाल है। महाराष्ट्र के हिस्से में भी कुछ विशेष नहीं मिला है। चाहे प्रधान मंत्री आवास योजना के बारे में हो या राज्यों को मिलने वाली वार्षिक निधि हो या अन्य।

वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में मुद्दा क्रमांक-6 में कहा है कि लाखों लोगों को आवास बनाकर दिए गए हैं। वास्तविक महाराष्ट्र में केन्द्र सरकार के विविध विभागों की कई रिक्त जमीनें हैं और कई जगहों पर झुग्गी झोपड़ियां बसी हैं। उनका पुनर्वास आज तक नहीं हो पा रहा है। इन झुग्गी झोपड़ियों का पुनर्वास करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इस बाबत केन्द्र सरकार ने एक्ट नंबर 96 ऑफ 1956 के तहत कानून में प्रावधान भी किया है। सन् 2016 में प्रधान मंत्री आवास योजना के मुद्दा क्रमांक-10.1 में भी इसका स्पष्ट उल्लेख है कि केन्द्र सरकार के विविध विभागों के भूखंडों पर बसी झुग्गी झोपड़ियों का पुनर्वास संबंधित मंत्रालयों को करना है, लेकिन इस पर आज तक अमल नहीं हो रहा है।

इसी प्रकार देश में आठ लाख नए मकान बनाने की घोषणा वित्त मंत्री जी ने की है, परंतु विगत वित्तीय बजट में राज्यों के लिए घोषित निधि का पूरी तरह आवंटन नहीं हुआ है। महाराष्ट्र के लिए नवम्बर, 2021 तक 67 हजार, 328 करोड़ रुपयों की निधि एलोकेट की गई थी, किन्तु प्रत्यक्ष में केवल 48 हजार 526 करोड़ रुपयों की निधि ही वितरित कर महाराष्ट्र पर अन्याय किया गया है।

कोरोना-काल में रिजर्व बैंक ने कोरोना संकट पर सहायता के लिए 99 हजार करोड़ रुपयों की अतिरिक्त निधि केन्द्र सरकार को दी है, परन्तु महाराष्ट्र के लिए इसमें से न्यूनतम राशि देकर

* Speech was laid on the Table.

अन्याय किया है। विगत छ: वित्तीय वर्षों में केन्द्र सरकार को रिजर्व बैंक की ओर से मिला धन इस प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| वर्ष 2015-16 में | रु 65,873 हजार करोड़ |
| वर्ष 2016-17 में | रु 30,659 हजार करोड़ |
| वर्ष 2017-18 में | रु 50 हजार करोड़ |
| वर्ष 2018-19 में | रु 1,75,987 हजार करोड़ |
| वर्ष 2019-20 में | रु 57,128 हजार करोड़ |
| वर्ष 2020-21 में | रु 99,122 हजार करोड़ |

इस निधि का क्या उपयोग हुआ, इसके बारे में केन्द्र सरकार को सदन में स्पष्टीकरण देना चाहिए।

बजट में कहा गया है कि अगले 5 वर्षों में 60 लाख नौकरियां निकाली जाएंगी और 30 लाख करोड़ रुपयों का उत्पादन किया जाएगा। मेरी सरकार से गुजारिश है कि इस बाबत विस्तृत खुलासा करें। माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में मुद्दा क्रमांक-11 में कहा है कि एयर इंडिया, एलआईसी व इतर कुछ सरकारी कंपनियों का निजीकरण किया जाएगा, परन्तु सरकारी विभागों का निजीकरण करते वक्त उन विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलने वाला वेतन, महंगाई भत्ता, इतर भत्ता और पदों की भर्ती करते समय सरकारी नियमानुसार आरक्षण का ख्याल रखा जाए और इस बाबत सरकार की ओर से निजी कंपनियों को आदेश पारित करना आवश्यक होगा।

बैंकों की तरह सभी डाक घरों में भी सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में भी वित्त मंत्री जी ने बजट में घोषणा की, परन्तु देखा जाए तो डाक विभाग में भारी संख्या में कर्मचारियों के पद रिक्त हैं, जिन्हें आज तक नहीं भरा गया है। जैसे महाराष्ट्र में 30,506 पदों में से केवल 19,068 कर्मचारी कार्यरत हैं और 11,438 पद रिक्त पड़े हैं। इसी प्रकार पूरे देश में डाक विभाग में लाखों की संख्या में कर्मचारियों के पद रिक्त पड़े हैं।

बजट में अपारंपरिक ऊर्जा पर भी अधिक फोकस किया गया है । यह उत्साहजनक है, परन्तु इसके लिए केन्द्र सरकार व राज्य सरकार के सभी विभागों के कार्यालयों पर सोलर पैनल लगाना भी अनिवार्य करना चाहिए, जिससे अधिक मात्रा में सोलर ऊर्जा का निर्माण होगा । मछुआरे तथा उनके व्यवसाय के लिए भी बजट में उत्साहजनक घोषणा की गई है, परन्तु देश में कई बंदरगार 100 से 200 वर्ष पुराने और जर्जर हो चुके हैं । कभी भी दुर्घटना हो सकती है । मेरी सरकार से विनती है कि ऐसे बंदरगाहों का निरीक्षण कर उनका दुरुस्तीकरण और आधुनिकीकरण किया जाए और जिस प्रकार आपात स्थिति में किसानों को केन्द्र सरकार से सहायता पहुंचाई जाती है, उसी प्रकार मछुआरों के लिए भी आपात सहायता पहुंचाना आवश्यक है । तभी सही मायने में मछुआरों को न्याय मिल सकता है ।

हिन्दुस्तान को सात हजार 517 किलोमीटर का काफी लंबा समुद्री किनारा मिला है । किनारों के आसपास कई मछुआरों की बस्तियां हैं । हर वर्ष आने वाले तूफानों में इन मछुआरों का काफी नुकसान होता है, लेकिन बजट में मछुआरों के लिए विशेष निधि की घोषणा नहीं है ।

देश की प्रगति में आईटी डिपार्टमेंट का भी बड़ा रोल रहता है । अमेरिका, लंदन सरीखे विकसित देशों में कई आईटी पार्क बनाए जा रहे हैं । इन आईटी पार्कों में 65 प्रतिशत भारत के युवा काम कर रहे हैं । भारत का विकास तेजी से हो, इसके लिए देश में भारी संख्या में हर बड़े शहरों में आईटी पार्क बनाया जाए, जिससे देश का तंत्रज्ञान भी देश में रहेगा और देश का विकास भी होगा ।

मरीजों को कई बीमारियों में सीटी स्कैन, एमआरआई कराना पड़ता है । सरकार ने देश में अस्पतालों की संख्या बढ़ाने की बाबत तो घोषणा की है, लेकिन इसके साथ ही हर तालूका में सीटी स्कैन, एमआरआई, डायलिसिस व एक्स-रे मशीन भी लगाई जाए तो मरीजों को काफी सुविधा होगी ।

बजट में वर्तमान वित्तीय वर्ष में 24 हजार किलोमीटर रोड के निर्माण की घोषणा भी वित्त मंत्री जी ने की है, लेकिन महाराष्ट्र के मुंबई, गोवा छ: लेन का काम सन् 2011 से चल रहा है, जो आज तक पूरा नहीं हो सका है। इस मार्ग पर विगत दस वर्षों से 20 हजार लोगों ने दुर्घटना में अपनी जान गंवाई है। ऐसे में नई रोड की घोषणा कभी-कभी हास्यास्पद लगती है।

रसोई का बजट बिगाड़ने वाले खाने के तेल का उत्पादन बढ़ाने की तो बजट में घोषणा की गई है, लेकिन खाने के तेल की बढ़ी कीमतें कम करने पर भी ध्यान देने की सख्त आवश्यकता है।

धन्यवाद।

[*] **श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर):** सर्वप्रथम बजट 2022- 23 पेश करने के लिए मै माननीय मंत्री महोदया जी का आभार व्यक्त करती हूं । साथ ही साथ आम जनता के विश्वास तथा उनकी अपेक्षाओं पर आम बजट खरा उतरे, इसकी आशा करती हूं|

भारत की आर्थिक विकास दर चालू वित्त वर्ष में 9.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो दुनिया की समस्त बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है । देश की अर्थव्यवस्था महामारी के प्रतिकूल प्रभावों से उभरकर जिस तरह से समग्र रूप से बड़ी तेजी के साथ रिकवर कर रही है, वह हमारे देश की दमदार मजबूती को दर्शाती है।

भारत 'आजादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है और इसके साथ ही हमारा देश अब 'अमृत काल' में प्रवेश कर गया है जो भारत @100 तक पहुंचने में 25 वर्षों की लंबी अवधि को दर्शाता है। प्राचीन काल में, आजादी से ही आदिवासी नायकों ने भारत की स्वतन्त्रता के संघर्ष में प्रमुख भूमिका निभाई है । इस श्रृंखला में बिरसा मुंडा एक बहुत ही प्रमुख नाम है और इस प्रकार, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने उनके जन्मदिन 15 नवंबर को जन जातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। इससे आदिवासियों में एक नया जोश और आत्मविश्वास भर गया है। यह पहली बार हआ कि ऐसे आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो अब तक स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक रहे हैं।

भारत नहीं पूरे विश्व में जिस प्रकार लोगों को अपने स्वजनों एवं प्रियजनों से बिछड़ने का दुःख सहना पड़ा और स्वास्थ्य संकट से उत्पन्न मुसीबतों का सामना करना पड़ा । इस विषम परिस्थिति में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'नेशनल डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम' के लिए एक ओपन प्लेटफार्म चालू किया जाएगा । इसमें चिकित्साकर्मी एवं स्वास्थ्य सुविधाओं, अद्वितीय स्वास्थ्य पहचान, कंसेंट फ्रेमवर्क और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को डिजिटल रूप से दर्ज किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि इस महामारी ने सभी आयु वर्ग के

---

[*] Speech was laid on the Table.

लोगों में मानसिक स्वास्थ्य की समस्या बढ़ा दी है। गुणवत्तापरक मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं देखभाल सेवाओं तक बेहतर पहुंच स्थापित करने के लिए एक 'नेशनल टेलीमेंटल हेल्थ प्रोग्राम' शुरू किया जाएगा।

जैसा कि हम जानते हैं "जल है तो कल है" की महत्ता को समझते हुए हमारी सरकार ने ना केवल एक नए जलशक्ति मंत्रालय का गठन किया है, बल्कि हर गांव, हर घर में पानी पहंचाने के लिए इस बजट में प्रतिबद्धता भी दिखाई है। 44,605 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली केन-बेतवा संपर्क परियोजना को कार्यान्वित किया जाएगा, जिसका उददेश्य किसानों की 9.08 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधाएं, 62 लाख लोगों को पेयजल आपूर्ति, 103 मेगावाट पनबिजली और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस परियोजना के लिए संशोधित बजट अनुमान 2021-22 में 4,300 करोड़ रुपये और वर्ष 2022-23 में 1,400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, पांच नदी संपर्को यथा दमनगंगा-पिनजाल, पार-तापी-नर्मदा, गोदावरी-कृष्णा, कृष्णा-पेन्नार और पेन्नार-कावेरी की मसौदा डीपीआर को अंतिम रूप दे दिया गया है और लाभार्थी राज्यों के बीच आम सहमति होने के साथ ही केन्द्र सरकार इसके कार्यान्वयन के लिए आवश्यक सहायता दे देगी।

जैसा कि हम सब जानते हैं भारत गांवों का देश है तथा इसकी आत्मा गांव में ही निवास करती है । अगर ग्रामीण परिवेश की बात की जाए महामारी के कारण स्कूलों को बंद कर देने से विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों और अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के बच्चों की लगभग 2 वर्षों की औपचारिक शिक्षा का नुकसान हआ है। इनमें से अधिकतर बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि इसे ध्यान में रखते हुए पूरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ शिक्षा सुलभ कराने हेतु एक मजबूत व्यवस्था बनाने के लिए 'पीएम ई-विद्या' के 'एक कक्षा-एक टीवी चैनल' कार्यक्रम का विस्तार 12 टीवी चैनलों से बढ़ाकर 200

टीवी चैनल तक कर दिया जाएगा और इससे सभी राज्य कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में पूरक शिक्षा प्रदान करने में सक्षम हो जाएंगे।

किसानों की आय को दोगुना करने के लिए हमारी सरकार कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए कटिबद्ध है। एमएसपी की व्यवस्था में मूलभूत परिवर्तन किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी प्रकार की उत्पादन लागत की 1.5 गुना कीमत मिल सके। खरीद का कार्य भी अब तेजी से जारी है, इसके परिणामस्वरूप किसानों को पर्याप्त भुगतान किए जाने के मामले में बढ़ोत्तरी हुई है। कृषि क्षेत्र के लिए देश भर में रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसके तहत प्रथम चरण में गंगा नदी के किनारे पांच किलोमीटर चौड़े कॉरिडोर में स्थित किसानों की भूमि पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। फसल आकलन, भूमि रिकॉर्डो के डिजिटलीकरण और कीटनाशकों एवं पोषक तत्वों के छिड़काव के लिए 'किसान ड्रोन' के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि तिलहन आयात पर निर्भरता कम करने के लिए एक तर्कसंगत एवं व्यापक योजना लागू की जाएगी, ताकि देश में तिलहन का उत्पादन बढ़ाया जा सके।

इस बजट में युवाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। स्टार्टअप के नए अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, यह हमारे देश के युवाओं के लिए रोजगार मांगने वाला से रोजगार प्रदान करने वाला बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। 'आत्मनिर्भर भारत' विजन को साकार करने के लिए 14 सेक्टरों में दिए जा रहे उत्पादकता आधारित प्रोत्साहन पर व्यापक अनुकूल प्रतिक्रिया हई है, जिनमें 60 लाख नए रोजगारों को सृजित करने के साथ-साथ अगले पांच वर्षों के दौरान 30 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त उत्पादन करने की क्षमता है। नई सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम नीति के कार्यान्वयन के मददे पर विस्तार से बताते हए वित्त मंत्री ने कहा कि एयर इंडिया के स्वामित्व के रणनीतिक हस्तांतरण का कार्य पूरा हो गया है। एनआईएनएल (नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड) के रणनीतिक साझेदार का चयन हो चुका है, एलआईसी का सार्वजनिक निर्गम जल्द ही आने की आशा है और अन्य संबंधित प्रस्ताव भी वर्ष 2022-23 के लिए प्रक्रियाधीन हैं।

वर्ष 2014 से ही सरकार देश के नागरिकों, विशेषकर गरीबों एवं हाशिए पर खड़े लोगों को सशक्त बनाने पर अपना ध्यान केन्द्रित करती रही है और इसके साथ ही लोगों को आवास, बिजली, रसोई गैस मुहैया कराने तथा जल तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। यही नहीं, सरकार ने वित्तीय समावेश एवं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण सुनिश्चित करने के लिए अनेक कार्यक्रम शुरू किए हैं और इसके साथ ही सरकार ने समस्त अवसरों का उपयोग करने में गरीबों की क्षमता बढ़ाने के लिए अपनी ठोस प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

देश की आशा और आकांक्षाओं की पूर्ति आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ गांवों तक स्वस्थ, सशक्त और समृद्ध भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला आत्मनिर्भर भारत बजट के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देती हैं।

**[*]SHRI B. B. PATIL (ZAHIRABAD):**

Tax his land, tax his wage

Tax his bed in which he lays

Tax his tractor, tax his mule

Teach him taxes is the rule....

People had high expectations from the budget especially during the COVID pandemic. But the budget disappointed the people. There is nothing in the budget for the general public. The budget has not addressed growing unemployment and inequality, nothing to reduce inflation. No Wealth Tax introduced to bridge the gap between the rich and the poor. Pandemic made life difficult for commoners but providing any relief has not been on the government's agenda. Contrary to expectations that the government will raise the income tax limit, the government did not provide any relief to the pandemic-hit middle class.

I would like to touch upon some basic things that if the government would have worked upon while preparing the budget the life of a common man would have gone in a much positive direction.

To start with, I would first talk about SC/ST. Union Budget presented to Parliament has disappointed the poor especially people from SC, ST and minorities.

---

[*] Speech was laid on the Table.

| would like to inform that Telangana state government allocated Rs. 33,611 crore in the State Budget for the SC and ST sub-plan. But on the contrary for around 40 crore population of SCs and STs development in the country, the Centre has proposed only Rs. 12,800 crore in 2022-23 Budget.

I want to know from the Government and Hon'ble Finance Minister with the proposed amount how does the government feel & think the welfare of the SC/ST community can be carried out?

Our CM KCR Garu on the other hand initiated a scheme for the welfare of the SC - Dalita Bandhu under which 11,900 poor SC families are being given Rs. 10 lakh each, which is helping them start their own businesses and stand on their own feet.

The Telangana government established special residential schools for imparting quality education for development of SC, ST children and also providing education of international standards to them and I am happy to report that more than 189 students from Telangana residential schools got admissions in MBBS and BDS seats and at the same time, approximately 170 SC, ST students got admission in IIT and JEE seats. The Centre should also work in order to increase the SC quota beyond the existing 15 per cent in view of changed dynamics undertake caste census as unless there are facts and figures, you will not be able to make proper plans for upliftment of any section.

Government betrayed farmers once again- Budget exposes empty promises of Govt. on MSP & Doubling farmers’ income. This budget is the govt's revenge on the struggling farmers and a call for the farmers to intensify the movement for MSP Guarantee Act. There was no mention of the target of doubling farmer's income (DFI) in either the budget speech by the Hon'ble Finance Minister on February 1, 2022 or in the budget documents. The omission is surprising as 2022 is the deadline for that target. Hon'ble Prime Minister Narendra Modi Ji had announced on February 28, 2016 that by the time India celebrates its 75th Independence Day in 2022, its farmers' income would have doubled. Last year, Union Agriculture Minister Narendra Singh Tomar Ji had said the budget of 2021-22 was aimed at achieving that target. “Rather the budget was characterized by silence; earlier there were beautiful dialogues about farmers. This was the 6th year of doubling of farmers' income. The previous five budgets had long poems about this target but now, when it was about accounting for those six years, there was silence,"Despite passage of over five years, no specific or structured programme has been initiated towards this direction,"

Contrary to the policies of doubling the income of farmers, all the input costs of agriculture were doubled in the past few years resulting in declined farmers’ revenue. "Hon'ble Finance Minister announced 2,37LCr as MSP on wheat & paddy directly credited to farmers’ accounts. But this was less than the MSP payments in 2020-21, which was R2.478LCr. The central government not only reduced allocation for minimum support price (MSP) but also cut down

the number of beneficiaries in the Budget. Whereas, under the leadership of our Hon`ble CM KCR Garu under Rythu Bandhu scheme which is Telangana's government direct benefit transfer scheme, the total funds disbursed has crossed Rs 50,000 crore. Under the scheme, almost 58.33 lakh farmers of Telangana state are provided Rs 10,000 per acre/per year, to support the farm investment. (For both the Rabi and the Kharif seasons.)

Rythu bandhu which is for the empowerment of the farmers was denied any help by the BJP government in the budget which clearly shows the intention of the Govt. towards the farmers of the country.

The Centre has been constantly ignoring the increasing fertilizer prices in the past six years while encouraging the states to take up campaigns to reduce the usage of Urea and DAP consumption. The prices of the two most consumed fertilizers 28:28:0 and Muriate of Potash have increased more than 50 per cent and 100 per cent respectively in the past three months. I would like to state that the Centre's policies are not only contributing to increasing the cost of cultivation to the farmers but also defaulting on the promise of doubling the farmers' income.

Apart from this, reforms proposed in the agriculture electricity distribution sector by fixing power consumption meters are causing a great deal of anxiety to the farmers of the country, Our CM KCR Garu is providing free power to the farmers for 24 hours for the last seven years and by the reforms proposed in the agriculture electricity distribution sector by fixing power consumption meters will go against the interest of farmers. Centre's paddy procurement

policy has been creating a problem not only for farmers but also for the entire agriculture sector and the Centre should come out with a uniform national food grain procurement policy for the entire nation" and also fix up guaranteed Minimum Support Price (MSP) for agriculture produce, certain policies of the Centre are adversely affecting the interest of the farming community in the country - Telangana in particular.

The budget remained completely silent on the grave unemployment crisis plaguing the country.The unemployment crisis has only increased in recent years, and the country has witnessed several protests of the youth demanding jobs in recent days. India has 200 million missing jobs today. Such a situation can be seen across the country, but no concrete plans have been announced by the Finance-Minister to combat this crisis. Above that the Centre's 773,000 crore allocation for the flagship rural jobs scheme, Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MGNREGA), in 2022-23 is 25% lower than the *98,000 crore revised estimate for the scheme in the current year, reverting to the same insufficient amount allocated in the last budget.

In fact, the MGNREGA did not find any mention during the Union Finance Minister's Budget speech & The cut comes at a time when the country is going through its worst ever employment crisis. This was the only programme that offered employment in a dangerous situation of jobless growth. The allocation does not even keep pace with the rate of inflation. This

will hit the rural economy quite badly. Low consumption demand in rural areas is continuing to drag down the economy,

Only a token assurance that 60 lakh jobs would be created in the coming years has been announced, combined with the information that 15 lakh jobs have been created in the last year which amounts to just about 0.29 per cent of total working population in the country. What & where is the plan of action to fill the 15 lakh job vacancies announced by the finance minister in her speech? Our Telangana state government assembly passed a unanimous resolution to integrate MGNREGA with agriculture activity so that the cost of labour was partially borne by the Centre along with farmers. But the government of India choose not to respond.

No mention of public health expenditure was made during the Budget, amid the third wave of COVID-19 infections. All over the world during the coronavirus pandemic health and infrastructure sectors are being developed; our Union government did not even think on those lines & it is unfortunate. With coronavirus in the backdrop, no efforts were put into developing the medical and health sector in the country. It is surprising that the Union government is not bothered about public health,

Talking about cryptocurrency, the government theory seems very clear. The government says

"Your Profit is my profit

But your loss is your loss”

Very smartly the government is trying to fool the citizens of its own country by putting a 30% tax on something which the government itself says will never become legal tender in India & people investing in private crypto must understand that it does not have the authorization of the government.

I want to know from the Govt. & Hon'ble Finance Minister when the cryptocurrency does not have the authorization of the government who gives the right to the government to put a 30% tax on it?

Hon'ble finance Minister in her speech has spoken & informed about allocation of 60,000cr. under Har Ghar Nal Se Jal scheme, I would like to inform the Hon'ble Minister that Our Hon'ble CM KCR's flagship project Mission Bhagiratha is a pioneer in providing piped water to every household &NITI Aayog had recommended *19,205Cr to Telangana 4 years ago, but unfortunately, the funds were not released it is kindly requested to you & the Union Government to at least release the recommended funds to Telangana by NITI Aayog this year.

Our Hon'ble PM says ‘Sabka Saath, Sabka Vikas’. I would like to mention here that in the last seven years the Central Government had sanctioned eight IIMs, over 100 Navodaya Schools, several medical colleges and many other educational institutions to other States but not a single institute was sanctioned to Telangana, now please tell me where is Sabka Saath & Sabka Vikas where does your mantra go when it comes to Telangana. I want to ask the Hon'ble Prime Minister and the Government is Telangana not a part of the country? Today, while replying in the Rajya Sabha Hon'ble PM spoke

about Turmeric production in Telangana and said people of Telangana will tell you about the production of Turmeric. I want to ask the Hon'ble Prime Minister what about the turmeric board that the govt. of Telangana has been asking from the centre from a long time why didn't you talk about that Telangana Government has been appealing for an industrial corridor on the Hyderabad-Bengaluru Highway but there is no response from the Centre. Our Hon'ble CM KCR Garu urged the Central Government to accord national status to Palammuru-Rangareddy Lift Irrigation Scheme and railway lines to Telangana but no reply & interestingly, Upper Bhadra project in the neighbouring Karnataka state was given national status. Telangana State sought over Rs. 50,000 crore special funds for various projects in the State. The Centre had released only Rs. 42,000 crore in the last eight years to Telangana. I would like to state that, for the same period, the Telangana State has disbursed Rs. 50,600 crore for farmers under Rythu Bandhu scheme. The Centre's releases to Telangana State are not a match even to one scheme of the State government. Telangana is one among the five to six States which are feeding the country. Its annual contribution by way of taxes to the Centre is around Rs. 50,000 crore to Rs. 60,000 crore. But, in return, Telangana State is getting just around Rs. 20,000 crore as Central devolutions.

With these few words I conclude and once again request the Hon'ble Finance Minister & central government to co-operate with the young and capable state of Telangana and look into the pending demands of our

Telangana state and release the pending and required funds for the welfare of the people of the state at the earliest.

[*] **DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR):** Hon. Chairperson Madam, Hon. Union Minister of Finance and Hon Members present in this august House. Vanakkam. I stand before you to place my views on Budget.

I actually wanted to speak more on this Budget. But after the yesterday's reply by our Hon. Prime Minister to the discussion on Motion of Thanks to the Hon President's Address, I think it would be apt to express my response with regard to the views expressed by him rather than speaking on Budget. In his reply, Hon. Prime Minister placed some accusations against the Opposition parties, particularly the Congress party. He directly asked what the Congress party was doing during the Corona pandemic? Hon. Prime Minister said that when the Government was struggling hard in tackling Corona virus, the Congress party workers were in Railway stations buying tickets for migrant workers so as to make them reach their native places. I want to say that since the Hon. Prime Minister was unaware and … [**]of what was taking place in this country at that point of time, he expressed such views in this august House. The party workers of Congress party went to Railway stations so as to sincerely ensure the movement of trains; and providing purchased tickets for migrant labourers who travelled during Corona. Because, this Government had failed to do that duty. As the Government had not taken care of migrant workers, the situation was so pathetic as the stranded people wanted to safely reach their native places even by walking thousands of miles. They walked for

[*] English translation of the speech originally delivered in Tamil.
[**] Not recorded.

miles together. What this Government had done to them? How much vigilant this Government was in making them safely reach their native places? This Government, I should say, was sleeping. I myself watched on TV that a person, who was walking on his way to his home, did not even have his food. While he saw a dead dog on road.

A dead dog was there on the road and this man, a migrant worker took that dog's meat and was eating that on the road. This was the pathetic condition of the migrant workers as the Government had left them in the lurch. Our party leaders Smt. Sonia Gandhi and Shri Rahul Gandhi had at least three rounds of Zoom meetings with us.

During these meetings, they had guided us on how we should help and protect the people and we worked as per their directions and able guidance. It was not the Government which saved the people during the Corona pandemic. It was the NGOs which protected and saved them. Traders and the politicians in different places rather saved the people. I should say that the Government failed in its duty. Hon Prime Minister while speaking also said that Congress party has forgotten to fulfil the dreams of Mahatma Gandhi. Can you speak about Mahatma Gandhi? What moral responsibility do you have, to speak about Gandhiji? Since he was born in Gujarat you cannot speak about him. …* portraying those who killed Gandhiji as heroes. …* trying to create memorials in praise of those who supported those who killed Mahatma Gandhi. I want to

* Not recorded.

say that at the time … * supporting those who killed Gandhiji and those who were supporting the killers of Gandhiji. The then Prime Minister of United Kingdom, Mr. Winston Churchill once said that, "We protected Gandhiji without even a dust affecting him in this Indian sub-continent, but you sinners, within five months of period after we left, had killed him". This was the recorded statement of Mr. Winston Churchill. I want to state that this Congress party follows the footsteps of Gandhi and his principles.

I am looking back on what you have done. What the Prime Minster did during Corona? He wanted the people to clap their hands. He wanted the people to make sounds with the vessels and to light the candles. Is this the way to save people? What was the situation in other countries? You take for instance, USA, Australia, Newzealand or any other country, corona was controlled to such an extent as people walked without masks in three to four months after the spread of this virus initially. But even today we are unable to move without masks in India. This is how you have controlled this corona. We are talking too much.

I don't deny. We created and administered vaccines with our sincere efforts. I accept. But this pace is not sufficient. The way lockdown was initially announced was unplanned and so pathetic. Even this Government was not even knowing how to go for a lockdown at times of pandemic. If 12 hours, or 24 hours or 48 hours were given before the announcement of initial lockdown,

---

* Not recorded.

people would have bought and stored the essential items including rice and vegetables required for their survival during that period. Since such a time interval was not provided I should say we face several losses during that period. It was a hasty decision. It was a big mistake on your part and the decisions you took were the reason for adversities. Take Tamil Nadu for instance, even today there is complete lockdown during weekends. Hon Chief Minister of Tamil Nadu is planning in an efficient manner. He executes things in a better way. He gives sufficient time before the lockdown. He even announces before a week's time about the weekend lockdown. Hon Chief Minister of Tamil Nadu wants the people of Tamil Nadu to be prepared for such a lockdown well in advance. I want to say that since the Union Government had not acted upon in a way it has to and which had led to a chaotic condition in the country.

Hon Prime Minister in his yesterday's speech said that they will create history here. He added that Congress will not come to power even after 100 years from now. I want to say that History cannot be made. History cannot be created. Nor it can be destroyed. Whatever is taking place is history. You are trying to rewrite this history. What has happened should be as it is. And whatever has to happen will happen. You are trying to change the history of this country in every way. It should not happen and will never happen. You are …* at the people and those who oppose you. Why are you doing this? More

---

* Not recorded.

than 750 farmers died while agitating for their rights. Have you expressed condolences to those departed souls in this august House. Any Minister or even the Prime Minister had not spoken about the death of farmers in this House. Who is at fault?

Yesterday when Hon. Prime Minister spoke in this House, talked about accountability. During demonetization 250 persons died at the gates of banks. Who is responsible for these deaths? As many as 750 famers died. Who is responsible? Have you shown concern towards them? Have you given any compensation to them? Have you spoken in their regard as they are also the people of this country. Perarignar Anna said and I quote, “My dear brother, take your pen; do not use the sword; but use knowledge that is power.” Don’t ever use your sword as it will only lead to bloodshed. Just use you knowledge and gain from it which can only lead to prosperity. I therefore urge in this august House that please be close to the people. Why the farm laws are to be repealed? Is it because of the Government’s concern towards the farmers? The Government said that the farmers were not able to understand the farm laws. You blamed the farmers for their ignorance. Is that so, only you understand everything and others cannot? Are you the wisest, powerful and noblest of all? You think that others are not even able to understand. That’s why the people of Punjab agitated against the farm laws to such an extent. What was you response to those agitations? Have you been taking action on humanitarian grounds? No. There was no humane approach but there was only arrogance. You took back the farm laws because of the fear that people

will teach you a lesson in the elections by throwing you out of power. Thank you for this opportunity.

**श्री जयंत सिन्हा (हज़ारीबाग):** सभापति महोदय, आपने मुझे इस ऐतिहासिक बजट पर बोलने के लिए समय दिया, मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने यह अवसर दिया है।

सभापति जी, अगर हमें इस बजट को समझना है तो हमें यह जानना होगा कि यह मोदी सरकार का 9वां बजट है, माननीय प्रधानमंत्री जी का 9वां बजट है और आदरणीय वित्त मंत्री जी का चौथा बजट है। अगर बजट को समझना है तो हमें यह श्रृंखला समझनी होगी और इस श्रृंखला में यह बजट एक और कड़ी है। इस श्रृंखला में इस बजट के द्वारा, अन्य बजटों के द्वारा निरन्तर जो हम लोगों का काम चलता रहता है, वह हम लोग एक प्रेरणा के द्वारा करते हैं, एक ऊर्जा के साथ करते हैं। जब हम इस प्रेरणा के स्रोत को देखते हैं तो मुझे हमारी अपनी, भारत की सर्वश्रेष्ठ गायिका, मां सरस्वती की लाडली सुश्री लता मंगेशकर जी के कुछ गीत याद आते हैं, जो हमारे मन में आते हैं। मैं थोड़ा सा बदलकर कहूंगा, लता जी का एक अमर गीत है, जो हम सभी लोगों के लब्जों पर हरदम रहता है :

"काम किया तो डरना क्या, काम किया कोई चोरी नहीं की,
सेवा में जीना, सेवा में मरना और हमें अब करना क्या,
काम किया तो डरना क्या ।"

हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हमें काम करना है और हम निरन्तर यह काम करते आए हैं। जनता से हमें इस काम का आशीर्वाद भी मिला है और मिलता रहा है। विपक्ष के हमारे साथी थोड़े निराश हैं। उनके भाषण होते हैं तो वे दो इंडिया का जिक्र करते हैं, दो इंडिया की बात होती है। मुझे लगता है कि हां, उनका भी एक इंडिया होगा, लेकिन हमारा एक भारत है। उनका अगर एक इंडिया है तो हमारा एक भारत है। उनका वह इंडिया, उनका वह साम्राज्य दिन-ब-दिन थोड़ा घटता चला जा रहा है, कहीं उत्तर प्रदेश में था, अब जो कुछ भी बचा है, वह थोड़ा-बहुत केरल में ही बचा है। वे उस दो इंडिया की बातें करते हैं, लेकिन जब हम अपने भारत को देखते हैं तो हम बड़ी आशा के साथ, विश्वास के साथ, ऊर्जा के साथ एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करते हैं। हम एक नए

भारत का निर्माण करते हैं, लेकिन जब हम उनकी बातें सुनते हैं, जब उनके भाषण सुनते हैं, उनका वक्तव्य सुनते हैं तो उनमें हमें न सिर दिखता है, न पैर । वहां फिर मुझे लता जी का एक गीत याद आता है, आपको भी जरूर याद होगा, वह भी एक अमर गीत है :

"अजीब दास्तां है ये, कहां शुरू कहां खत्म,

ये मंज़िलें हैं कौन सी उनकी, न वो समझ सके, न हम ।"

ये जो दो इंडिया की बातें होती हैं, न वे समझ सकते हैं, न हम समझ सकते हैं, क्योंकि जब हम अपने भारत को देखते हैं, एक ऊर्जावान भारत को देखते हैं, एक प्रतिभावान भारत को देखते हैं और एक आत्मनिर्भर भारत को देखते हैं।

अगर उनको याद करना हो कि जब पिछली बार विश्व में सकट आया था, उनका क्या दुर्भाग्य था और हमारी क्या परिस्थितियां थीं, मैं उनको याद दिलाना चाहता हूं कि वर्ष 2007-2008 में जब ग्लोबल फाइनेंशियल क्राइसिस आई थी, तब भारत की मैक्रो-इकोनोमिक स्टेबिल्टी किस प्रकार से चरमराई थी और हम लोगों को कितना संकट हुआ था।

If you look at all the relevant macroeconomic parameters during that period of 2007-2008 going up to 2012-2013, that was the time that our country was classified as one of the fragile five. We were in a mode of complete crisis then. During that global crisis, every single macroeconomic parameter - GDP growth rate plunged below four per cent, inflation was running in double digit, the rupee was volatile, fiscal deficit was through the roof, capital flows were reversing had come into a crisis.

सभापति जी, जब कोविड महामारी आई, पूरे विश्व में संकट आया। 100 वर्ष के बाद यह ऐसा एक संकट आया, ऐसी एक आपदा आई, जहां पूरा विश्व संकट में पड़ गया था, लेकिन इस तूफान में, वे लोग तो नाव को नहीं संभाल पाए थे, लेकिन माननीय वित्त मंत्री जी और माननीय

प्रधानमंत्री जी ने नाव को संभाला और हम लोग अगर हर मैक्रो-इकोनोमिक पैरामीटर को देखें तो आज जीडीपी 9.2 प्रतिशत पर आ गई है, आगे 8 प्रतिशत का अनुमान है। हम रुपये को देखें तो बिल्कुल स्टेबल है, स्थिर है । हम लोग इनफ्लेशन को देखें तो वह 5 प्रतिशत है । फिस्कल डेफिसिट को कम किया जा रहा है और अगर आप कैपिटल फ्लोज को देखें, स्टॉक मार्केट को देखें।

**19.00 hrs**

These are the forward-looking indicators that tell us कि आगे लोगों का देश पर विश्वास है या नहीं है। आप देखिएगा कैपिटल फ्लोज, जो विदेश से मुद्रा आ रही है, वह बहुत ही दुरुस्त है, बढ़ी तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि लोगों को विश्वास है, भविष्य है कि यह 'फ्रेजाइल फाइव' नहीं है, यह एक हेवन ऑफ स्टैबिलिटी है। आज विश्व का अगर कोई भी देश ग्रोथ की ओर बढ़ रहा है और बढ़े दुरुस्त तरीके से बढ़ रहा है तो वह भारत है, हमारा भारत है, उनका इण्डिया नहीं है। आपको याद होगा कि लता जी ने कहा कि 'हम तूफान से क्यों डरें', हमारे साहिल माननीय प्रधान मंत्री जी हैं, माननीय वित्त मंत्री हैं, हम तूफान से क्यों डरें।

These are the forward-looking indicators that tell us कि आगे लोगों का देश पर विश्वास है या नहीं है। आप देखिएगा कैपिटल फ्लोज, जो विदेश से मुद्रा आ रही है, वह बहुत ही दुरुस्त है, बढ़ी तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि लोगों को विश्वास है, भविष्य है कि यह 'फ्रेजाइल फाइव' नहीं है, यह एक हेवन ऑफ स्टैबिलिटी है। आज विश्व का अगर कोई भी देश ग्रोथ की ओर बढ़ रहा है और बढ़े दुरुस्त तरीके से बढ़ रहा है तो वह भारत है, हमारा भारत है, उनका इण्डिया नहीं है। आपको याद होगा कि लता जी ने कहा कि 'हम तूफान से क्यों डरें', हमारे साहिल माननीय प्रधान मंत्री जी हैं, माननीय वित्त मंत्री हैं, हम तूफान से क्यों डरें।

माननीय सभापति महोदया, विपक्ष से कई वक्ताओं ने फिस्कल फेडरलिज्म और कोऑपरेटिव फेडलिज्म का जिक्र किया। उन्होंने कहा है कि माननीय वित्त मंत्री जी को इस बजट के द्वारा जो साधन, संसाधन देने चाहिए, वे नहीं दिए हैं। यह बिल्कुल गलत बात है और इसको हम

सब लोगों को और देश को खारिज करनी चाहिए। इस बजट में एक बड़ा इनोवेटिव मेजर माननीय वित्त मंत्री जी ने दिया है। यह सब राज्यों और सब मुख्य मंत्रियों को एक प्रोत्साहन के रूप में नजर आएगा कि हम लोगों ने हर राज्य सरकार को एक लाख करोड़ रुपये की राशि आबंटन की है। यह पैसे आपको जीरो परसेंट इंटरेस्ट पर 50 साल के लिए मिल रहे हैं। अगर इस आपदा के समय किसी राज्य को लग रहा है कि उनके पास संसाधन नहीं है तो माननीय वित्त मंत्री जी ने बड़ी कुशलता से उन्हें संसाधन दिया है। उन्हें एक लाख करोड़ रुपये का संसाधन दिया और छूट भी दी है कि जो आपके राज्य का बजट है, जहां पहले एफआरबीएम के तहत तीन परसेंट की सीमा लगाई हुई थी, उसमें हम लोगों ने चार परसेंट की छूट दे दी है। इस समय कैपिटल एक्सपैंडिचर में, खासकर जिसका बहुत अच्छा इकोनॉमिक मल्टीप्लायर होता है, अगर आपको कैपिटल एक्सपैंडिचर में खर्च करना है तो यह छूट माननीय वित्त मंत्री जी ने दी कि राज्य सरकार को सब संसाधन मिलें। यह दुखद बात है और मुझे अपने राज्य झारखण्ड के बारे में बताना पड़ेगा और माननीय सदस्य श्री शशि थरूर जी कह रहे थे कि वहां अमृत काल नहीं, अंधकाल आया है। वह सही कह रहे हैं। शशि थरूर जी कह रहे हैं कि अंधकाल आया है, लेकिन उनकी सरकार में, कांग्रेस, जेएमएम की सरकार में झारखण्ड में अंधकाल आया है, क्योंकि आज हम बिजली के लिए तरस रहे हैं। हमें बिजली नहीं मिल रही है, हमें लॉ एण्ड ऑर्डर नहीं मिल रहा है और कोयले की चोरी चरम पर है। वहां अंधकाल है, तब उस समय उनके सब नेता अपना चेहरा चमका रहे हैं और हम लोग अंधेरे में डूबे हैं। कांग्रेस की सरकार में अंधकाल है, लेकिन हमारी सरकार जहां चल रही है, केन्द्र सरकार जहां चल रही है, वहां अमृत काल चल रहा है।

माननीय सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान केन्द्र की योजना पर आकर्षित करना चाहूंगा। झारखण्ड में राज्य सरकार तो फेल हो चुकी है, लेकिन केन्द्र सरकार की जो योजना है, जिसे हम लोग धरातल पर उतार रहे हैं, मैं उसके बारे में आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। हम सड़कों को देखें कि पीएमजीएसवाई में हम लोगों ने 36,500 किलोमीटर का काम किया है। इसमें रोज 100 किलोमीटर सड़क बन रही है।

यह काम धरातल पर उतारा जा रहा है। हम राष्ट्रीय मार्गों या नेशनल हाइवेज़ की बात करें तो क्या सड़कों का जाल हम लोगों ने पूरे देश में बिछाया है। इस बार भी माननीय वित्त मंत्री जी ने, क्योंकि इसका बहुत जबरदस्त मल्टीप्लायर इफेक्ट सिर्फ इस वर्ष नहीं, भविष्य में भी होता रहेगा। इसमें मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जो 65 हजार करोड़ रुपये हम लोगों ने एनएचएआई के लिए पिछले वर्ष आबंटन किए थे, इस वर्ष इस बजट में नेशनल हाइवेज़ के लिए 1 लाख 34 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि मोदी सरकार के द्वारा नेशनल हाइवेज़ के लिए यह क्या चमत्कार, क्या कल्याण हुआ है। बचपन में जब हम लोग रांची से हजारीबाग जाया करते थे तो हमें एक घाटी पार करके जाना पड़ता था। उस समय सड़कें ठीक नहीं थीं, जर्जर हालत में थीं। वहां लालू यादव जी का भी समय था। वह सड़क की बातें करते थे, लेकिन सड़कें कभी नहीं बनती थीं। हमें घाटी पार करते हुए चार-पांच घण्टे लग जाते थे, तब रांची से हजारीबाग पहुंचते थे। आज जो नेशनल हाइवेज बने हैं, उन पर हम लोग चार-पांच घण्टे नहीं, केवल एक घण्टे में रांची से हजारीबाग पहुंच जाते हैं। इस बार हम लोगों को जो और राशि मिली है, हजारीबाग से लेकर बरही और बरही से जीटी रोड तक, जहां हम लोगों को डेढ़-दो घण्टे लग जाते थे, वहां हम लोगों को नेशनल फॉरेस्ट के द्वारा जाना पड़ता था, अब उसी रास्ते पर एक घण्टे में नहीं, केवल तीस मिनट में पहुंच जाते हैं। इस हाइवे को बहुत बढ़िया और कुशल तरीके से बनाया गया है, नेशनल फॉरेस्ट में दो अंडर पास बने हैं, जहां पशु-पक्षी निकल सकते हैं और हम लोग बड़ी तेज गति से हजारीबाग से बरही पहुंच सकते हैं, जी. टी. रोड पर पहुंच सकते हैं।

मैं एक और बात कहना चाहता हूं। इस बजट में पैसा दिया गया है ताकि भारतमाला का निर्माण हो। वाराणसी से कोलकाता तक एक सुपर हाइवे बन रहा है, इसलिए पैसा दिया गया है। अब आप सोचिए कि भारत के इतिहास में हम कभी कल्पना कर सकते थे कि बनारस से लेकर कोलकाता, यहां अधीर जी बैठे हैं, उनको मालूम होगा कि कोलकाता से बनारस तक का सफर कितना लंबा है, अब हम इस नए सुपर हाइवे से वह सफर छः घंटे में कर पाएंगे। यह रास्ता चतरा

से जाने वाला है, हजारीबाग से जाएगा, रामगढ़ से जाएगा, बोकारो से जाएगा, वहां से पुरुलिया जाते हुए, आप हजारीबाग से कोलकाता तीन या चार घंटे में पहुंच जाएंगे। यह कल्याण नहीं है, चमत्कार नहीं है, तो और क्या है? काम किया तो डरना क्या? काम किया तो डरना क्या, क्योंकि काम हुआ है।

उसी प्रकार से हम रेलवेज की ओर देखें। यहां भी माननीय वित्त मंत्री जी ने घोषणा की है कि हम 400 वंदे भारत ट्रेन्स बनाएंगे, 100 कार्गो टर्मिनल्स बनेंगे और पीपल एंड गुड्स के लिए सिमलेस मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स होंगे और रेलवेज की ग्रीनिंग भी की जाएगी। मैं आपको यहां भी हजारीबाग के बारे में बताता हूं। मैंने बताया है कि घाटी से आप रांची से हजारीबाग आते हैं। हजारीबाग और रांची को जोड़ने के लिए हमें घाटी पार करके, चार सुरंग पार करके रेलवे लाइन बनानी है। जब वह लाइन बन जाएगी और अनुमान है कि जून तक वह रेलवे लाइन बन जाएगी।

घाटी से निकलते हुए, यह रेलवे लाइन बड़े पैमाने पर होगी। मैं विश्वास करता हूं कि वंदे भारत की एक ट्रेन भी राजधानी रांची से निकलेगी और हजारीबाग, कोडरमा होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। हम लोग इस बजट के द्वारा यह काम कर सकते हैं। यही चमत्कार है, यही धरातल पर उतर रहा है। हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं, हम एक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर रहे हैं और आप निराश हैं। आप निराश हैं, क्योंकि काम किया तो डरना क्या?…(व्यवधान) मैं आपको केवल हजारीबाग का उदाहरण दे रहा हूं, लेकिन काम पूरे भारत में हो रहा है, इसलिए डरना नहीं है। हमें डरना नहीं है, सेवा में जीना और सेवा में मरना और हम सबको करना क्या?

इस तरीके से हमें यह समझना है कि हम सिर्फ फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अगर हमें भविष्य के बारे में सोचना है, एक आत्मनिर्भर भारत बनाना है, तो डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर  बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप यहां जान लीजिए कि जन-धन के 44 करोड़ खाते खुले हैं। अब आधार से डिजिटल केवाईसी हो जाता है, हम लोग 5G स्पेक्ट्रम का ऑक्शन करने वाले हैं। यूएसओ फंड के पांच प्रतिशत से दूर-दराज गांवों में भारतनेट बना रहे हैं। यह भी एक चमत्कार हुआ है, एक अकल्पनीय बात हुई है, अभूतपूर्व बात हुई है कि दिसम्बर में यूपीआई के द्वारा आठ

लाख करोड़ ट्रांजैक्शंस हुए हैं। आज आप ठेलेवाले के पास चले जाइए, रेहड़ीवाले के पास चले जाइए, दुकानदार के पास चले जाइए, वहां लिखा हुआ है – यूपीआई। यह मेरा यूपीआई है, आप इसके माध्यम से पैसे पे कीजिए, क्योंकि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर भी बना है और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर भी बना है।

यहां पर एक और जरूरी बात है, जिस पर मैं आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं, अभी तक किसी वक्ता ने इस विषय पर नहीं बोला है, लेकिन यह हमारी आम जनता के लिए बहुत जरूरी है कि नेशनल हेल्थ अथॉरिटी में सिमलेस किस प्रकार से भुगतान होगा? इसके लिए भी इस बजट में जहां पहले 585 करोड़ रुपए दिए गए थे, माननीय वित्त मंत्री जी ने नेशनल हेल्थ इको सिस्टम के लिए, आप इस पर ध्यान दीजिए, जैसे हम ने यूपीआई का देखा है कि तीव्र गति से यूपीआई बढ़ा है, आठ लाख करोड़ ट्रांजैक्शंस हुए हैं, उसी प्रकार से अब आप देखिएगा कि जो सभी इलेक्ट्रॉनिक बिलिंग हेल्थ के लिए करने हैं, उसके लिए भी माननीय वित्त मंत्री जी ने 4,177 करोड़ रुपए दिए हैं। उसी तरीके का एक डिजिटल हाइवे, हेल्थ बिलिंग्स, हेल्थ क्लेम्स के लिए बनाने की कितनी दूरदर्शी सोच है। हम लोग आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर रहे हैं, क्योंकि काम किया तो डरना क्या, काम किया तो डरना क्या?

अगर हम एक नए आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर रहे हैं, तो इसमें स्टार्टअप इंडिया, हमारे युवाओं का भी बहुत अहम योगदान है, बहुत मत्वपूर्ण योगदान है। चाहे हम डिजिटल की बात करें या हम ग्रीन इको सिस्टम की बात करें।

माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में बताया कि वेंचर कैपिटल प्राइवेट इक्विटी के द्वारा, मैं पहले जिस कैपिटल फ्लो की बात कह रहा था कि कितने पैसे आ रहे हैं, तो साढ़े पाँच लाख करोड़ रुपए आ रहे हैं, जो 60 हजार स्टार्ट-अप्स का सृजन हुआ है, उनमें पाँच लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। यह सोचिए। आज के समय में पूरे विश्व में अगर हम स्टार्ट-अप्स के सिस्टम को देखें, तो एक यूएसए है, एक चाइना है और एक हमारा भारत है। आपका इंडिया नहीं है, हमारा भारत है। हमारा भारत इस तेजी से बढ़ रहा है और आगे इसमें और तेजी होगी। हम

लोग इसमें और जो भी कर पाएंगे, क्योंकि अब जो सही सेक्टर्स हैं, उनके लिए माननीय वित्त मंत्री जी ने एक एक्सपर्ट कमेटी की घोषणा की है। एक एक्सपर्ट कमेटी सेट-अप की जाएगी। स्टार्ट-अप्स के लिए जहाँ भी कोई फ्रिक्शन पॉइंट है, जहाँ भी कोई बॉटलनेक है, उसका समाधान होगा।

malnutrition rate now prevailing in our country. Is this the social progress going on in our country?

Madam Chairperson, our Constitution aims for a welfare State. There is a Food Security Act and the MGNREGA in our country. I urge upon the hon. Finance Minister to come up with a National Health Security Act also. I am making a positive suggestion to the hon. Finance Minister. Considering the prevailing COVID-19 pandemic and also considering the health infrastructure to be prioritised, I urge upon the Government to come up with a National Health Security Act which is the need of the hour. In the National Health Policy 2017, there is a clear observation that 2.5 per cent of the total country's GDP and 8 per cent of the total State GDP has to be earmarked for the Health Sector. But even now, the allocation for the Health Sector is very meagre. That has to be improved considering the pandemic situation.

The last point I would like to make is regarding the 5 Trillion-Dollar economy, which is the dream of the hon. Prime Minister. Madam, is it possible to achieve this dream by 2025? If we want to achieve 5 Trillion US Dollar economy by 2025, India needs to invest 1.4 Trillion US Dollars in infrastructure by 2024-25. … (*Interruptions*) I will conclude within two minutes.

Madam, you may kindly see that India invested a total of 1.1 Trillion US Dollars on infrastructure from the year 2008 to 2017. During this period, we had invested 1.1 Trillion US Dollars. If we want to achieve 5 Trillion US Dollar economy by 2025, then we have to invest 1.4 Trillion US Dollars in infrastructure.

I would like to present very interesting statistics regarding road construction. As regards road construction, number of kilometres per day is lower in 2021-22 when compared to 2020-21.

Unless implementation is done effectively, everything will lie in mere promises. So, all these announcements maybe turned into promises when we come to 2047 unless effective implementation is done.

Madam, I conclude by saying this. As per the Economic Survey 2021-22, there are three points which are clearly mentioned – continuing distress in the labour market; sharp rise in inequality; and financial crisis in MSME. At this juncture, we have to ensure that money reaches the poor. But unfortunately, that is missing in this Budget. Hence, I do oppose the proposals of the Budget.

Madam, last Friday, I had introduced a Private Member's Bill, that is, the NYAY Bill. It is the dream project which Shri Rahul Gandhi*ji* has announced. Through this, Rs. 6,000 per month, which amounts to Rs. 72,000 per year, has to be provided to the poor.

Madam, I would once again say that the poor is being ignored. Hence, I oppose the Budget. With these words, I conclude. Thank you very much.

[*]**श्रीमती रीती पाठक (सीधी):** सबसे पहले मैं सर्वं हिताय और अंत्योदय के ज्ञापन को साकार करने हेतु लाये गये आत्मनिर्भर भारत के बजट का स्वागत करती हूं, तथा देष के यषस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी का आभार व्यक्त करती हूं।

बजट भाषण के दौरान माननीया मंत्री जी ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत को बेहतरीन रिस्पोन्स मिला। महोदय मुझे इस बजट में यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि सबसे ज्यादा जोर आत्मनिर्भर भारत पर दिया गया है। राज्यों को पीएम गति शक्ति से संबंधित निवेष मदद के लिये 50 वर्ष में ब्याज मुक्त ऋण के रूप में एक लाख करोड़ रू0 दिये जाने की व्यवस्था की गई है। यात्रियों के लिये उच्च दक्षता वाली 400 वंदे भारत ट्रेने अगले तीन वर्षों में विकसित करने की व्यवस्था वन स्टेषन वन प्रोडक्ट के रूप में नये रेल उत्पाद 400 अगली पीढ़ी की वंदे भारत ट्रेने और 100 पीएम गति शक्ति कार्गो टर्मिनल प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गई है।

आत्मनिर्भर भारत के बजट में 3.8 करोड़ घरों को नल जल का पानी उपलब्ध कराने के लिये 60 हजार करोड़ लागत के राषि की व्यवस्था किया जाना सरकार का अत्यंत सराहनीय कदम है।

2022-23 में किफायती आवास योजना के लिये 80 लाख परिवारों की पहचान करना है। आत्म निर्भर भारत में इस बजट में 14 क्षेत्रों में पीएम आर्ट (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजनाओं ने जबरजस्त प्रतिक्रिया हासिल की है और 60 लाख रोजगार के अवसर पैदा किये है। एफएम ने और सौर माड्यूल के लिये भी पीएलआई में 11500 करोड़ रूपये के आवंटन की घोषणा की इस बजट में जनवरी 2022 में रिकार्ड 1.40 लाख करोड़ रूपये का सफल जीएसटी संग्रह अपने आप में ऐतिहासिक है।

रक्षा में पूंजीगत खरीद बजट का 68 प्रतिषत 2022-23 में घरेलू उद्योग के लिये निर्धारित किया जायेगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास उद्योग और स्टार्टअप के लिये खोला जायेगा।

[*] Speech was laid on the Table.

आत्मनिर्भर भारत के बजट में बच्चों के स्वास्थ्य सुधार हेतु 2 लाख आंगनवाड़ियों के उन्नयन की व्यवस्था की गई है। इस हेतु भी मैं माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीया वित्तमंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूं।

आत्मनिर्भर भारत के बजट 2022-23 में भुगतान में देरी को कम करने के लिये एक ऑनलाईन बिल प्रणाली प्रारंभ करने की योजना है इस प्रणाली का इस्तेमाल सभी केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा करने की व्यवस्था बनाई है।

आत्मनिर्भर भारत के बजट में मध्यप्रदेश की अति महत्वपूर्ण परियोजना केन-बेतवा लिंक पर 44.650 करोड़ रूपये की लागत से 9.05 लाख हेक्टेयर 65 लाख लोगों को पेयजल, पनबिजली और सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिये सिंचाई की जायेगी। जिसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। इस हेतु मै अपने संसदीय क्षेत्रवासियों की ओर से आपके माध्यम से माननीय प्रधान सेवक श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी व वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी का सहृदय आभार व्यक्त करती हूं।

आत्मनिर्भर भारत के इस बजट में 2022-23 में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को 25 हजार किमी विस्तारित करने की योजना अपने आप में एक ऐतिहासिक व अभिनंदनीय कदम है जिसके लिये मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व वित्तमंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमन जी और सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का धन्यवाद ज्ञापित करती हूं।

आत्मनिर्भर भारत के बजट में आपातकालीन क्रेडिट लाईन गारंटी योजना में 130 लाख एनएसएमई को महामारी के सबसे बुरे प्रभाव को कम करने में मदद की है। डिजिटल संपति के हस्तान्तरण से होने वाली आय पर 30 प्रतिशत कर लगेगा।

कर दाताओं को अद्यतन विवरणी दाखिल करने की अनुमति देने के लिये एक नया प्रावधान प्रासांगिक मूल्यांकन वर्ष के अंत में वर्ष के अंत से दो वर्ष के अंदर अद्यतन रिटर्न दाखिल किया जा सकता है। सरकार द्वारा ब्लॉक चैन और अन्य तकनीक का उपयोग करके डिजिटल रूपया पेश करने की भी योजना है।

आत्मनिर्भर भारत के इस बजट में रबी मौसम 2021-22 में गेहूं की खरीद और खरीफ मौसम 2021-22 में धान की अनुमानित खरीद से 163 लाख किसानों से 1208 लाख मीट्रिक टन गेहूं और धान का कवर मिलेगा, और 2.37 लाख करोड़ रूपये का एमएसपी मूल्य का सीधा भुगतान उनके खातों में होगा । यह सब आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के सकारात्मक सोच का परिणाम है। आत्मनिर्भर भारत के इस बजट में स्वास्थ शिक्षा दूर संचार कृषि व विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी अनेक सौगाते प्रदान की गई है। इस हेतु मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी का आभार व्यक्त करती हूं।

मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी व वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी को आत्मनिर्भर भारत के ऐतिहासिक बजट के सौगात प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी की कुछ महत्वपूर्ण मांगों को रखना चाहती हूं जो बिन्दुबार निम्नांकित है-

1. ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना के भाग एक रीवा से सिंगरौली तक के पर्याप्त बजट स्वीकृत किया जाय।

2. सीधी जिला मुख्यालय में केन्द्रीय विश्वविद्यालय का स्थापना किया जाय।

3. सिंगरौली जिला मुख्यालय में चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाय ।

4. कटनी-सिंगरौली रेलमार्ग दोहरीकरण को शीघ्र पूर्ण करने हेतु पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जाय ।

5. सिंगरौली जिला मुख्यालय में खनिज महाविद्यालय की स्थापना की जाय।

6. सीधी व सिंगरौली जिला मुख्यालय में एक-एक सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल की स्थापना की जाय।

7. सीधी व ब्यौहारी को औद्योगिक कारीडोर के रूप में विकसित कराया जाय।

8. सीधी व सिंगरौली जिला मुख्यालय में वाहनों स्वास्थ्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए एक-एक महिला अस्पताल की स्थापना की जाय।

9. बरगवां में राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.-39 रेलवे क्रांसिंग पर ओव्हर ब्रिज का निर्माण कराया जाय।

10. ब्यौहारी के सरसी में उद्योग स्थापित कराया जाय।

11. सीधी सिंगरौली व ब्यौहारी में सर्व सुविधायुक्त आयुष अस्पतालों की स्थापना की जाय।

12. सीधी सिंगरौली व ब्यौहारी में एक-एक हेल्थ वेलनेश सेन्टर की स्थापना की जाय।

13. सिंगरौली से निजामुद्दीन एक्सप्रेस (22167/68) को नियमित किया जाय।

14. सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस (22165/66) को नियमित किया जाय।

15. सिंगरौली से इंदौर के लिये एक नई ट्रेन संचालित की जाय।

16. भोपाल से वाराणासी (बाया सिंगरौली) के लिये एक नई ट्रेन की स्वीकृति प्रदान की जाय ।

17. कटनी-बरगवां हेतु नई फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जाय।

18. रीवा-रॉची सड़क (रा.रा.-39) को सिक्स लेन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाय ।

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद)**: सभापति महोदया, आपने मुझे बजट पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं इस बजट का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं, जिसको हमारी माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने पेश किया है। आम तौर पर जब बजट पेश होता है तो पक्ष के लोग इसकी प्रशंसा करते हैं कि बजट बहुत अच्छा है और विपक्ष के लोग इसकी आलोचना करते हैं कि यह बजट बेकार है, जीरो बजट है।

**<u>20.00 hrs</u>**

यह एक पंरपरा बन चुकी है, मैं थोड़ी अलग बात करना चाहता हूं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में हमारे लोकतंत्र का सबसे पवित्र ग्रंथ संविधान है और हमारे संविधान की जो अवधारणा है, उसके तहत हमारे नेता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उनकी सोच के आधार पर बनी है, सोच ही नहीं, बल्कि संकल्प के आधार पर बनी है, सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास। इस बजट में सबकी चिंता की गई है, हर क्षेत्र को उनकी चाहत और आवश्यकता के अनुसार पूरा करने का पूरा-पूरा प्रयास किया गया है। यह बात जरूर है कि इस बजट में गरीबों के विशेष कल्याण और विशेष सहायता की बात की गई है। यह या तो हमारे विपक्ष के भाइयों को समझ में नहीं आता या फिर इससे उनको आपत्ति भी हो सकती है।

**<u>20.01 hrs</u>** (Shri N.K. Premachandran *in the Chair*)

वर्ष 2014 में आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी ने जब देश के प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार शपथ ली थी तो हम सांसदों से यही कहा था, यह सरकार गरीबों की सरकार है और गरीबों के लिए है, इस सरकार को गरीबों ने बनाया है, इसलिए हमारा पहला ध्यान, पहला फोकस उन गरीबों के ऊपर रहेगा, जिनके आर्शीवाद से हम यहां पहुंचे हैं। उसी सोच और संकल्प के तहत वर्ष 2014 के बाद से लोक सभा में बजट पेश होता आया है। इस बजट में जब हमारी माननीय वित्त मंत्री जी ने अगले 25 वर्षों में भारत की स्थिति दुनिया के सामने क्या होगी, हमारा भारत कैसा होगा, जब इस सोच को इस बजट के माध्यम से दर्शाया तो उसकी बड़ी कटु आलोचना हुई कि ये तो सपने दिखा

रहे हैं, 25 साल आगे की बात कर रहे हैं। इसके पीछे मंशा यही है कि अभी हम आजादी के 75वें वर्ष में चल रहे हैं, इसे अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। जब हमारी आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे, उस समय हमारा देश दुनिया के सामने कहां खड़ा होगा? भविष्य की योजना बनाना और बताना कोई गलत नहीं है, यह दुनिया की स्थापित और मान्य परंपरा है। लेकिन पता नहीं विपक्ष के लोगों को क्यों इससे आपत्ति है और क्यों इनको नागवार गुजरता है, यह बात मेरे समझ से परे हैं। ये आगे की बात नहीं करना चाहते, इनको आपत्ति है, अगर इनकी आलोचना है तो मैं इनको थोड़ा पीछे ले जाना चाहता हूं।

मुझे याद है, आजादी के बाद से 1977 तक इस देश के ऊपर एकछत्र कांग्रेस पार्टी का शासन रहा, उनकी लगातार सरकारें रहीं। मैंने वर्ष 1977 में इंटर पास किया था, उसी साल मेरे पिताजी जी विधान सभा का चुनाव जीते थे, वह एमएलए बने थे। मैं उस समय नौजवान था तो देखता था कि लोग उनके पास एप्लीकेशन लेकर आते थे कि मेरी बेटी की शादी है, आप इस पर रिकमंड कर दीजिए कि 20 किलो चीनी मिल जाए, किसी के घर शादी हो तो सरकारी दर पर चीनी लेना एक कठिन टास्क था और उसमें भी अधिकार होता था कि इस अधिकारी को 20 किलो, एसडीएम को 40 किलो और डीएम को 100 किलो यानी एक क्विंटल चीनी देने का अधिकार होता था। इसे मैंने देखा है, उस समय मैंने यह भी देखा है कि उनके पास लोग इस बात के लिए भी आवेदन लेकर आते थे कि मैं घर बना रहा हूं तो आप सीमेंट के लिए रिकमंड कर दीजिए। सीमेंट परमिट से लेना होता था, चीनी परमिट से लेनी होती थी, यहां तक कि वनस्पति घी भी परमिट से लेना होता था। यह मैंने देखा है और मुझे यह याद है।

महोदय, मुझे 12वीं लोकसभा में वर्ष 1998 में पहली बार जनता और मतदाताओं ने अपना आशीर्वाद देकर देश के सर्वोच्च सदन में भेजा। मेरी बारी आई, लोग मेरे पास आते थे और कहते थे कि बेटी की शादी है, एमपी साहब, एक गैस का कूपन दे दीजिए। मेरे लिए प्रतिष्ठा का विषय है, एक कूपन दे दीजिए। मुझे याद है, एक एमपी को तीन महीने में 40 कूपन मिलते थे। पहले 25 ही होते थे, बाद में बढ़ाकर 40 किए गए, यानी साल में 160 हो गए। हजारों लोगों की लाइन होती थी।

बहुत लोग इस बात को लेकर नाराज हो जाते थे कि एमपी साहब को अर्जी दी है, मैं उनका इतना करीबी हूं, इन्होंने किसी और को कूपन दे दिया, मुझे नहीं दिया। उस कूपन के पीछे क्या खेल होता था, मैं बताना नहीं चाहता हूं, लोगों को पता है।

महोदय, यही हाल लैंडलाइन फोन का होता था। एमपी की अनुशंसा पर लोगों के घरों में टेलीफोन लगते थे। एमपी के पास कुछ नंबर्स होते थे, मुझे ठीक से याद नहीं है, शायद 25 होते थे, एमपी रिकमेंड करते थे, चाहे मुम्बई में लगाना हो, दिल्ली, कोलकाता या चैन्नई में लगाना हो, हर सिटी का अलग रेट होता था। इसमें जो खेल होता था, मैं उसके बारे में भी बताना नहीं चाहता हूं। जैसे ही परम आदरणीय अटल जी के नेतृत्व में सरकार आई, मात्र दो साल में, वर्ष 1998 से लेकर 2001 के बीच गैस लेने वाला और कूपन मांगने वाला कोई नहीं रहा। जो चाहे गैस का कनैक्शन ले सकता था, टेलीफोन ले सकता था और अब तो लोगों के पास एक नहीं, दो फोन जेब में आ गए हैं।

महोदय, मैं बिहार से आता हूं, मेरा संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद है। इसमें दो जिले आते हैं। मुझे याद है, उस समय कुमारमंगलम साहब देश के ऊर्जा मंत्री थे। बिहार में भागलपुर जिले के कहलगांव में एनटीपीसी का थर्मल प्लांट है, उस समय भी था और अब भी चल रहा है, लेकिन तब ट्रांसमिशन लाइन नहीं थी। इसके अभाव में उस पावर प्लांट को जनरेशन कम करनी पड़ती थी, क्योंकि उसकी बिजली जहां पहुंच सकती थी, दो राज्य बिहार और बंगाल थे, इनके पास बिजली का बिल चुकाने का पैसा नहीं होता था। बिहार और बंगाल पर हजारों-करोड़ों रुपये एनटीपीसी का बकाया था।

आए दिन अखबारों में खबरें छपती थीं कि एनटीपीसी बिहार की बिजली बंद करेगा, बंगाल की बिजली बंद करेगा। वाजपेयी जी के शासन काल में बहुत कम समय के अंतराल में ऐसा हो गया और अब देश की स्थिति यह है कि बिजली कहीं बनती हो, चाहे दक्षिण में आपके इलाके में बनती हो, चाहे उत्तर में कहीं बिजली की आवश्यकता हो तो मिनटों में संचरण होता है, मिनटों में ट्रांसमिशन होता है। इस तरह से देश आगे बढ़ा और देश जगा। देश ने तब-तब तरक्की की, जब देश के अंदर नॉन-कांग्रेस गवर्नमेंट आई। जब तक कांग्रेस की सरकारें थीं, तब तक इस देश को

दबाकर रखा गया, सप्रैस करके रखा गया। लोग जागरुक न हों, लोग चीजों को जान न जाएं, लोग मांगने न लगें, तब लाइसेंस, क्योटा, परमिट का युग होता था। एक कांग्रेस के नेता के पीछे कई लोग होते थे कि हमें पेट्रोल पम्प चाहिए, गैस की एजेंसी चाहिए, यह चाहिए, वह चाहिए।

महोदय, मुझे याद है कि वाजपेयी जी ने एक झटके में इस सारे सिस्टम को बंद करके नया सिस्टम लागू किया। अब कोई चाहकर भी, यहां तक तक पेट्रोलियम मंत्री भी चाहें कि अपने किसी चहेते को गैस एजेंसी दे दें या पेट्रोल पम्प दे दें, तो नहीं दे सकते हैं। यह ट्रांसपरेंसी है, यह पारदर्शिता है। जिसका कोई सहारा नहीं है, उसका सहारा मोदी सरकार है। यह हमारी सरकार ने करके दिखाया है। यही इन लोगों की आपत्ति है। अभी हमारे जयंत जी कह रहे थे कि 'काम किया तो डरना क्या'। डरना इस बात से है कि मोदी सरकार काम कर रही है। इस देश के लोग, इस देश के मतदाता एहसान को मानने वाले हैं। कृतज्ञ मतदाता हैं। किसी के किए को भुलते नहीं हैं। मोदी सरकार इतना काम कर रही है। यहां के कृतज्ञ मतदाता तो उन्हीं को अपना आशीर्वाद और समर्थन देंगे, तो फिर मेरे लिए कहीं कोई जगह नहीं है। वैसे, हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कहा भी है कि कांग्रेस पार्टी ने खुद ही सोच लिया है कि 100 साल तक हमें शासन में नहीं आना है। हम लोगों ने भी अपनी तैयारी कर ली है।

महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मैंने वर्ष 1977 से लेकर बाद के वर्षों की बात की है कि उस समय क्या हालात थे। इस देश के अंदर गांव में पक्की सड़कों के लिए कोई योजना नहीं होती थी। या तो जेआरवाई का कुछ फंड कटता था, जिसे 20 परसेंट कहते थे या सुनिश्चित रोजगार नाम की एक योजना चलती थी, जिसे एसजीएसवाई कहते थे। उसके माध्यम से किसी तरह से कच्ची सड़कों की जगह मुरम आदि की सड़कें बनती थीं। लेकिन, ब्लैक टॉप रोड और बिटुमिनस रोड कहीं नहीं बनती थी। देश में ऐसी कोई योजना नहीं थी। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना नाम की लोकप्रिय योजना, मुझे खुशी है कि इस वर्ष हमारी सरकार ने उसमें 27 परसेंट अधिक बजट का एलोकेशन किया है। इस योजना को भी बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने ही शुरू किया। पहले जहां पक्की सड़कें, कालीकृत सड़कें और बिटुमिनस रोड दिखती नहीं थीं, उसी

तरह से आज कच्ची सड़कें नहीं दिखती हैं। आज हम अपने गांव में जिधर जाते हैं, वहां केवल बिटुमिनस रोड्स ही दिखती हैं। इस तरह से मैं कितने उदाहरण दूं। समय कम पड़ जाएगा।

आप घंटी बजाने लगेंगे, लेकिन मेरे एग्जाम्पल कि देश की तरक्की के लिए हमारी सरकार ने क्या किया है, उसकी जो लिस्ट है, वह पूरी नहीं होगी। महोदय, मैं आपसे 'प्रधान मंत्री आवास योजना' के बारे में कहना चाहता हूं। इसको हमारे बिहार में अभी भी कॉलोनी कहते हैं। कोई गरीब आकर कहता है कि हमें अभी तक कॉलोनी नहीं मिली। कॉलोनी इसलिए कहते थे, क्योंकि गांव के बाहर बिल्कुल निर्जन स्थान पर एक गुमटीनुमा 8/10 या 10/10 का एक कमरे का मकान होता था। एक कॉमन दीवार होती थी। एक तरफ पहला कमरा होता था, तो दूसरी तरफ दूसरा कमरा होता था। एक कतार में 10 से 50 मकान बनाए जाते थे। इसलिए, अभी तक इसको कॉलोनी कहते हैं। वह कॉलोनी आज खंडहर के रूप में भी कहीं नहीं दिख रही है। सरकार ने इस योजना को 10 हजार रुपये की राशि से शुरू किया था। इसका नाम इंदिरा आवास योजना रखा गया था। अभी हमारी सरकार ने किसी का नाम न देकर इसका नाम पीएमएवाई रखा है और इसमें परिवर्तन भी किया है। हमारी सरकार ने 80 लाख मकान बनाने की बात इस बजट में की है। यदि हम उस राशि को जोड़ें, जब 70 हजार रुपये मिलते थे और आज 1,65,000 रुपये के आस-पास मिलते हैं तो 80 लाख की जगह करीब दो करोड़ मकान बनते। अगर उस राशि को देखें तो मकानों की संख्या करीब दो करोड़ होती। लेकिन, अभी 80 लाख मकान बनाने की बात की गई है। अब वह कमरा एक गुमटीनुमा कमरा नहीं बनता है। हमारी सरकार गरीबों को रहने लायक पक्का मकान दे रही है। उस मकान में रसोईघर भी होता है। उस मकान में 'नल-जल' योजना के तहत पानी की व्यवस्था होती है। उस मकान में शौचालय भी होता है, उस मकान में गैस का कनेक्शन भी होता है और उस मकान में रोशनी भी होती है। गरीब के मकान में बत्ती भी हमारी सरकार ने जलायी है। पहले गरीब के पास बैंक का कोई खाता नहीं होता था। क्योंकि, उस समय की सरकारों की यह मानसिकता थी कि तुम गरीब हो, तुम इसी के लायक हो। तुम गुमटीनुमा कमरे में रहने के लायक हो। तुम्हें बैंक खाते की क्या जरूरत है? जब हमारी सरकार ने जीरो बैलेंस पर

जन-धन खाते की योजना शुरू की तो उसमें भी आलोचना की गई । तब हम लोगों का खूब क्रिटिसिज्म हुआ कि क्या जीरो बैलेंस का कोई खाता होता है, इनको पता ही नहीं था कि उसके पीछे क्या योजना थी ।…(व्यवधान) सर, अभी तो मैंने शुरू ही किया है । अभी तो मैं अपनी लय में आ रहा हूं । मुझे बोलने दीजिए, मैं रोज़-रोज़ नहीं बोलता हूं । मैं आपका संरक्षण चाहता हूं ।…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** So many members have to speak.

**श्री सुशील कुमार सिंह :** महोदय, जब हर तरह की सब्सिडी, हर तरह का बेनिफिट, हर तरह का लाभ गरीबों के खातों में डॉयरेक्ट जाने लगा, तब ऐसे लोगों को पता चला कि इसके पीछे मोदी जी की योजना क्या थी, उनकी सोच क्या थी । पहले तो यह होता था कि हम तो गरीब हैं, हमें बैंक में खाते की क्या जरूरत है, हमारे पास तो पैसा नहीं है ।

कांग्रेस पार्टी के एक बड़े नेता और देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री से खुद ही स्वीकार किया था, अगर हम दिल्ली से 100 रुपये भेजते हैं, तो गरीब के पास 14 या 15 रुपये पहुंचते हैं । यदि आज दिल्ली से 100 रुपये जाते हैं, तो उस गरीब के खाते में पूरे के पूरे 100 रुपये पहुंचते हैं । 'प्रधानमंत्री जन धन योजना' के पीछे क्या उद्देश्य था, यह इनको समझना पड़ेगा ।

महोदय, इनको बजट में कुछ नहीं दिखता है । कहा जाता है कि जैसा चश्मा लगाएंगे, वैसा दिखेगा । अगर देखना चाहेंगे, तो दिखेगा । अगर कमी ही निकालना चाहेंगे, तो कमी ही दिखेगी । अगर अच्छाई ही देखना चाहेंगे, तो अच्छाई दिखेगी । 48,000 करोड़ रुपये के बजट से 24,000 किलोमीटर के नेशनल हाइवेज़ का निर्माण होगा, इनको यह भी नहीं दिखता है । अभी जयंत जी कह रहे थे कि वाराणसी से कोलकाता तक 686 किलोमीटर का 8 लेन सुपर हाइवे बनाया जाएगा, तो इनको अच्छा नहीं लगेगा । इनको इसलिए अच्छा नहीं लगेगा, जब विकास का इतना काम हो रहा है, तो इस देश का कृतज्ञ मतदाता भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद देगा । 400 वंदे भारत ट्रेनें चलाई जाएंगी, इनको यह भी नहीं दिखता है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से अब अपने प्रदेश और अपने इलाके के संबंध में कुछ सुझाव या मांग इसलिए भी रखना चाहूंगा, क्योंकि आदमी उसी से आशा रखता है, उसी से उम्मीद करता है, जो उसको पूरा करता है। जिसने किसी के लिए कुछ किया है, तो वह मेरा भी करेगा। मैं इसी उम्मीद के साथ यह बात कहना चाहता हूं। इस वर्ष के बजट में हमारी माननीय वित्त मंत्री जी ने रेलवे को बजटरी सपोर्ट के रूप में 1,37,000 करोड़ रुपये दिए हैं। ये रेलवे को अब तक का सबसे अधिक बजटरी सपोर्ट है। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं। बिहटा से औरंगाबाद तक 122 किलोमीटर के लिए एक रेल लाइन का निर्माण होने वाला है। कई वर्षों पहले इसका अनाउंसमेंट हुआ, सर्वे भी हुआ और शिलान्यास भी हुआ।

मैडम, आपने इस वर्ष के बजट में 50 करोड़ रुपये का प्रोविजन किया है। मैं आपसे यह विनती और निवेदन करूंगा कि इसमें आप कम से कम इतनी राशि दे दीजिए, ताकि इसका काम शुरू हो जाए। लैंड इक्विजिशन के लिए जो पैसा लगेगा या रेल के निर्माण के लिए जो पैसा लगेगा, कम से कम आधा नहीं तो 25 प्रतिशत या जितना भी धन हो सके, आप इसमें उतने धन का प्रावधान कर दीजिए, ताकि बिहटा-औरंगाबाद रेल लाइन के निर्माण का काम शुरू हो जाए। वह काम दो वर्षों में होगा या फिर तीन वर्षों में होगा, हम लोगों को संतुष्टि होगी, विश्वास होगा, हमें आपके और मोदी जी के ऊपर भरोसा है। मोदी है, तो मुमकिन है। चार लोक सभा क्षेत्र हैं, मेरे साथ मेरे सहयोगी सांसदगण हैं, इन लोगों के क्षेत्रों में भी इस रेल लाइन का फायदा पहुंचेगा।…**(व्यवधान)**

**HON. CHAIRPERSON:** Sushil Kumar Ji, now please try to conclude.

**श्री सुशील कुमार सिंह** : सभापति जी, जैसा कि मैंने बताया है कि 48 हजार करोड़ रुपये सड़क मंत्रालय को मिले हैं और 48 हजार करोड़ रुपयों में से 24 हजार किलोमीटर नेशनल हाईवे का निर्माण होगा। मैं उसी क्रम में कहना चाहूंगा कि मेरे बिहार राज्य में, बिहार की राजधानी पटना से अरवल-औरंगाबाद होते हुए झारखण्ड को एक सड़क जाती है, जो कि एन.एच. 139 है। उस हाईवे पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक है। उस पर ट्रैफिक का लोड इतना है कि मैं उसे बयान नहीं कर सकता हूँ। यह सड़क बिहार को तीन और राज्यों से जोड़ती है, जो कि झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश है। झारखण्ड में इसके फॉर-लेनिंग का काम भी शुरू हुआ है और प्रोजेक्ट सैंक्शन भी हुआ है। मेरा आपसे निवेदन यह है कि इस नेशनल हाईवे - 139 को पटना से लेकर औरंगाबाद होते हुए हरिहरगंज एक जगह है, जहां झारखण्ड की सीमा लगती है, उसको फॉर-लेनिंग किया जाए।

**HON. CHAIRPERSON** : Last demand please.

**श्री सुशील कुमार सिंह**: सर, मेरी एक-दो ही डिमांड्स हैं, ज्यादा नहीं हैं। मेरा जो इलाका है, वह पूरा नक्सल प्रभावित इलाका है। यह नक्सल प्रभावित होने के चलते, एलडब्ल्यूई डिस्ट्रिक्ट होने के चलते एक एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट भी है। ये दोनों ही जिले हैं। औरंगाबाद भी है और गया भी है। यहां पर स्पेशल सेन्ट्रल असिस्टेंस (एस.सी.ए.) नाम से एक सेन्ट्रल फंड है। इससे लगभग 25 से 30 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष जिलों के विकास के लिए मिलते हैं। मुझे ऐसी सूचना है कि औरंगाबाद को इस वर्ष इससे निकाल दिया गया है, जबकि वहां पर आए दिन नक्सली घटनाएं हो रही हैं। अभी एक महीने के अंदर औरंगाबाद जिले के पूर्वी दक्षिण हिस्से में सुरक्षाबलों के साथ नक्सलियों की दो-दो मुठभेड़ हुई हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से अनुरोध करूंगा कि इसकी रिपोर्ट, चाहे गृह मंत्रालय से मांगनी पड़े, लेकिन इसका हल होना चाहिए।

**HON. CHAIRPERSON**: Shri Kalyan Banerjee Ji.

**श्री सुशील कुमार सिंह**: सर, अगर आप अनुमति दे दें तो मैं जरा कोविड पर बात करना चाहता हूँ।

**HON. CHAIRPERSON:** No, you have already taken 25 minutes.

**श्री सुशील कुमार सिंह:** सर, मुझे दो बातें कहनी हैं, उसके बाद मैं कनक्लूड कर रहा हूँ।

**HON. CHAIRPERSON**: No, please conclude.

**श्री सुशील कुमार सिंह:** सर, कोविड की जो महामारी आई, यह केवल हिन्दुस्तान में नहीं थी, यह पूरे विश्व में थी । इससे पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई, रोज़गार प्रभावित हुआ, सब कुछ प्रभावित हुआ । हिन्दुस्तान कोई डेवलप नेशन नहीं है । हम तो प्रगतिशील हैं । हमारे यहां पर साधन-संसाधन सीमित थे । हमारे यहां पर मेडिकल फैसिलिटी अमेरिका, जापान और कनाडा की तरह बहुत अच्छी नहीं थी, लेकिन फिर भी उस चैलेंज को एक दृढ़ इच्छाशक्ति के तहत और कम से कम समय में, हमारी सरकार अपनी जनता की सेहत और प्राणों की रक्षा के लिए जो मैक्सिमम कर सकती थी, वह किया, लेकिन उसके बावजूद भी पीएम केयर्स फंड के विषय पर आलोचना की गई है । मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि पूरा का पूरा ऑक्सीजन टैंकर, ऑक्सीजन से भरी गाड़ी एयरफोर्स की सहायता से देश के कोने-कोने में यहां से वहां घंटों में पहुँचाई गई, यह इन लोगों को नहीं दिखता है ।

**HON. CHAIRPERSON:** Last sentence please.

**SHRI SUSHIL KUMAR SINGH**: This is the last sentence. सभापति जी, सबसे शर्मनाक और खेदजनक बात तो यह है कि जब हिन्दुस्तान के हमारे वैज्ञानिकों के मनोबल को प्रधान मंत्री जी ने बढ़ाया, वे उनकी लैब में गए और उनको प्रोत्साहित किया, जब हमारे यहां वैक्सीन बनी और एक नहीं, बल्कि दो-दो वैक्सीन्स बनीं, जो कि किसी महामारी के 25 सालों के बाद आती थी, तब भी विपक्ष के लोगों ने देश के लोगों की जान और सेहत की कीमत पर एक औछी राजनीति की और कहा कि यह मोदी वैक्सीन है, हम नहीं लेंगे । इन्होंने देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया, लेकिन हमारी सरकार ने मुफ्त वैक्सीनेशन अभियान को सफलतापूर्वक संचालित किया ।

**HON. CHAIRPERSON**: Shri Kalyan Banerjee Ji.

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude.

**श्री सुशील कुमार सिंह**: सर, मैं एक बात से बहुत दुखी हुआ। मैं दुखी हुआ इस बात से कि विपक्ष के नेता, कांग्रेस पार्टी के सांसद जब प्रेसिडेंशियल एड्रेस पर होने वाली चर्चा में अपनी बात रख रहे थे, तब उन्होंने माननीय गृह मंत्री जी के ऊपर एक बिल्कुल गलत, बेबुनियाद आरोप लगाया और यह कहा कि उनके घर में मणिपुर का कोई डेलिगेशन मिलने गया था।...**(व्यवधान)**

सर, मैं बताना चाहता हूं कि यह बात वह आदमी कह रह है, जिनसे मिलने उन्हीं की पार्टी के एक बहुत सीनियर लीडर गए, जो उनसे पार्टी और इलेक्शन के विषय में बात करना चाहते थे।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** इसका बजट से कोई संबंध नहीं है। वह डिसकशन कम्प्लीट हो गया है।

**श्री सुशील कुमार सिंह**: सर, उतने सीनियर लीडर से बात नहीं करके, वह अपने कुत्तों के साथ खेल रहे थे। उन्होंने उस लीडर को कोई तवज्जो नहीं दी और आज वह आदमी कांग्रेस पार्टी से निकलकर उत्तर-पूर्व के एक बड़े राज्य का मुख्यमंत्री है। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** धन्यवाद।

श्री कल्याण बनर्जी जी ।

**SHRI KALYAN BANERJEE (SREERAMPUR):** Sir, this Budget does not show any ray of hope to combat unemployment and inflation. This is purely an anti-people Budget. Very rightly, our ex-Finance Minister and the present Principal Chief Adviser to the Chief Minister of West Bengal said: "It appeared to be a misplaced dream of one or two people running the country".

The allocation under rural job scheme, MGNREGA, has been reduced significantly at a time when India has 53 million unemployed people. The rural people and people in the informal sector have been hit hard owing to the COVID-19 pandemic. The Budget Estimate for expenditure on rural job schemes in the financial year 2022-2023 is Rs. 73,000 crore but it is significantly lower than the Revised Estimates of Rs. 98,000 crore in the financial year 2021-2022. As of 28 January, 2022, the average man-days of MGNREGA fell to 44.33 in 2021-2022 against 51.52 in 2020-2021, and the Centre has released Rs. 80,322.65 crore against a total expenditure of Rs. 90,222.95 crore. The unemployment rate in January-April, 2016 was 57 per cent, which in September-December, 2021 Quarter stood above 62.58 per cent.

The allocation under jobs and skill development scheme has been continuously declining since 2019-2020 despite rising unemployment in the country. The allocation under this scheme has significantly reduced to less than half from Rs. 5,608.5 crore in the financial year 2019-2020 to Rs. 2,688.2 crore in the financial year 2022-2023.

They always speak about the Swachh Bharat Mission. Budget allocation under the Swachh Bharat Mission during the last financial year was Rs. 9,994.10 crore, which has been reduced to Rs. 7,192 crore in this financial year. The Budget allocation under core of the core schemes, as per the Revised Estimate of 2021-2022, was Rs. 1,21,152.87 crore. This has reduced to Rs. 99,214.7 crore.

A total of 4.31 crore income-tax returns for the fiscal year 2020-21 have been filed as on December 25, 2021 in comparison to 5.59 crore income-tax returns filed for 2019-20. Out of the total 5.78 core individuals who filed their income-tax returns for the financial year 2018-19, only 1.46 crore individuals reported taxable income. This is just one per cent of the total Indian population. A further break-up would reveal that 3.16 lakh people reported an income of Rs.50 lakh. Our country is having 135 crore people. How efficient is the Income-Tax Department when it reports that only 3.16 lakh people earn an income of more than Rs. 50 lakh? This picture shows that the Income-Tax Department has failed to find out the taxable persons who have not paid taxes. The Department is only running after those who are paying taxes. Those who are defaulters, those who are evading taxes, no figure of income-tax evaders would be provided by the Income-Tax Department. I would request the hon. Finance Minister to disclose the number of income-tax evaders.

While the Budget talked about *naari shakti* by upgrading two lakh *Anganwadis* the allocation is frozen at the Revised Estimate stage of Rs.20,000 crore. *Anganwadi* workers are the helpers of the country who run

the centres, which do not have basic infrastructure like drinking water and toilets. They are talking about toilets by stating that toilets are there everywhere, and toilets have been constructed in every village. Nothing. How will the Government make better infrastructure for two lakh *Anganwadi* centres with no financial allocation?

The scheme of Women's Safety on Public Road Transport saw a decline from Rs.100 crore in 2021-22 to only Rs.20 crore. From Rs.100 crore to Rs.20 crore! But the Government is speaking about toilets for women in villages, talking about *Anganwadi* workers by stating that the Government is doing this and that; creating infrastructure, building toilets; and talking about *Naya Bharat.* This is the picture! See!

Sir, there is no major announcement in terms of social protection for the elderly and vulnerable population but tears are coming from the eyes of those who are speaking; and by stating that they are thinking about it. For both elderly and vulnerable population, nothing is provided.

For instance, the allocation under the National Social Assistance Scheme has marginally increased from Rs.9,200 crore in 2021-22 to only Rs.9,652 crore. How much is the increase – Rs.400 crore? The allocation under the *Umbrella Programme* for *Development* of *Other Vulnerable* Groups was reduced from Rs.2,140 crore to Rs.1,931 crore in 2022-23. In India, spending on social protection is 1.4 per cent of the GDP whereas the average lower middle-income countries are paying 2.5 per cent.

Sir, no separate cash benefit has been given to salaried and middle-classes by not announcing any relief measures for them though these classes have been mostly affected due to pay cuts and high inflation. In the Budget for the financial year 2021-22 also, no cash in the hands of the common man was provided and the income-tax slabs were also kept unchanged.

Although the Pandemic caused major social and economic disruption which led to poverty and loss of livelihood among masses but no short-term and long-term policy initiatives were taken to improve the livelihood of COVID-19 victims and for those who died of Covid.Tears are coming in every hon. Minister's eyes. They are the frontrunners. What benefit have you given to these people who have died of COVID?

Sir, agriculture is the primary source of livelihood for about 58 per cent of India's population. The hon. Prime Minister wanted to double farmers' income by 2022 as mentioned in the NITI Aayog policy paper by Ramesh Chand – 'Doubling Farmers' Income: Strategy and Prospects'. The budget for the financial year 2022-23 has failed to show any ray of hope for the farmers with regard to rise in their income. So many things are being said for COVID-19 like all the protective steps would be taken and all. So many hopes being given and so many big words are being said. Regarding health sector, the budget for the financial year 2022-23 was expected to spend more on health in order to combat the upcoming wave. However, the allocation to the health sector has increased by an extremely negligible amount from Rs. 86,000 crore in 2021-22

to Rs. 86,200 crore. It has increased by only Rs. 200 crore when we are facing COVID-19. This much is the allocation.

Sir, the budget estimate for Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana in 2021-22 was Rs. 6,400 crore. Everywhere, they speak about Jan Arogya Yojana, not only in the House, but outside also. The hon. Prime Minister speaks to the people also about Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana. The allocation for this Scheme was revised to just Rs. 3,199 crore and the actual spending in 2019-20 was Rs. 3,200 crore. … (व्यवधान) हम ने आपको कभी डिस्टर्ब नहीं किया, आप बैठिए।

There is a clear mismatch in the budget projections of India's GDP growth rate for 2022-23 as compared to the estimate given in the Economic Survey and by the RBI it. The projection for GDP growth rate as per budget for 2022-23 is 9.2 per cent, while the projection as per the Economic Survey is 8.8 per cent and as per the RBI is 7.9 per cent. In 2016, inflation was 4.5 per cent, GDP was 8.26 per cent; in 2017, inflation was 3.6 per cent, GDP was 6.8 per cent; in 2018, inflation was 3.43 per cent, GDP was 6.53 per cent; in 2019, inflation was 4.76 per cent, GDP was 4.04 per cent; and in 2020, inflation was 6.18 per cent, GDP was -7.25 per cent.

Sir, the Government subsidies on food, fertilizers and petroleum are estimated to decline by 39 per cent, to Rs. 4,33,180 crore in the current fiscal and will further decline by 27 per cent to nearly Rs. 3,17,866 crore. The allocation for procurement to FCI under decentralisation procurement scheme has been reduced by about 28 per cent.

**HON. CHAIRPERSON :** You are giving total statistics.

**SHRI KALYAN BANERJEE :** They are talking about free food and free everything, but everything is being reduced. At a time when farmers are fighting for legally guaranteed MSP, allocation of funds for fertiliser subsidy has been reduced by 25 per cent from Rs.1,40,122.32 crore to Rs.1,05,222.32 crore. The rating from ICRA Limited has estimated the extra requirement of subsidy at Rs.1,30,000 crore to Rs.1,40,000 crore.

No major announcements have been made in the Union Budget 2022-23 to reduce the burden of the State for implementing the schemes. I am giving just a few examples of the schemes. NFSA is implemented by the Government of India for providing subsidised food grains to poor families under Antyodaya Anna Yojana, and to individuals under Priority Households.

The scales of distribution of food grains are different in these two routes. Under AAY, 20 kg wheat, 15 kg rice, and one kg sugar per month per family is provided. Under the PHH, two kg rice and three kg wheat per head per month is distributed.

**HON. CHAIRPERSON** : Kalyan ji, please come to the point.

**SHRI KALYAN BANERJEE** : Sir, please give me four to five minutes. Since you are here, I have no difficulty. I am lucky that you are here. I will conclude. I will not take more time than three to four minutes.

The amount due to our State as on 15th November, 2021 was Rs.742.8 crore. Moreover, budget on food subsidy has been cut by 28 per cent for the financial year 2022-23.

Sir, they speak so much about Scheduled Tribes and Scheduled Castes. Under Article 271(i) of the Constitution, funds for the Tribal Research Institute and pre and post-matric scholarship grants are given to the States. Funds due to the Government of West Bengal on account of TRI are Rs.1.41 crore and the amount due as on 15th November, 2021 is Rs.31.59 crore.

The State Disaster Response Fund is meant for disasters and cyclones. In May, 2021, a super cyclonic storm had hit the State leading to huge damages across West Bengal. The State was already impacted by the slowdown in economic activity and low revenue collection because of COVID-19. The State is yet to receive SDRF from the Government of India on account of damages caused by cyclones. Amount due as on 15th November, 2021 is Rs.4,222 crore. Our hon. Chief Minister repeatedly requested the hon. Prime Minister to kindly release this fund. It has not been done.

Sir, 1970s witnessed a high inflation rate of nine per cent. In 1990s, liberalisation pushed down the fiscal deficit with inflation rate of 8.1 per cent. Today in 2022 with fiscal deficit at 9.4 per cent and inflation rate of 11 per cent, a secure awareness was expected which would have had a realistic, proper mathematics to solve the immediate issue of lives and livelihood with a human face than a virtual face, to infuse confidence in majority of the people of the country.

Sir, there are number of points. Since you are cutting down my time, I will abide by you.

**HON. CHAIRPERSON**: I have extended your time actually.

**SHRI KALYAN BANERJEE** : I will abide by it very humbly.

Sir, I am sorry that our party cannot support this Budget. This Budget is nothing. This Budget is an anti-people Budget. This Budget has shown certain imagination. This Budget will not help any single individual of this country except three people. Shall I take the names?

**HON. CHAIRPERSON**: No, please.

**SHRI KALYAN BANERJEE :** They are famous industrialists. This Government is there for three industrialists, nothing more than that. This Government is not for the poor people. This Government is not for the middle-class people. This Government is not for the Scheduled Castes. This Government is not for the Scheduled Tribes. This Government is only for the Adanis and the Ambanis.

**श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण) :** आदरणीय चेयरमैन सर, धन्यवाद । आदरणीय वित्त मंत्री महोदया, निर्मला जी ने यह बजट पेश किया है। हम इस वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मैंने सोचा कि अमृत महोत्सव है, तो मैं बजट के ऊपर ध्यान दे रहा था। मुझे लगा कि अमृत कुम्भ आएगा, अमृत कुम्भ में अमृत आएगा, लेकिन अमृत कुम्भ खाली रहा, न पानी रहा, न अमृत रहा। … (व्यवधान) नहीं, मैं ज़हर नहीं बोलूंगा। मैं इतना बुरा तो नहीं हूं। कभी-कभी अच्छों को भी बुरा साबित करना दुनिया की पुरानी आदत है । … (व्यवधान) मैं उनमें से हूं, इसलिए बुरा नहीं कहूंगा। … (व्यवधान) जो अच्छा है, उसको अच्छा कहूंगा। जो बात मुझे नहीं जंचती है, मैं उसके बारे में कहूंगा। … (व्यवधान)

आपने बजट में सब फ्यूचरिस्टिक सपने दिखाए गए हैं। वे सपने बहुत बड़े हैं। 100 सालों में क्या होगा, तब तक हम जियेंगे या नहीं, यह हमें नहीं मालूम है। हमें इस बारे में नहीं पता है। यह बात ठीक है, एक नींव डालने का विचार आया, यह अच्छी बात है। लेकिन आज समाज के हर घटक का व्यक्ति क्या सोचता है? वह सोचता है कि आज मैं कैसे जियूं? पिछले 10-15 वर्षों में पता नहीं कितनी प्रगति हुई? उससे पहले रेडियो, ट्रांजिस्टर थे, जिनके बाद टेप रिकॉर्डर, स्पूल और सीडी और कैसेट आ गई। इनके बाद टीवी आ गया, दूरदर्शन चैनल आया और फिर दुनिया भर की बातें हुईं। इसके बाद बिल गेट्स का कम्प्युटराइज़ेशन आ गया। हंसते-हंसते हमारे हाथ में मोबाइल आया और मोबाइल से हम स्मार्टफोन्स तक आ गए हैं। … (व्यवधान) मैं बाद में उसके ऊपर आऊंगा। इतने शॉर्ट पीरियड में ये सब चीज़ें आ गईं। कल पता नहीं क्या होगा। हम इतने दूर की बात सोच रहे हैं, जो कि बुरा नहीं है। लेकिन आप आज की बात भी तो सोचो कि मैं आज कैसे जियूंगा, यह लोगों के मन में शंका है। भ्रम पैदा करना अच्छी बात नहीं है। मुझे नहीं लगता कि इससे कोई अच्छी बात सामने आ रही है।

हमने गरीबों की बात की, उनको सक्षम बनाने की बात की, सशक्त बनाने की बात की। अभी हमारे मित्र बोल रहे थे कि हमने उनको पक्का घर देने का वादा किया। उनको घर, बिजली, पानी, रसोई गैस, सब कुछ देना है। … (व्यवधान) यह बहुत अच्छी बात है। आपने ऐसा किया भी

है, मैं न नहीं कहूंगा। ... (व्यवधान) वह बात छोड़ दो, मैं दूसरों की बात नहीं कर रहा हूं। दूसरों को बुरा कहकर हम अच्छे नहीं होते। मैं भारतीय जनता पार्टी के सभी लोगों से एक बात कहूंगा।

आदरणीय श्री अटल विहारी वाजपेयी जी का एक वाक्य है, जिसे आप अपने-अपने कमरों में लगाइए। 'छोटे मन से आदमी बड़ा नहीं होता है।' ... (व्यवधान) हमने पढ़ा ही नहीं, बल्कि हम उसी विचारधारा से चलते हैं। वे आज भी हमारे लिए आदरणीय है, इतना आप ध्यान में रखना। 60 लाख नई नौकरियों की भी बात की गई है। जब प्रधान मंत्री आवास योजना की बात आती है, तो मुझे अच्छा लगता है। आपने कहा कि 48 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आप 80 लाख घर बनाएंगे। अगर 48 हजार करोड़ का 80 लाख से डिविजन करेंगे, तो एक घर के लिए 60 हजार रुपये निकलकर आते हैं। 60 हजार रुपये में यह सब कैसे होगा, यह मुझे नहीं मालूम है।

आपने उसमें शहर की भी बात की है, मैं उसका स्वागत करता हूं। आपने गांवों के साथ ही शहर की भी बात की, लेकिन आप 60 हजार रुपये में शहर में घर बनाकर बताइए। कैसे बनेगा, हमें नहीं पता है, आप जरा समझाएंगे, तो अच्छा होगा। 60 लाख नई नौकरियों की बात आई, मैं ट्रेड यूनियन में आपके जैसा हूं, वहां बहुत दर्द है। मैं दो उदाहरण दूंगा। एक उदाहरण है, आपने अभी-अभी एयर इंडिया की बात की, एविएशन की बात की। एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री सबसे ज्यादा कोरोना काल में संक्रमित हुई। आप नौकरियां लाने की बात छोड़िए, कितनी नौकरियां गईं, कभी यह भी तो बताइए।

चेयरमैन सर, मैं आज भी ट्रेड यूनियन्स का थोड़ा काम करता हूं। मेरे पास रोज मालिकों की रिक्वेस्ट आती रहती है। भैया, एक काम करो न, तीस प्रतिशत तनख्वाह कम ले लो या लोगों को निकाल डालो। हमने क्या बनाया है? मैडम निर्मला जी, मैं आपसे प्रार्थना करता हूं। मेरी आपसे प्रार्थना है कि जो लेबर लॉज़ बनाए गए हैं, वे बहुत खराब हैं।

कैजुअल लेबर, कांट्रेक्चुअल लेबर, बाउंडेड लेबर और दो वर्ष के लिए काम, कोई भी पर्मानेंट नहीं होता है। मालिक किसी को पर्मानेंट नहीं करता है। लोगों की नौकरियां कोरोना काल में चली गईं। क्या आपने सोचा कि उनका क्या हो रहा है? कोरोना काल में जो लोग शहर छोड़ कर

गए, उनका क्या हुआ, इस बात पर मैं कुछ नहीं कहता हूं। कितनी नौकरियां गईं, करीब तीन करोड़ से  भी ज्यादा नौकरियां गईं। इन लेबर लॉज ने उनको रास्ते पर लाया। उनकी जिंदगी हराम कर दी। आप विश्वास नहीं करेंगे, दस वर्ष से लोग नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें नियुक्ति पत्र ही नहीं दिया गया। For ten years he has been going on duty. दस साल बाद उनसे पूछा गया कि आपका नियुक्ति पत्र कहां है, लेकिन वह नहीं है। उन्होंने कहा कि यह यूनियन करेगा। स्पाइस जेट कम्पनी की बात बताता हूं। 31 दिसम्बर, उनका बांड खत्म हुआ। उनका नए साल का गिफ्ट था और 463 लोगों को नौकरी से हटा दिया। क्या आपने स्पाइस जेट से पूछा कि उन्हें क्यों निकाला? आपने प्रावधान किया है  और बांड खत्म हुआ तो उन्हें निकाल दिया गया। क्या आपने स्पाइस जेट से पूछा कि उन्हें कैसे निकाला है? कानून है, आपने प्रावधान किया है, इसलिए उन्हें निकाला गया। हमारा संवैधानिक हक भी छीना जा रहा है। ऐसी स्थिति में हम कह रहे हैं कि साठ लाख कर्मचारियों को बात कर रहे हैं, लेकिन वह रोजगार कहां है? आप देखिए कि साठ वर्ष के बाद उनके साथ क्या होने वाला है? रिटायर होने के बाद उनके साथ क्या होने वाला है? ईपीएफ पेंशन केवल डेढ़ हजार रुपये है। वित्त मंत्री जी के बजट में कहीं भी बुजुर्गों का ध्यान नहीं है कि वह कैसे अपना जीवन व्यतीत करेगा। उन्हें स्वास्थ्य सेवा नहीं मिलती है, जब स्वास्थ्य की ज्यादा जरूरत होती है। आपने कुछ अच्छी बातें कही हैं और प्रधान मंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना बनाई है, लेकिन क्या आपने सोचा है कि डेढ़ हजार रुपये में वे कैसे अपना जीवन व्यतीत करेंगे। हमारी पब्लिक सैक्टर कम्पनी है, उसमें भी टाइम पीरियड के लिए केवल दो वर्ष के लिए नौकरी दी जाती है। क्या आप उन्हें पर्मानेंट नहीं करेंगे?

महोदय, जब आप सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की बात कहते हैं, जैसे मैंने एयर इंडिया की बात कही है। देर आए, दुरुस्त आए, सरकार ने टाटा को दे दिया, लेकिन क्या आपको पता है कि एयर इंडिया का मुम्बई का एयरपोर्ट अदानी ने लिया और कालोनी के लोगों को नोटिस दिया कि घर खाली करो। आप पक्के घरों का वायदा कर रहे हैं और आप वहां से लोगों को घर से निकाल रहे हैं।… (व्यवधान) आप प्राइवेट की क्या बात कर रहे हैं।

**माननीय सभापति**: अरविंद जी, आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

**श्री अरविंद सावंत:** उन्हें घर से निकालने की बात कही गई है। एलआईसी की बात आप कह रहे हैं। इंश्योरेंस रेग्यूलेटरी आथोरिटी का चेयरमैन पिछले नौ महीने से नहीं है। एलआईसी कम्पनी और न्यू इंडिया इंश्योरेंस की 'ए' रेटिंग थी। वे अब नेगेटिव में आ गई हैं। जो बिजनेस मैन हैं, उन्हें देने वाली जो रकम है, उन्हें अदा नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए उनका बिजनेस भी डाउन हो जाएगा, इसलिए सभी कार्पोरेशन्स एयर इंडिया के रास्ते पर जाएंगी।

**HON. CHAIRPERSON:** Now, it is the time to conclude.

**श्री अरविंद सावंत:** महोदय, अभी तो कुछ ही समय हुआ है।

**HON. CHAIRPERSON**: No, ten minutes are over. You are not sticking to the time. Please try to conclude.

**श्री अरविंद सावंत :** महोदय, आप बताएं कि अभी कौन बोलने वाला है? मैं प्रोटेस्ट करके बैठ जाऊंगा।

**HON. CHAIRPERSON**: From Shiv Sena there are other Members to speak.

**श्री अरविंद सावंत:** महोदय, मैं प्वाइंटेड बात कहूंगा।

**HON. CHAIRPERSON**: Other Members will not be getting the opportunity to speak.

**श्री अरविंद सावंत :** महोदय, 5जी की बात है। एमटीएनएल, बीएसएनएल की बात है।

वोडाफोन और आइडिया के कर्जे पर जो ब्याज आएगा, वह ब्याज अगर सरकार को देना है, तो उसे सरकार के शेयर्स समझ लेना। इसका मतलब है कि कल को शेयर होल्डर्स उसके मालिक बन जाएंगे। चलो ठीक है। बीएसएनएल अपनी कंपनी है, एमटीएनएल अपनी कंपनी है, लेकिन पिछले 7 वर्षों से रविशंकर प्रसाद जी कह रहे थे कि हम उसको स्ट्रैटेजिक कर रहे हैं। आज ये मर गई हैं। आप मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट पर जाएं तो देखिए कि क्या नेटवर्क मिलता है?

नेटवर्क क्यों नहीं मिलता? किसी ने कभी पूछा? आप उनको मदद क्यों नहीं देते हैं, आप उनकी मदद क्यों नहीं करते हैं?

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** सर, माननीय सदस्य एमटीएनएल के नेता रहे हैं। इनसे पूछिए कि एमटीएनएल कैसे मरा और इसको किसने मारा?

**श्री अरविंद सावंत:** इसको आपने ही मारा है। दूसरों के ऊपर इल्जाम लगाकर आप बच नहीं सकते। पिछले 7 वर्षों से आपकी सत्ता है। आपने इस हाउस में अश्योरेंस दिया था।

**माननीय सभापति:** अरविंद जी, प्लीज बैठिए।

**THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN):** He is a very respected Member of this House. He was a Minister earlier. I have high regards for him. But on the point of BSNL, I am sorry, I will have to stand up to say this -- सर, आप सच नहीं बोल रहे हैं। बीएसएनएल के हालात इतने खराब थे, फिर भी पिछली सरकार ने उसको 4जी खरीदने के लिए भी पैसे नहीं दिए। पैसे के अभाव में बीएसएनल को अपने स्टाफ की सैलरी देना भी मुश्किल था। मोदी जी के आने के बाद उसमें हर-एक कर्मचारी के इंट्रेस्ट के लिए, फिर चाहे उनका वॉलन्टरी रिटायरमेंट ही क्यों न हो, उनको पूरा पैसा देने का प्रावधान हमने किया। … (*Interruptions*) Please listen to me. … (*Interruptions*) You dispute it if you want. But I will tell the truth because I do not want that a very senior Member of this House and a former Minister to give details that are not correct. … (*Interruptions*) मैं इसीलिए आपका ध्यान दिलाना चाहती हूं।

**HON. CHAIRPERSON:** Yes, Madam. No problem, Madam. Arvind Ji, please sit down.

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN:** Arvind Ji, I am not saying that you are wrong but do not mislead the House. कृपया मिस्लीड न करें । Rs. 40,000 crore has been given. Now, we are giving money for buying 4G when 5जी का एरा आ गया, क्योंकि 4जी खरीदने के लिए पैसा नहीं दिया गया था । 2 जी एक्स्प्लॉइटेशन हुआ, जिसके कारण BSNL has lost out and in 2G, you did not get it. In 2G, you allowed all kinds of corruption. The BSNL was bled to death almost. We came and gave it money. I remember giving almost Rs. 90,000 crore or something in early 2019 for the employees. Now for the BSNL, we are giving money for 4G so that they can become on par with others and after which, of course, they can become competitive.

Therefore, I wanted to put the record straight for a very senior Member who should know about it. He cannot mislead this House particularly on this issue. It is a part of our strategic asset. The policy announced in the last year's Budget has kept it as a strategic asset. Let us please keep all these things in mind.

**श्री अरविंद सावंत:** सर, मैं दो मिनट में कनक्लूड कर रहा हूं ।

Thank you, Madam. But let me tell you frankly what is happening. 4G equipment was to be procured by a company and it was a Chinese company. As some disputes arose out of China, the Government said that it is Atmanirbhar; try to procure from India. Nobody manufactures in India. You can very well check it with the Minister. I have given latest information on that saying that they will not be able to procure from India.

Let them procure from somebody. It was the Government which was supposed to take a decision but did not take a decision. That is the reason why we did not get 4G. This is for your information and input also. Kindly check it.

**SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN**: When did 4G come? … (*Interruptions*)

**SHRI ABDUL KHALEQUE (BARPETA):** There is no quorum in the House.

**HON. CHAIRPERSON**: Please. I am here.

… (*Interruptions*)

